




# जागरूक टाइम्स

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित

www.jagruktimes.co.in

₹4

▶ वर्ष 21 ▶ अंक-233 ▶ मुंबई, शनिवार, 22 मार्च 2025 ▶ मुंबई ▶ पृष्ठ 12 ▶ मूल्य



किक-2 में होंगी जैकलिन? ...पेज 11
















# भाषा विवाद पर भड़के गृहमंत्री



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने त्रि-भाषा फार्मूले को लेकर जारी विवाद के बीच द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पर जोरादार हमला बोला। उन्होंने कहा कि अपने भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी भाषा को हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही है। राज्यसभा में गृह मंत्रालय के कामकाज पर हुई शुक्रवार को चर्चा का जवाब देते हुए उन्होंने ये बातें कहीं। शाह ने यह भी कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन इस मुद्दे को गांव-गांव लेकर जाएगा और डीएमके की पोल खेलेगा। उन्होंने, 'हिंदी की किसी भी भारतीय भाषा से स्पर्धा नहीं है। हिंदी सभी भारतीय भाषाओं की सखी है। हिंदी से ही सभी भारतीय भाषाएं मजबूत होती हैं और सभी भारतीय भाषाओं से ही हिंदी मजबूत होती है।' पिछले कुछ समय से केंद्र और तमिलनाडु के बीच भाषा को लेकर विवाद जारी है। तमिलनाडु ने केंद्र सरकार पर हिंदी थोपने का आरोप लगाया है। हालांकि, केंद्र ने इस आरोप से इनकार किया है।

### हिंदी और अंग्रेजी से अनुवाद के लिए ऐप

अमित शाह ने सभी भाषाओं का हिंदी और अंग्रेजी से अनुवाद के लिए ऐप बनाए जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि वह सभी राज्यों के मुख्यमंत्री, मंत्री और सांसदों को या वहां के किसी भी नागरिक से उसकी ही भाषा में ही पत्र व्यवहार करने वाले हैं।'

▶▶ अमित शाह के निशाने पर डीएमके

▶▶ भ्रष्टाचार छिपाने भाषा विवाद को बना रहे हथियार

### एक-एक भाषा भारत की संस्कृति का गहना

- केंद्रीय गृह मंत्री ने भारत की एक-एक भाषा को भारत की संस्कृति का गहना करार दिया। उन्होंने कहा, 'यह कैसे हो सकता है? हम भी तो वहीं से आते हैं? मैं भी गुजरात से आता हूं। निर्मला जी तमिलनाडु से आती हैं। हम कैसे विरोधी हो सकते हैं? क्या बात करते हो आप? हमने भाषाओं के लिए काम किया है। हमने मेडिकल और इंजीनियरिंग के शिक्षा को भारत की भाषाओं में किया है।'

### एनडीए ने नक्सलवाद पर कसी नकेल

- गृह मंत्री ने कहा, "दिसंबर 2023 में छत्तीसगढ़ में भाजपा सत्ता में आई, उसके बाद एक साल में ही 380 नक्सली मारे गए, जबकि कल मारे गए 30 नक्सलियों को इसमें नहीं जोड़ा गया है। 1194 गिरफ्तार किए गए और 1045 ने आत्मसमर्पण किया। सक्रिय नक्सलियों की संख्या में 2619 की कमी आई। इन ऑपरेशनों में 26 सुरक्षाकर्मी मारे गए। यह वही छत्तीसगढ़ है, वही पुलिस है, वही सीआरपीएफ है और वही भारत सरकार है।

# आज से आईपीएल का रंगारंग आगाज

▶▶ 13 शहरों में होंगे कुल 74 मुकाबले

▶▶ केकेआर-आरसीबी के बीच पहला मैच



**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन यानी आईपीएल 2025 का शनिवार, 22 मार्च से आगाज होगा। इस सीजन का पहला मैच डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) के बीच खेला जाएगा। आईपीएल 2025 की शुरुआत 22 मार्च से होगी, वहीं फाइनल मुकाबला 25 मई को खेला जाएगा। आईपीएल 2025 में कुल 74 मैच खेले जाएंगे। इसमें लीग स्टेज में 70 मैच होंगे। सभी 10 टीमें लीग स्टेज में 14-14 मैच खेलेंगी। आईपीएल 2025 के सभी मैच कुल 13 शहरों में खेले जाएंगे। आईपीएल 2025 के वेन्यू की बात करें तो आईपीएल के मैच लखनऊ, हैदराबाद, दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, अहमदाबाद, विशाखापट्टनम, गुवाहाटी, बेंगलुरु, न्यू चंडीगढ़, जयपुर, कोलकाता और धर्मशाला में होंगे।

### 'रोहित -कोहली' पर रहेगी सबकी नजर

रोहित शर्मा और विराट कोहली पर भी इस बार सबकी नजर रहेगी। पिछले साल भारत के टी20 विश्व कप में भारत के विजय अभियान का अंग रहे इन दोनों बल्लेबाजों ने इसके बाद सबसे छोटे प्रारूप के अंतरराष्ट्रीय स्तर से संन्यास ले लिया था। इसके बाद वह पहली बार टी20 क्रिकेट में खेलते हुए नजर आएंगे।

### मैच से पहले होगी ओपनिंग सेरेमनी

सीजन का पहला मैच एक शानदार उद्घाटन समारोह के साथ शुरू होगा। इस रंगारंग उद्घाटन समारोह में लोकप्रिय गायिका श्रेया घोषाल, करण औजला और अभिनेत्री दिशा पटानी चार चांद लगाएंगी। हालांकि ऑरेंज अलर्ट ने फैंस को थोड़ा मायूस कर दिया है।

### चार नियमों में दिखेगा बदलाव

- इस सीजन में अब सलाइवा पर प्रतिबंध हट गया है। ऐसे में गेंदबाज अथवा खिलाड़ी फिर से गेंद पर लार लगा सकते हैं।
- इस सीजन से दूसरी पारी में 11 ओवर के बाद दूसरी नई गेंद पेश की जाएगी। केवल रात के खेलों के लिए ओस के प्रभाव को कम करने के लिए ऐसा किया जाएगा।
- इस बार आईपीएल में धीमी ओवर-रेट के लिए कप्तानों पर प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा।
- डिसिजन रिव्यू सिस्टम (डीआरएस) का उपयोग अब हाइट वाइड की समीक्षा के लिए किया जा सकता है।

ऑनलाइन फ्रॉड 2024-25

# 10 माह में स्कैमर्स ने उड़ाए 4245 करोड़ !

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन स्कैम की घटनाएं तेजी से बढ़ती जा रही हैं, हर दिन कोई न कोई व्यक्ति अपनी कमाई गंवा बैठता है। वित्त मंत्रालय द्वारा राज्यसभा में पेश आंकड़ों के अनुसार, 2024-25 के शुरुआती 10 महीनों में डिजिटल फाइनेंशियल फ्रॉड की वजह से लोगों ने 4245 करोड़ रुपए गंवा दिए हैं। वित्त मंत्रालय ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक ने भुगतान संबंधी धोखाधड़ी के लिए फ्रॉड रिपोर्टिंग सिस्टम तैयार किया है।बैंक, नॉन-बैंक प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट इशूअर्स और नॉन-बैंक क्रेडिट कार्ड इशूअर्स इस सिस्टम के जरिए फ्रॉड की घटनाओं की रिपोर्ट कर सकते हैं। 2022-2023 में 20 लाख मामले सामने आए थे जिसमें लोगों ने 2537 करोड़ रुपए गंवा दिए थे। वहीं, 2023-2024 में फाइनेंशियल फ्रॉड के 28 लाख से ज्यादा केस सामने आए जिसमें स्कैमर्स ने लोगों के खातों से 4403 करोड़ रुपए उड़ा लिए।

▶▶ वित्त मंत्रालय ने राज्यसभा में पेश किए आंकड़े



### सरकार ने बचाए 4386 करोड़

"सरकार ने अब तक 1.3 मिलियन शिकायतों के आधार पर इस सिस्टम के माध्यम से लगभग 4386 करोड़ बचा लिए गए हैं। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने राज्यसभा को बताया कि डिजिटल वित्तीय धोखाधड़ी को रोकने के लिए सरकार, आरबीआई और नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) द्वारा कई पहल की गई हैं।

## बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर

- औरंगजेब के मकबरे को हटाने का मामला

**मुंबई।** देशभर में मुगल बादशाह औरंगजेब के मकबरे को हटाने का मुद्दा चर्चा में बना हुआ है। बॉम्बे हाईकोर्ट में औरंगजेब के मकबरे को हटाने के लिए जनहित याचिका भी दायर की गई है। केतन तिरोडकर नाम के शख्स ने बॉम्बे हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की है, जिसमें औरंगजेब की कब्र को ध्वस्त करने और पुरातत्व सर्वेक्षण भारत को औरंगजेब की कब्र को राष्ट्रीय स्मारकों की सूची से हटाने का निर्देश देने की मांग की गई है, क्योंकि यह पुरातत्व सर्वेक्षण भारत अधिनियम, 1958 की धारा 3 के साथ संगत नहीं है।

कर्नाटक विधानसभा में हंगामा

# भाजपा के 18 विधायक छह माह को निलंबित

▶▶ मुस्लिम आरक्षण और हनीट्रैप का मामला गरमाया

**बेंगलुरु।** मुस्लिमों को आरक्षण देने और हनीट्रैप के मुद्दे पर कर्नाटक विधानसभा में जमकर हंगामा हुआ। कार्यवाही में बाधा डालने के आरोप में स्पीकर ने भाजपा के 18 सदस्यों को छह महीने के लिए निलंबित कर दिया है। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष की सीट पर बैठे यूटी खादर आपको माफ कर सकते हैं, लेकिन अध्यक्ष ने कहा कि पीठ के प्रति अनादर दिखाने वालों को माफ नहीं किया जा सकता। मार्शलों उन्हें एक-एक करके



बाहर ले गए। डोड्डानगौड़ा पाटिल, डॉ. अश्वथ नारायण, बृति बसवराज, डॉ. शैलेन्द्र बेल्डले, मुनिरत्न, धीरज मुनिराजू, बीपी हरीश, डॉ. भरत शेट्टी, चंद्रू लमानी, उमानाथ कोटियन, सीके राममूर्ति। यशपाल सुवर्णा, बी. सुरेश गौड़ा, शरणु सालगर, चन्नबसप्पा, बसवराज, एस आर विश्वनाथ को स्पीकर यूटी खादर ने विधानसभा की कार्यवाही से छह महीने के लिए निलंबित करने का आदेश जारी किया है।

### हंगामे का कारण

कर्नाटक की राजनीति में हलचल मचाने वाले हनीट्रैप और मुस्लिम आरक्षण के मुद्दों के कारण शुक्रवार सुबह से विधानसभा की कार्यवाही में भारी हंगामा हुआ। सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने हनीट्रैप का मुद्दा उठाया और उच्चस्तरीय जांच की मांग पर जोर दिया। बाद में सीएम ने भी इस पर प्रतिक्रिया देते हुए अपनी नाराजगी जाहिर की।

मिशन के निदेशक ने दी जानकारी

## सुनीता-विल्मोर को नहीं मिलेगा 'ओवरटाइम'

- **न्यूयॉर्क।** सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को अंतरिक्ष में तय समय से ज्यादा वक्त बिताने के लिए कोई भी ओवरटाइम पेमेंट नहीं दिया जाएगा। अमेरिकी मीडिया की एक खबर के अनुसार, नासा के नियमों के अनुसार, सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को अप्रत्याशित रूप से लंबे अपने अंतरिक्ष प्रवास के लिए कोई ओवरटाइम नहीं मिलेगा। जबकि पहले कहा जा रहा था कि उन्हें इसका ओवरटाइम पेमेंट भी मिलेगा। दोनों एस्ट्रोनॉट्स अंतरिक्ष में 286 दिन बिताने के बाद मंगलवार को धरती पर लौटे हैं। उनके अंतरिक्ष यान में खराबी आने के बाद अनुमान से 278 दिन ज्यादा उन्होंने अंतरिक्ष में बिताए। उन्हें आकस्मिक खर्चों के लिए प्रतिदिन पांच अमेरिकी डॉलर मिलते हैं। अपने दूरस्थ गंतव्य और अंतरिक्ष यात्रा के जोखिमों के बावजूद, जब वेतन की बात आती है, तो अंतरिक्ष यात्रियों के साथ 'व्यवसायिक यात्रा पर जाने वाले किसी भी अन्य सरकारी कर्मचारी की तरह व्यवहार किया जाता है।'

भ्रष्टाचार पर सीएम योगी सख्त

# अब तक एक दर्जन आईएएस सस्पेंड



**लखनऊ।** योगी सरकार के आठ साल के कार्यकाल में भ्रष्टाचार के मामले में अब तक करीब एक दर्जन आईएएस अधिकारी निलंबित किए गए हैं। निलंबित आईएएस अधिकारियों में घनश्याम सिंह, देवी शरण उपाध्याय, टीके शीबू, सुनील वर्मा, देवेन्द्र पांडेय, अमर नाथ उपाध्याय, केदार सिंह, प्रेम प्रकाश सिंह, शारदा सिंह, जितेंद्र बहादुर सिंह, कुमार प्रशांत और अभिषेक प्रकाश हैं। साल 2024 में अलीगढ़ में 35 भूखंडों के पट्टे मनमाने तरीके के बहाल करने का मामला सामने आया था। इसमें 2012 बैच के आईएएस अधिकारी देवीशरण उपाध्याय का नाम भ्रष्टाचार को लेकर सामने आया, जिसके बाद उन्हें पद से निलंबित कर दिया गया। साल 2022 में सोनभद्र के डीएम टीके शीबू को सस्पेंड किया गया। पद का दुरुपयोग करने के मामले में औरैया के डीएम सुनील कुमार वर्मा को भी सस्पेंशन झेलना पड़ा। हालांकि इन दोनों अधिकारियों को भी अब बहाल कर दिया गया है। इस लिस्ट में उन्नाव में डीएम रहे देवेंद्र कुमार पांडेय का भी नाम है। उन पर शिक्षा विभाग में हुई खरीद में अनियमितता के आरोप लगे।

**आठ साल में भ्रष्ट अधिकारियों पर की जोरदार कार्रवाई**





BVardhan CONCRETE SOLUTIONS

Call : 84549 67981 - 89285 88344 Email : sales@bvardhan.com


न्यूज BRIEF

## तीन भारतीयों को मौत की सजा!

**जकार्ता।** इंडोनेशिया में मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में तीन भारतीय नागरिकों को मौत की सजा हो सकती है। इस मामले में फैसला 15 अप्रैल को आने की उम्मीद है। एक मीडिया रिपोर्ट में शुक्रवार को इस बारे में जानकारी दी गई है। आरोपियों पर सिंगापुर के झंडे वाले जहाज से 106 किलोग्राम 'क्रिस्टल मेथ' की तस्करी करने का आरोप है।

## नीतीश पर मुजफ्फरपुर कोर्ट में केस दर्ज

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर एसीजेएम पश्चिमी कोर्ट में मुकदमा दर्ज कराया गया है। यह मुकदमा राष्ट्रगान के अपमान करने के आरोप में भारतीय न्याय संहिता के धारा 298, 352 राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम धारा 2, 3 के तहत दर्ज कराया गया है। पटना के एक कार्यक्रम में राष्ट्रगान के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा अभिवादन करने का आरोप लगा था।

## घूसखोर अधिकारी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के सीनियर जीएम उदय कुमार को मुंबई की कंपनी केईसी इंटरनेशनल के एक अधिकारी से 2.5 लाख रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। यह रिश्वत केईसी इंटरनेशनल और पावर ग्रिड कॉरपोरेशन के साथ किए गए करार और उससे जुड़े बिल को पारित कराने के एवज में दी जा रही थी।

# जस्टिस के घर मिला 15 करोड़ कैश !

जज यशवंत वर्मा के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के यहां स्थित आधिकारिक आवास से कथित रूप से करीब 15 करोड़ रुपए नकद बरामद होने की का दावा किया गया है। घटना के बाद प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की अगुवाई वाले पांच सदस्यीय कॉलेजियम ने कथित घटना के बाद तत्काल एक बैठक की और न्यायमूर्ति वर्मा को दिल्ली उच्च न्यायालय से स्थानांतरित करने की प्रक्रिया शुरू करने का फैसला किया।



न्यायमूर्ति वर्मा का प्रस्तावित स्थानांतरण केंद्र द्वारा कॉलेजियम की सिफारिश को स्वीकार करने के बाद प्रभावी हो सकता है। इस सिफारिश को आधिकारिक रूप से आगे भेजा जाना अभी बाकी है। यदि आवश्यक हुआ, तो कॉलेजियम आगे की कार्रवाई भी कर सकता है।

### घर में लगी आग तो पैसे का चला पता

- इस मामले का खुलासा तब हुआ जब जस्टिस यशवंत वर्मा के बंगले में आग लग गई और फायरब्रिगेड उनके घर पहुंचा। जस्टिस वर्मा घर पर नहीं थे और उनके परिवारवालों ने आग बुझाने के लिए फायरब्रिगेड को बुलाया। इस दौरान दमकल कर्मियों की नजर बंगले के अंदर नोटों के ढेर पर पड़ी, जिसके बाद खबर बड़े अधिकारियों तक पहुंची और फिर मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया।

### सुप्रीम कोर्ट ने बैठा दी जांच

दिल्ली हाई कोर्ट के जज यशवंत वर्मा के घर पर लगी आग के दौरान मिली बड़ी रकम के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा ऐक्शन लिया है। कोर्ट ने जज के खिलाफ इन हाउस जांच शुरू कर दी है, जिससे उनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं। हाल ही में जज के दिल्ली स्थित आवास पर आग लग गई थी, जिसके बाद अधिकारियों को कथित तौर पर उनके घर में बेहिसाब नकदी मिली थी।

### फायर विभाग ने किया खंडन कहा- नहीं मिला कोई पैसा

- इस मामले में नया ट्विस्ट आ गया है। दिल्ली अग्निशमन विभाग के प्रमुख अतुल गर्ग ने मामले में सफाई देते हुए कहा है कि "आग बुझाने के तुरंत बाद हमने पुलिस को आग की घटना की सूचना दी। इसके बाद अग्निशमन विभाग के कर्मियों का दल मौके से रवाना हो गया। हमारे अग्निशमन कर्मियों को अग्निशमन अभियान के दौरान कोई नकदी नहीं मिली।"

आईआरसीटीसी : 'भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन'

# घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने विशेष पैकेज शुरू

**हरिद्वार, ऋषिकेश, अमृतसर, वैष्णोदेवी, कटरा, मथुरा, वृन्दावन और आगरा की सैर**




**मुंबई।** आईआरसीटीसीभारत सरकार की "एक भारत श्रेष्ठ भारत" और "देखो अपना देश" पहल के अनुरूप और देश में घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यह विशेष पर्यटक ट्रेन पैकेज शुरू कर रहा है। टूर पैकेज भारतीय रेलवे द्वारा भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन पर संचालित प्रमुख आध्यात्मिक टूर पैकेजों में से एक है। 09 रातों और 10 दिनों की धार्मिक यात्रा, जो लगभग 5000 किलोमीटर की दूरी तय करती है, पर्यटकों को जीवन में एक बार की यात्रा पर ले जाएगी, जिसमें जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण धार्मिक और ऐतिहासिक स्थान शामिल हैं।
आईआरसीटीसी अपनी विशेष और आधुनिकतम मिश्रित एसी/नॉन एसी टूरिस्ट ट्रेन में ऐतिहासिक और धार्मिक यात्रा का लाभ उठाने के लिए आपका स्वागत करता है। खूबसूरत एलएचबी ट्रेन में कोच में आधुनिक रसोई सहित कई अद्भुत विशेषताएं हैं। ट्रेन में प्रत्येक कोच के लिए सीसीटीवी कैमरे और सुरक्षा गार्ड की उन्नत सुरक्षा विशेषताएं हैं। बहुप्रतीक्षित ट्रेन टूर "उत्तर भारत देवभूमि गुरु कृपा के साथ" सोमवार 17 अप्रेल (गुरुवार) को पुणे रेलवे स्टेशन से 09 रातों/10 दिनों की यात्रा कार्यक्रम के साथ रवाना होने के लिए तैयार है। भारतीय रेलवे ने भारत सरकार के "देखो अपना देश" और "एक भारत श्रेष्ठ भारत" के दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन चलाने की पहल की है।

**आईआरसीटीसी की विशेष यात्रा पेशकश**

- हरिद्वार, ऋषिकेश, अमृतसर, वैष्णोदेवी, कटरा, मथुरा, वृन्दावन और आगरा को कवर करेगा और वापस पुणे को कवर करेगा।

**गंतव्य और यात्रा कवर:**

- हरिद्वार: ह्रषिकेश, हर की पौड़ी, गंगा आरती
- अमृतसर: स्वर्ण मंदिर, बाघा बॉर्डर
- कटरा : माता वैष्णोदेवी दर्शन
- मथुरा: कृष्ण जन्मभूमि,वृंदावन
- आगरा: ताज महल.

इकोनॉमी स्लीपर, कम्फर्ट 3एसी और कम्फर्ट 2एसी क्लास वाली पर्यटक ट्रेन में कुल 750 पर्यटक बैठ सकेंगे। पर्यटक इस पर्यटक ट्रेन में पुणे–लोनवाला–कर्जत–कल्याण–वसई रोड–वापी–भेस्थान (सूरत)–वडोदरा रेलवे स्टेशन पर भी चढ़/उतर सकते हैं।

**पैकेजों की कीमत**

- इकोनॉमी क्लास (एसएल): 18230/–
- कम्फर्ट क्लास (3एसी): 33880/–
- कम्फर्ट क्लास (2एसी): 41530/–

**टूर पैकेज में आरामदायक ट्रेन यात्रा**

- इस टूर पैकेज में एसी/नॉन एसी क्लास में आरामदायक ट्रेन यात्रा, डबल/ट्रिपल/क्वाड शेयर पर एसी/नॉन एसी बजट होटलों में रात्रि विश्राम, सभी भोजन (जहाज पर और जहाज से बाहर): सुबह की चाय, नाश्ता, दोपहर का भोजन, चाय/कॉफी और रात का खाना (केवल शाकाहारी भोजन), एसी/नॉन एसी वाहनों में सभी स्थानान्तरण और दर्शनीय स्थलों की सैर, यात्रा बीमा और आईआरसीटीसी टूर मैनेजरों की सेवाएँ आदि शामिल हैं।

## सतारा में नहरों के नवीनीकरण का कार्य, 500 करोड़ की जरूरत

**मुंबई।** सातारा जिले में धोम बांध की दोनों नहरों की वहन क्षमता कम हो गई है, जिसके चलते महाराष्ट्र सिंचाई सुधार कार्यक्रम के तहत इन नहरों के नवीनीकरण का कार्य हाथ में लिया गया है। इस कार्य के लिए कुल 500 करोड़ की आवश्यकता है, जबकि फिलहाल 50 करोड़ का प्रावधान किया गया है। राज्य में बांधों और नहरों के कार्यों के लिए नाबार्ड के माध्यम से 15 हजार करोड़ रुपये उपलब्ध कराए जा रहे हैं। नाबार्ड को संशोधित प्रस्ताव प्रस्तुत कर अतिरिक्त निधि प्राप्त करने के लिए सरकार प्रयासरत है, यह जानकारी जल संसाधन, गोदावरी और कृष्णा घाटी विकास महामंडल मंत्री राधाकृष्ण विखे-पाटील ने विधान परिषद में दी। यह निधि उपलब्ध हो जाती है, तो धोम बांध नहर के अस्तरीकरण के लिए प्राथमिकता के आधार पर निधि प्रदान की जाएगी।

- नाबार्ड को संशोधित प्रस्ताव प्रस्तुत कर अतिरिक्त निधि प्राप्त करने के लिए सरकार प्रयासरत

# सुधारित नियमावली तैयार की जाए : फडणवीस

**तीर्थक्षेत्र विकास कार्यों के लिए ग्राम विकास एवं पर्यटन विभाग को निर्देश**



**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने तीर्थक्षेत्र विकास योजनाओं के लिए ग्राम विकास एवं पर्यटन विभाग को संशोधित नियमावली तैयार करने के निर्देश दिए हैं, ताकि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों के महत्व को ध्यान में रखते हुए जिलों से समग्र प्रस्ताव प्रस्तुत किए जा सकें। विधान भवन में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में तीर्थक्षेत्र विकास योजना पर बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, ग्राम विकास मंत्री जयकुमार गोरे, मृदा एवं जल संरक्षण मंत्री संजय राठौड़, राज्य मंत्री इंद्रनील नाइक, राज्य मंत्री माधुरी मिसाल, राज्य मंत्री योगेश कदम, संजय देशमुख, विधायक सईताई प्रकाश डहाके सहित विभिन्न देवस्थान मंदिरों के पदाधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता वाली शिखर समिति ने वाशिम जिले के कारंजा शहर स्थित गुरु मंदिर तीर्थक्षेत्र के लिए 170 करोड़ रुपये तथा श्री संत सेवालाल महाराज पोहरादेवी तीर्थक्षेत्र विकास योजना के प्रकल्प 1 और प्रकल्प 2 के लिए कुल 723 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि इन स्वीकृत कार्यों को तेजी से पूरा करने के लिए संबंधित विभाग आवश्यक कार्रवाई करें। इसके अलावा, नागपुर के नंदनवन ले-आउट स्थित लक्ष्मीनारायण और शिव मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण एवं पुनर्विकास, नागपुर भांडेवाड़ी स्थित श्री मुरलीधर मंदिर तीर्थक्षेत्र का विकास तथा नागपुर शांतीनगर इतवारी रेलवे स्टेशन के पास स्थित कुत्तेवाला आश्रम का सौंदर्यीकरण और विकास कार्यों को उच्च स्तरीय समिति ने मंजूरी दी है।

बुलढाणा जिले के शेगांव तालुका की घटना

## बाल झड़ने का मामला गेहूं-पानी से जुड़ा नहीं : मेघना बोर्डीकर

**मुंबई।** बुलढाणा जिले के शेगांव तालुका में अचानक सामने आए बाल झड़ने के मामलों का कारण राशन का गेहूं नहीं है और यह समस्या पानी से भी संबंधित नहीं लगती, ऐसी जानकारी सार्वजनिक स्वास्थ्य राज्यमंत्री मेघना बोर्डीकर साकोरे ने दी। वे विधानसभा में सदस्य सत्यजीत तांबे द्वारा उठाए गए प्रश्न का उत्तर दे रही थीं। चर्चा में सदस्य किशोर दराडे और विक्रम काळे ने भी भाग लिया। राज्यमंत्री बोर्डीकर ने बताया कि इस गंभीर मुद्दे को देखते हुए प्रभावित गांवों में घर-घर सर्वेक्षण किया गया है। पानी, मिट्टी, रक्त और गेहूं के नमूने एकत्रित किए गए हैं और उन्हें आईसीएमआर (भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद) को जांच के लिए भेजा गया है। आईसीएमआर की रिपोर्ट आने के बाद बाल झड़ने के असली कारण का पता चलेगा, और उसके अनुसार उचित कार्रवाई की जाएगी। बच्चों और गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच भी की गई है। राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं के तहत राशन वितरण, शिव भोजन और मिड-डे मील जैसी योजनाओं में उच्च गुणवत्ता वाला खाद्य वितरण सुनिश्चित करती है। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच और अधिक कड़ी करने की योजना बनाई जा रही है। साथ ही, आश्रमशालाओं और स्कूलों में दिए जाने वाले मध्याह्न भोजन की स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। यदि खाद्य वितरण या स्वच्छता मानकों में लापरवाही पाई गई, तो कार्रवाई की जाएगी।

- प्रभावित गांवों में घर-घर किया गया सर्वेक्षण

**पालघर नगरपरिषद, पालघर**

सार्वजनिक बांधकाम विभाग

ई–निविदा सूचना (प्रथम)

मुख्याधिकारी पालघर नगरपरिषद, पालघर नगरपरिषद हद्दीतील वैशिष्ट्येपुर्ण योजना अंतर्गत विकास कामासाठी शासनाकडील आवश्यक त्या वर्गातील नोंदणीकृत ठेकेदाराकडून/सेवा पुरवठादाराकडून ऑनलाईन पध्दतीने ई–निविदा मागविण्यांत येत आहे. ई–निविदा दाखल करण्याची मुदत दि. 22/03/2025 पासुन सुरु होत असून सविस्तर तपशिल शासनाच्या www.mahatenders.gov.in या संकेत स्थळावर उपलब्ध होईल.

जा.क्र.पानप/सा.बा./कार्या:– 798/2024–25
दि.21/03/2025

सही/–
मुख्याधिकारी
पालघर नगरपरिषद

**मुख्य कार्यालय, विरार**
विरार (पूर्व)
ता. वसई. जि. पालघर पिन ४०१ ३०५

दुरध्वनी : 0250 – 2525101/02/03/04/05/06
फॅक्स : 0250 – 2525107
ई–मेल : vasaivirarcorporation@yahoo.com
जावक क्र. : व.वि.श.म./बांध/श.अ./541/2025
दिनांक 21/03/2025

**शुध्दीपत्रक**

जाहिर ई–निविदा सुचना क्र. 53 जा.क्र./वविशम/बांध/शअ/517/2024 दि. 19/03/2025 रोजीची ई–निविदा दि. 20/03/2025 रोजीच्या वृत्तपत्रात प्रसिध्द करण्यात आली आहे. सदर जाहीर ई–निविदा सुचना अंतर्गत 5 कामे प्रसिध्द करण्यात आली असून काम क्र. 1 ते काम क्र.5 मधील निविदेची किंमत पुढील प्रमाणे नमूद करण्यात आलेली आहे.

| अ. क्र. | कामाचे नाव | अंदाजपत्रकिय रक्कम |
|---|---|---|
| 1 | सन 2025–26 , सन 2026–27 व सन 2027–28 ह्या वित्तीय वार्षीक वर्षाकरीता वसई विरार शहर महानगरपालिका हद्दीतील प्रभाग समिती A,B,C,D,E,F,G,H,I कार्यक्षेत्रामध्ये पाईप गटाराचे बांधकाम करणे कामी RCC विविध व्यासाचे पाईप पूरवठा करणेकामी निविदेमध्ये सहभाग घेण्यात आलेल्या नोंदणीकृत ठेकेदारांची पॅनलवर नियुक्ती करणे . | रु. 24 कोटी |
| 2 | सन 2025–26 , सन 2026–27 व सन 2027–28 ह्या त्रैवार्षिक वर्षाकरीता वसई विरार शहर महानगरपालिकेच्या कार्यक्षेत्रातील प्रभाग समिती A,B,C,D,E,F,G,H,I मधील फुटपाथ , डिव्हायडर्स व कर्ब स्टोन दुरुस्ती वगैरे कामे करणे निविदेमध्ये सहभाग घेण्यात आलेल्या नोंदणीकृत ठेकेदारांची पॅनलवर नियुक्ती करणे . | रु. 15 कोटी |
| 3 | सन 2025–26 , सन 2026–27 व सन 2027–28 ह्या त्रैवार्षिक वर्षाकरीता वसई विरार शहर महानगरपालिका क्षेत्रामध्ये जमिनीचे सर्वेक्षण करण्यासाठी निविदेमध्ये सहभाग घेण्यात आलेल्या सर्वेअरची पॅनलवर नियुक्ती करणेकामी निविदेमध्ये सहभाग घेण्यात आलेल्या इच्छुक अनुभवी ठेकेदारांची पॅनलवर नियुक्ती करणे . | रु. 9 कोटी |
| 4 | सन 2025–26 , सन 2026–27 व सन 2027–28 ह्या त्रैवार्षिक वर्षाकरीता वसई विरार शहर महानगरपालिकेच्या विविध विभागातील विविध उद्याने , स्मशानभुम्या व इतर ठिकाणी बसण्याकरीता बेचेंस , बेचेंस पट्ट्या व संबंधीत इतर आश्यक साहित्य पुरवठा करणे . | रु. 9 कोटी |
| 5 | सन 2025–26 , सन 2026–27 व सन 2027–28 ह्या त्रैवार्षिक वर्षाकरीता वसई विरार शहर महानगरपालिकेच्या स्मशानभुमीकरीता कास्ट आयर्नच्या शवदाहिन्या पुरवठा करुन बसविणे . | रु. 3 कोटी |

Please Visit our Official web-site
(https://mahatenders.gov.in)

सही/–
(प्रदिप पाचंगे)
प्र. शहर अभियंता
वसई विरार शहर महानगरपालिका

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे

## पीसीईई ने पूरा किया आरकेएम-टीकेएम का वैधानिक निरीक्षण



**निरीक्षण में 264.35 रूट और 338.3 ट्रैक किलोमीटर शामिल**

**17 से 19 मार्च तक निरीक्षण का कार्य**

**मालीगांव।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (पू. सी.रेलवे) के प्रधान मुख्य बिजली इंजीनियर (पीसीईई) ने 17 से 19 मार्च तक ढेकीयाजुली रोड-उत्तर लखिमपुर, रंगापाड़ा नॉर्थ-डेकारगांव, बालिपारा-भालुकपोंग और हारमती-नाहरलगुन सहित प्रमुख सेक्शनों का व्यापक वैधानिक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में कुल 264.35 रूट किलोमीटर (आरकेएम) और 338.3 ट्रैक किलोमीटर (टीकेएम) शामिल थे, जो कार्बन उत्सर्जन को कम करने और ऊर्जा दक्षता में सुधार करने में पू. सी. रेलवे की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।
इसके बाद, अधिकतम अनुमेय सेक्शनल स्पीड पर एक इलेक्ट्रिक इंजन का ट्रॉयल सफलतापूर्वक किया गया, जिससे बेहतर परिचालन के लिए आधारभूत संरचना की तत्परता की पुष्टि हुई। परियोजना की मुख्य विशेषताओं में सुदृढ़ बिजली आपूर्ति संस्थापन शामिल हैं, जो बालिपारा और गहपुर में ट्रैक्शन सबस्टेशनों से एक स्थायी ऊर्जा स्रोत सुनिश्चित करते हैं। संरक्षा संवर्द्धन भी शामिल किए गए हैं, जो अब 130 समपार फाटकों पर ओवरहेड इक्विपमेंट (ओएचई) की सुरक्षा के लिए ऊंचाई गेज लगाए गए हैं। इसके अतिरिक्त, सिग्नलिंग और दूरसंचार प्रणालियों को अपग्रेड किया गया है, जिसमें सभी स्टेशनों और स्विचिंग स्टेशनों में अब टीपीसी संचार प्रणाली है। बिश्वनाथ चारआली में दो ओएचई सह पीएसआई अनुरक्षण डिपो और एक टावर वैगन शेड के साथ अनुरक्षण सुविधाओं को मजबूत किया गया है, जिससे सुचारू संचालन सुनिश्चित होता है। 20 मार्च तक, पू. सी. रेलवे ने 3360 रूट किलोमीटर (आरकेएम) का बिजलीकरण किया है, जो इसके कुल नेटवर्क 4260 आरकेएम का 79% से अधिक है। यह उल्लेखनीय प्रगति भारतीय रेलवे के 100% बिजलीकरण और नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जन को प्राप्त करने के मिशन के अनुरूप है। बिजलीकरण कार्य विभिन्न मंडलों में किए जा रहे हैं, जिनमें असम 1806 आरकेएम के साथ सबसे आगे है, उसके बाद पश्चिम बंगाल में 936 आरकेएम, बिहार में 319 आरकेएम, त्रिपुरा में 269 आरकेएम और अरूणाचल प्रदेश में 11 आरकेएम हैं। बीते वित्त वर्ष 2023-24 में 921 आरकेएम विद्युतीकृत और वर्तमान वित्त वर्ष 2024-25 (20 मार्च तक) में 777 आरकेएम विद्युतीकृत हुआ है।

# 'हनुमान' ने बचाई यात्री की जान



- अहमदाबाद मंडल के उप गाड़ी अधीक्षक

**अहमदाबाद।** ट्रेन संख्या 12957 स्वर्ण जयंती राजधानी एक्सप्रेस 18 मार्च को जब आबू रोड रेलवे स्टेशन से रवाना हो रही थी, उसी समय यात्री धर्मेश डांगर ने चलती ट्रेन के बी-07 कोच में चढ़ने का प्रयास किया। संतुलन बिगड़ने के कारण उनका पैर फिसल गया, जिससे वह ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच फंस गए। ड्यूटी पर तैनात उप गाड़ी अधीक्षक हनुमान सिंह ने त्वरित निर्णय लेते हुए बिना किसी हिचकिचाहट के अपनी जान जोखिम में डालकर चलती ट्रेन से यात्री को सुरक्षित खींच लिया। उनकी सतर्कता और साहसिक सूझबूझ से एक बड़ा हादसा टल गया और यात्री की जान बच गई। अहमदाबाद मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक अन्नू त्यागी ने बताया कि हनुमान सिंह का यह साहसिक कार्य न केवल रेलवे की सेवा भावना और समर्पण को दर्शाता है, बल्कि समाज के लिए भी एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करता है।

केंद्रीय अस्पताल, एनसीआर, प्रयागराज

# चंदा देवी का खराब गुर्दा निकाला



- रेलवे में पहली बार दूरबीन विधि का किया प्रयोग
- बड़ी पथरी और बार-बार संक्रमण के कारण हो गया था खराब

**प्रयागराज।** केंद्रीय अस्पताल, नार्थ सेंट्रल रेलवे(एनसीआर), प्रयागराज में चंदा देवी (57) प्रतापगढ़ निवासी जिसका दाहिने गुर्दा, बहुत बड़ी पथरी और बार बार संक्रमण के कारण पूरी तरह ख़राब हो गया था जिसके कारण महिला असहनीय दर्द और बुखार से पीड़ित थी। इस मरीज का सफल ऑपरेशन दूरबीन विधि से किया गया। यह ऑपरेशन डा. अभिषेक शुक्ला (मूत्र रोग विशेषज्ञ ) और डा. संजय कुमार, वरिष्ठ सर्जन द्वारा किया गया, इस दौरान मेडिकल कॉलेज के पूर्व विभागाध्यक्ष डा. शमी अहमद के देखरेख में हुआ। खास बात ये है कि यह ऑपरेशन बिना चीरफाड़ के दूरबीन विधि से बहुत छोटे छेदों के द्वारा ख़राब किडनी को 90 मिनट में बाहर निकाल दिया गया। यह ऑपरेशन रेलवे हॉस्पिटल में दूरबीन विधि के द्वारा पहली बार सफलतापूर्वक किया गया।
सर्जिकल टीम को इस सफल ऑपरेशन के लिए चिकत्सा निदेसक डॉ संजीव कुमार हन्डू ने बधाई दी। इस ऑपरेशन में वरिष्ट निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ अलोक यादव, डॉ प्रगति पाण्डेय और मंजू देवी सोनकर मुख्य नर्सिंग अधीक्षक , वरिष्ट नर्सिंग अधीक्षक हरीश कुमार शर्मा, नर्सिंग अधीक्षक प्रीती,अभिषेक ग्लैडविन, ड्रेसर अमित शुक्ला,आरती प्रसाद , मनमोहन लाल , हॉस्पिटल असिस्टेंट मूल चन्द, राजेंद्र कुमार तिवारी, रेखा सिंह, लवकुश व रोमेश कुमार,सर्रिफुद्दीन, गीता देवी आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं. 2025- मार्च-03 दिनांक : 19.03.2025

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबन्धक / इंजीनियरिंग / उत्तर मध्य रेल आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये ''खुली निविदा'' ई-टेण्डरिंग केवल ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| क्रम सं: 1 | निविदा सं.:2025- मार्च-03-01 | अनुमानित लागत ₹: ₹ 12503246.72 |
| कार्य का विवरण: मथुरा-पलवल खंड में विद्यमान गर्डर पुल सं. 1399 / 2 के बदलाव का कार्य। | | |
| क्रम सं: 2 | निविदा सं.:2025- मार्च-03-02 | अनुमानित लागत ₹: ₹ 10998638.76 |
| कार्य का विवरण: अ. आगरा-मथुरा खंड में एल. एच. एस. सं. 521 पर सीपेज एवं जल भराव रोकने के लिये कंक्रीट लाइनिंग का प्रावधान। ब. मथुरा-अछनेरा खंड में एल. एच. एस. सं. 362 पर सीपेज एवं जल भराव रोकने के लिये कंक्रीट लाइनिंग का प्रावधान। | | |
| क्रम सं: 3 | निविदा सं.:2025- मार्च-03-03 | अनुमानित लागत ₹: ₹ 4601134.87 |
| कार्य का विवरण: मथुरा- अलवर खंड ( राधाकुंड, वेहज, डीग, बेढम, बृजनगर, ऊँटवाड,गजिका, जाडोली का वास, गोवर्धन एवं आपातकालीन ) में टैंकर के द्वारा 24 माह के लिये जलापूर्ति। | | |

निविदा को प्रस्तुत करने एवं निविदा के बारे में पूरी जानकारी के लिए भारतीय रेल की बेवसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। निविदायें केवल बेव पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से दिनांक 08.04.2025 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। 506/25(DG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## पश्चिम रेलवे का जंबो ब्लॉक कल

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा रेलपथ, सिगनलिंग प्रणाली तथा ऊपरी उपस्करों के रख–रखाव हेतु रविवार, 23 मार्च को 10:35 बजे से 15:35 बजे तक चर्चगेट और मुंबई सेंट्रल (लोकल) स्टेशन के बीच अप और डाउन फास्ट लाइनों पर पांच घंटे का जम्बो ब्लॉक लिया जाएगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार, ब्लॉक अवधि के दौरान फास्ट लाइन की सभी ट्रेनों को चर्चगेट और मुंबई सेंट्रल (लोकल) स्टेशन के बीच धीमी लाइनों पर चलाया जाएगा। इसके कारण, ब्लॉक अवधि के दौरान कुछ उपनगरीय ट्रेनें निरस्त रहेंगी और चर्चगेट की कुछ ट्रेनों को बांद्रा/दादर स्टेशन से शॉर्ट टर्मिनेट/रिवर्स किया जाएगा।

## मध्य रेलवे का मेगा ब्लॉक कल

**मुंबई।** मध्य रेल, मुंबई मंडल 23 (रविवार) को विभिन्न इंजीनियरिंग और रखरखाव कार्यों को पूरा करने के लिए अपने उपनगरीय खंडों पर मेगा ब्लॉक परिचालित करेगा, विवरण इस प्रकार है। माटुंगा–मुलुंड अप और डाउन फास्ट लाइन सुबह 11.30 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक। सीएसएमटी मुंबई से सुबह 10.58 बजे से दोपहर 3.10 बजे तक छूटने वाली डाउन फास्ट लाइन सेवाओं को माटुंगा स्टेशन पर डाउन स्लो लाइन पर डायवर्ट किया जाएगा, जो माटुंगा और मुलुंड स्टेशनों के बीच अपने संबंधित ठहराव के अनुसार रुकेंगी और अपने गंतव्य पर निर्धारित समय से 15 मिनट देरी से पहुंचेंगी। ठाणे से आगे फास्ट ट्रेनें मुलुंड स्टेशन पर डाउन फास्ट लाइन पर फिर से डायवर्ट की जाएंगी ठाणे से सुबह 11.25 बजे से दोपहर 3.27 बजे तक छूटने वाली अप फास्ट लाइन की सेवाएं मुलुंड स्टेशन पर अप स्लो लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी, जो मुलुंड और माटुंगा स्टेशनों के बीच अपने संबंधित ठहराव के अनुसार रुकेंगी और माटुंगा स्टेशन पर अप फास्ट लाइन पर फिर से डायवर्ट की जाएंगी एवं अपने गंतव्य पर निर्धारित समय से 15 मिनट देरी से पहुंचेंगी। कुर्ला और वाशी के बीच अप और डाउन हार्बर लाइनें सुबह 11.10 बजे से शाम 4.10 बजे तक। सीएसएमटी से सुबह 10.34 बजे से दोपहर 3.36 बजे तक वाशी/बेलापुर/पनवेल के लिए छूटने वाली डाउन हार्बर लाइन सेवाएं और पनवेल/बेलापुर/वाशी से सुबह 10.16 बजे से दोपहर 3.47 बजे तक सीएसएमटी के लिए छूटने वाली अप हार्बर लाइन सेवाएं रद्द रहेंगी। हालांकि, ब्लॉक अवधि के दौरान सीएसएमटी–कुर्ला और कुर्ला–पनवेल/वाशी के बीच विशेष सेवाएं चलेंगी।

**मुंबई झोपडपट्टी सुधार मंडल**

म्हाडा MHADA

(महाराष्ट्र गृह निर्माण एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण)
की क्षेत्रिय इकाई
फोन नं. 022–66405432, ई–मेल: eewest.msib@mhada.gov.in

संदर्भ क्र. ईई/पश्चिम/एमएसआईबी/ई-निविदा/202/2024-25

ई–निविदा सूचना क्र. 202

कार्यकारी अभियंता, (पश्चिम) डिविजन, मुंबई झोपडपट्टी सुधार मंडल (म्हाडा की इकाई), कमरा नं. 537, 4 था तल, गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व) मुंबई 400051 फोन नं. (022) 66405432 द्वारा ई-निविदा प्रक्रिया माध्यम से किसी शासकीय या अर्ध शासकीय संस्था या पीडब्ल्यूडी/म्हाडा/सीपीडब्ल्यूडी/सिडको/एमईएस/एमजेपी/एमआईडीसी/भारतीय रेलवे/बीपीटी/एमसीजीएम उपयुक्त वर्ग में पंजीकृत ठेकेदारों से 50 नग कार्यों हेतु बी-1 (प्रतिशत दर) प्रपत्र में खुली निविदा/नियमित ई-निविदा आमंत्रित है। विस्तृत निविदा दस्तावेज महाराष्ट्र शासन के पोर्टल https://mahatenders.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसे डाउनलोड कर सकते है। बोली दस्तावेज वेबसाइट पर अपलोड कर सकते है। निविदा अनुसूची इस प्रकार है:

| क्र. सं | चरण | समय अवधि की दिनांक | क्र. सं. | चरण | समय अवधि की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दस्तावेज विक्रय प्रारंभ | 24.03.2025 को प्रातः 10.30 बजे | 2 | दस्तावेज विक्रय बंद होना | 31.03.2025 को दोपहर 02.30 बजे |
| 3 | तकनीकी बोली खुलना | 02.04.2025 को दोपहर 03.05 बजे से | 4 | मूल्य बोली खुलना | 03.04.2025 को प्रातः 10.30 बजे से |

सक्षम अधिकारी के पास किसी भी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है, सशर्त प्रस्ताव स्वीकार नहीं होंगे।
नोट: 1. विस्तृत निविदा सूचना हेतु कृपया वेबसाइट को संदर्भित करें।
नोट: 2. कोई भी शुद्धि पत्र/संशोधन केवल वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा।

म्हाडा- राष्ट्र का एक अग्रणी गृह निर्माण प्राधिकरण
सीपीआरओ/ए/199

कार्यकारी अभियंता(प)
मुं. झो. सु. मंडल, मुंबई

Follow us: @mhadaofficial

# धान उत्पादक किसानों को मिलेगा प्रति हेक्टेयर 20 हजार बोनस : अजित पवार

**महाराष्ट्र राज्य लॉटरी के माध्यम से राज्य की आय बढ़ाने के लिए जनप्रतिनिधियों की गठित की गई समिति**



**मुंबई।** राज्य में धान उत्पादक किसानों के पीछे सरकार पूरी मजबूती से खड़ी है। धान उत्पादक किसानों को प्रति हेक्टेयर दो हेक्टेयर की सीमा तक 20 हजार रुपए का बोनस दिया जाएगा, यह घोषणा राज्य के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने की है। उपमुख्यमंत्री ने विधानसभा में वित्त विभाग की चर्चा के उत्तर में यह जानकारी दी है। उपमुख्यमंत्री श्री पवार ने कहा कि इस बोनस का लाभ पूर्वी विदर्भ क्षेत्र के धान उत्पादक किसानों को बड़े पैमाने पर होगा।
इस वित्तीय सहायता का वितरण जल्दी ही किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि राज्य की सकल आय 49 लाख करोड़ 39 हजार है। राज्य का राजस्व घाटा एक फीसदी के भीतर है। राज्य का व्यय 77.26 प्रतिशत तक पहुंच गया है। सरकार का लक्ष्य अगले वर्ष 2025-26 तक 100 फीसदी राजस्व एकत्र करना है। सरकार राज्य का राजस्व बढ़ाने के लिए विभिन्न स्तरों पर काम कर रही है। महाराष्ट्र राज्य लॉटरी के माध्यम से भी इस बारे में प्रयास किए जा रहे हैं। महाराष्ट्र राज्य लॉटरी के माध्यम से राजस्व बढ़ाने के लिए केरल की तर्ज पर उपाय सुझाने के लिए जनप्रतिनिधियों की एक समिति गठित की जाएगी। इस समिति के अध्यक्ष सदस्य सुधीर मुनगंटीवार होंगे। यह समिति गठित होने के एक महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

# सरकार मुक्त कराएगी वक्फ बोर्ड के कब्जे वाली जमीनें : बावनकुले

▸▸ वक्फ संशोधन बिल के विरोध पर राजनीतिक घमासान जारी

▸▸ देशभर में मुस्लिम संगठन इस बिल का कर रहे विरोध

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** वक्फ संशोधन बिल पर मचे घमासान के बीच महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा है कि महाराष्ट्र में वक्फ बोर्ड ने जिन-जिन जमीनों पर अवैध रूप से कब्जा किया है सरकार उसे मुक्त करने का काम करेगी। वक्फ बोर्ड को लेकर पूरे देश में सियासत गरम है। वक्फ बोर्ड ने राज्य की कई जमीनों पर अपना दावा ठोंका है। ऐसा ही दावा महाराष्ट्र के लातूर में भी सामने आया था। जहां, किसानों ने वक्फ बोर्ड पर जमीन हड़पने का आरोप लगाया है। जिले के करीब 103 किसानों को वक्फ बोर्ड ने नोटिस भेजकर करीब 300 एकड़ जमीन पर अपना दावा ठोका है। इस मामले की सुनवाई महाराष्ट्र स्टेट वक्फ ट्रिब्यूनल में चल रही है। इसके अलावा मुंबई शहर समेत महाराष्ट्र के कई जिलों में इस तरह के मामले सामने आ चुके हैं।



### वक्फ को कमजोर करना चाहती सरकार : मुस्लिम संगठन

“दूसरी ओर मुस्लिम संगठन वक्फ संशोधन विधेयक का विरोध कर रहे हैं। संगठनों का कहना है कि सरकार इस बिल के जरिए वक्फ बोर्ड को कमजोर करना चाहती है। हाल ही में वक्फ बिल के विरोध में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने जंतर मंतर पर धरना भी दिया था। इस धरने में विपक्षी की कई राजनीतिक पार्टियों के नेता भी शामिल हुए थे।

### दिल्ली में 123 वक्फ बोर्ड की संपत्तियां

हैदराबाद से सांसद और एआईएमआईएम पार्टी के मुखिया असदुद्दीन ओवैसी भी इस बिल के विरोध में है। उनका कहना है कि केंद्र का मकसद है कि देश में अमन-चैन को खत्म किया जाएगा। अवाम मंदिर मस्जिद के नाम पर लड़ते रहें। दिल्ली में 123 वक्फ बोर्ड की संपत्तियां। सरकार कहती है कि वो सरकारी संपत्ति है। इस बिल का मकसद मुस्लिमों की मस्जिद, मजार और संपत्तियों को छीनना है। ये गैर संवैधानिक और गैर कानूनी है।

### विधायक प्रवीण दटके का दावा

महाराष्ट्र के नागपुर में हुई हिंसा को लेकर नागपुर भाजपा विधायक प्रवीण दटके ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे जांच बढ़ रही है, साजिश के तार बांग्लादेश से जुड़ रहे हैं। हिंसा में नागपुर के स्थानीय लोग नहीं बल्कि बाहरी लोग शामिल हैं। उन्होंने हिंसा और औरंगजेब के नाम पर गाड़ियां जलाई गईं।

## वर्ली में बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई के वर्ली इलाके में हिंट एंड रन का मामला सामने आया है। यहां सड़क पर चल रहे 85 साल के बुजुर्ग बलराज परमानंद मेहरा को तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। इस हादसे में बुजुर्ग बुरी तरह घायल हो गए।



घायल अवस्था में बुजुर्ग को नजदीकी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। दादर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, बलराज मेहरा (बिजनेसमैन) अपनी एक निजी प्राप्टी देखकर पैदल ही घर लौट रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी और फरार हो गया। दादर पुलिस ने अज्ञात शख्स के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई में पुलिस जुट चुकी है। बाइक चालक की पहचान यश नंदकुमार गावकर के रूप में हुई है जो मुंबई के वर्ली पुलिस कॉलोनी में रहता है। यश गावकर मुंबई पुलिस ने तैनात कॉन्स्टेबल का बेटा है। दादर पुलिस ने बाइक चालक की पहचान करने के बाद उसे पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है।

### सीएम फडणवीस की इच्छा पूरी

## आगरा में बनेगा ‘छत्रपति शिवाजी महाराज’ का स्मारक

**मुंबई।** उत्तर प्रदेश में छत्रपति शिवाजी महाराज का भव्य स्मारक बनाए जाने की इच्छा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने जताई थी। इसको लेकर अब सरकार ने औपचारिक घोषणा कर दी है। उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में अब छत्रपति शिवाजी महाराज का भव्य स्मारक बनेगा। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ये इच्छा जाहिर की थी। इसको लेकर महाराष्ट्र सरकार द्वारा शासनादेश (जीआर) जारी किया है। बीते दिनों एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा था कि आगरा में जिस जगह पर छत्रपति शिवाजी महाराज को नजर बंद किया गया था, वहां छत्रपति शिवाजी महाराज का एक भव्य स्मारक बनना चाहिए। इस बात की औपचारिक घोषणा की गई है कि महाराष्ट्र सरकार आगरा में उस स्थान को अधिग्रहित करेगी, वहां पर छत्रपति शिवाजी महाराज का भव्य स्मारक बनाया जाएगा। छत्रपति शिवाजी महाराज महाराष्ट्र के लिए आराध्य देवता हैं। महाराष्ट्र के पर्यटन विभाग की तरफ से इस परियोजना के लिए आवश्यक निधि आवंटित की जाएगी।

■ महाराष्ट्र सरकार ने जारी किया शासनादेश



### ताजमहल से ज्यादा लोग देखेंगे शिवाजी का स्मारक : फडणवीस

■ आगरा की एक जनसभा में 19 फरवरी 2015 को बोलते हुए फडणवीस ने कहा था, ‘मां कसम एक बार यह (आगरा में) स्मारक बन गया तो आपके ताजमहल से ज्यादा लोग छत्रपति शिवाजी महाराज का यह स्मारक देखने आएंगे। नहीं आए तो मेरा नाम बदल देना, मेरा नाम देवेंद्र फडणवीस नहीं रहेगा।’

## शीतला माता को भोग लगाने मंदिरों में लगी लंबी कतार



सुरेश पाड़ीव/जागरूक टाइम्स

**मुंबई।** मुंबई में शुक्रवार को शीतला सप्तमी का पर्व हर्षोल्लाश से मनाया गया। इस दिन माता शीतला को ठंडा नेवैध चढ़ाकर ठंडा खाने की परंपरा है। इस दिन घरों में चूल्हे नहीं जलते है, इससे एक दिन पहले गुरुवार को मुंबई शहर में राधन छठ पर घर परिवार को शीतलता प्रदान कराने व निरोगी रखने की कामना को लेकर बास्योडा माता का बासी भोग बनाया गया। शुक्रवार सवेरे राजस्थानी महिलाएं सजधज कर भूलेश्वर,कालबादेवी के मंदिर में महिलाओं ने व्रत रखकर शीतला माता को बास्योडा का नेवैध का भोग लगा व कथा का श्रवण कर परिजनों को निरोगी रखने के साथ साथ सुख शांति की कामना की।



### नासिक में पीएम इंटर्नशिप योजना

## 763 इंटर्नशिप स्थान उपलब्ध

■ पांच सौ कंपनियां देंगी इंटर्नशिप
■ युवक/युवतियों के लिए सुनहरा अवसर

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नासिक।** प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत, देश की शीर्ष 500 कंपनियों में एक करोड़ युवकों/युवतियों को इंटर्नशिप के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को व्यावहारिक अनुभव देकर उन्हें उद्योग क्षेत्र में मूल्यवान एक्सपोजर प्रदान करना और रोजगार के अवसरों में सुधार करना है। नासिक शहर में 21 से 24 वर्ष की आयु के युवक/युवतियां इस योजना का लाभ ले सकते हैं। इसके लिए शैक्षणिक योग्यता के रूप में 10वीं, 12वीं, आईटीआई, स्नातक आदि होना आवश्यक है। पीएम इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत, नासिक जिले में 763 इंटर्नशिप स्थान उपलब्ध हैं। इंटर्नशिप की अवधि 12 महीने की होगी, जिसमें रु.5,000/- प्रतिमाह मानदेय, रु.6,000/- एकमुश्त लाभ तथा बीमा सुविधा भी प्रदान की जाएगी। पंजीकरण प्रक्रिया लाभार्थियों को स्वयं https://pminternship.mca.gov.in/login/ इस वेबसाइट पर जाकर 31 मार्च से पहले अपना पंजीकरण करना होगा। पंजीकरण करते समय आवश्यक दस्तावेज़ अपलोड करना अनिवार्य है। इस संबंध में आवश्यक जानकारी और मार्गदर्शन उपरोक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। नासिक मनपा के उपायुक्त नितीन नेर ने सभी योग्य युवक/युवतियों से आह्वान किया है कि पीएम इंटर्नशिप योजना का अधिकाधिक लाभ उठाएं। अधिक जानकारी और मार्गदर्शन के लिए नासिक मनपा के एनयूएलएम कक्ष से संपर्क करें।

## दो करोड़ तीस लाख का हेरोइन पकड़ा

▸▸ छह फैक्ट्री कारीगर गिरफ्तार

**भायंदर।** मीरा भायंदर एंटी नारकोटिक्स सेल ने छह लोगों को गिरफ्तार कर दो करोड़ तीस लाख 74 हजार 300 रुपए का जखीरा बरामद किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने शहर को स्टॉक मुक्त करने के लिए पुलिस कमिश्नर मधुकर स्कैंडल की सलाह में छह लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सभी छह लोगों को काशीमीरा परिसर से पकड़ा गया है।

सेल के पुलिस निरीक्षक सचिन कांबले को सूचना मिली कि एक होटल के पास स्थित प्रतिष्ठान की शुरुआत होने वाली है। पुलिस ने तौसीफ गौर, तैयब गौर और सोहेल गौर को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उनके पास से कुल 1 करोड़ 30 लाख 74 हजार की 325.60 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। 20 मार्च को काशीगांव परिसर में पुलिस पेट्रोलिंग के दौरान पाया गया कि तीन लोग वास्तविक स्थिति में हैं।

पुलिस ने पूछताछ की तो जगदीश कोहली के पास से 55 लाख 40 हजार कीमत की 277.80 ग्राम मेफेड्रोन, विजय चंद्रावत के पास से 25 लाख 20 हजार कीमत की 126 ग्राम हेरोइन और तीसरे मशहूर जफर शेख के पास से 108 ग्राम कीमत 21 लाख 60 हजार का नशीला पदार्थ बरामद हुआ।

## वाशी में ‘मधुबन स्वीट्स’ का शुभारंभ 24 को

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई के वाशी क्षेत्र में सेक्टर 12 स्थित महावीर रत्न बिल्डिंग में मधुबन स्वीट्स का शुभारंभ 24 मार्च को सायं पांच बजे किया जाएगा। यह मिठाई की दुकान नवी मुंबई की सबसे बड़ी और भव्य मिठाई की दुकान होगी। इस शुभ अवसर पर महाराष्ट्र विधानसभा के सदस्य गणेश नाईक, मुंबई के सांसद संजय दीना पाटिल और भारतीय अभिनेता व फिल्म निर्माता सोनू सूद विशेष मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। मधुबन स्वीट्स का उद्देश्य शुद्धता और स्वाद का संगम प्रस्तुत करना हैं। यहां पर पारंपरिक मिठाइयों के साथ-साथ आधुनिक स्वादिष्ट व्यंजन भी उपलब्ध होंगे। दुकान में ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाएगा। उद्घाटन के इस अवसर पर मधुबन स्वीट के एमडी मंगल राजपुरोहित ने क्षेत्र के नागरिकों, व्यवसायियों और मिठाई प्रेमियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है. “मधुबन स्वीट्स” नवी मुंबई के मिठाई प्रेमियों के लिए एक नई पहचान बनने जा रही है। आइए, इस विशेष अवसर का हिस्सा बनें और मिठास भरे लम्हों का आनंद लें।





■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

■ **कल्याण।** मनपा आयुक्त डॉ. इंदु रानी जाखड़ के निर्देशानुसार तथा संपत्ति विभाग के उपायुक्त रमेश मिसाल के मार्गदर्शन में संपत्ति विभाग की सहायक आयुक्त सविता हिले ने संपत्ति विभाग के कर्मचारी दल की मदद से डोंबिवली (पूर्व) नेहरू रोड स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज सब्जी मंडई में रु. आठ लाख की बकाया राशि के चलते 10 गालों को सील करने की जोरदार कार्रवाई गुरुवार को की।

## जोधपुर एसो. मुंबई का होली स्नेह मिलन हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**मुंबई।** जोधपुर एसोसिएशन मुंबई द्वारा 15 मार्च को फ्लैग बैंक्वेट, लोखंडवाला, अंधेरी (पश्चिम) में होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। गजेंद्र भंडारी ने बताया कि रंगारंग कार्यक्रम का शुभारंभ एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज मेहता, मानद सचिव अनंत सिंघवी, पूर्व अध्यक्ष महेंद्र मेहता, पूर्व सचिव जे. पी. डागा, उपाध्यक्ष प्रदीप भंडारी, कोषाध्यक्ष मनीष मोहनोत, कार्यकारिणी सदस्य अजय सिंघवी, राजेंद्र पुरोहित, अजय मेहता, मुकेश मेहता, विनेश सिंघवी, नरेश धूत, वीरेंद्र संचेती, अमृत मेहता, निर्मल चांडक एवं सदस्य दीपक लोढ़ा व शिनेष सिंघवी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन, गणपति वंदना एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। एसोसिएशन की वेबसाइट का लोकार्पण अध्यक्ष डॉ. मनोज वी. मेहता, मानद सचिव अनंत सिंघवी, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र सिंघवी एवं महेंद्र मेहता द्वारा किया गया। वेबसाइट की संपूर्ण जानकारी शैली तलेसरा ने सभी सदस्यों को प्रदान की। संगीत संध्या में गायक संजीव कुमार एवं गायिका प्रेमलता शुक्ला की टीम ने पुराने और नए गीतों से समां बांध दिया। नरेश धुत एवं अनन्त सिंघवी द्वारा प्रस्तुत नागिन डांस एवं सुनील जैन द्वारा प्रस्तुत डांस विशेष आकर्षण रहे। कार्यक्रम में जोधपुर शहर के विधायक अतुल भंसाली की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में लक्की ड्रा का भी आयोजन किया गया। मानद सचिव अनंत सिंघवी ने सभी का धन्यवाद और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समस्त कार्यकारिणी टीम का आभार व्यक्त किया।



▸▸ कार्यक्रम में जोधपुर शहर के विधायक अतुल भंसाली भी रहे मौजूद

## फाग महोत्सव का आयोजन कल

**मुंबई।** रावणा राजपूत समाज महिला संघ द्वारा सामूहिक होली उत्सव रविवार 23 मार्च को फाग महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम जैन देरासर गली, यूनिवर्सल हाई स्कूल, दफ्तरी रोड, मलाड (पूर्व), मुंबई स्थित कोशिश हॉल में सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस फाग महोत्सव के दौरान सभी होली की रामा-श्यामा के साथ एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं देंगे है। कार्यक्रम की तैयारियां जोरों-शोरों से की जा रही है।



फोटो-सुरेश पाड़ीव

## जणवा चौधरी समाज ने शिंदे से की मुलाकात

■ **मुंबई।** अखिल भारतीय जणवा चौधरी समाज रसोईया ग्रुप मुंबई के 30 मार्च को शिवड़ी में होने वाले महासम्मेलन को लेकर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को पुष्पगुच्छ देकर आमंत्रित करते सोनाराम चौधरी समेत अन्य समाज बंधु।



■ मुंबई। दक्षिण मुंबई के फणसवाडी स्थित गौरक्ष चाल राम मंदिर में दशा माता की कथा श्रवण करती महिलाएं।

## ‘पर्यावरण की रक्षा-मेरी जिम्मेदारी’



**नालासोपारा।** वसई-विरार शहर महानगरपालिका और विष्णु वामन ठाकुर चैरिटेबल ट्रस्ट (संचालित) विवा कॉलेज द्वारा संयुक्त रूप से वसई-विरार शहर महानगरपालिका मुख्यालय में “शून्य अपशिष्ट” की अवधारणा पर आधारित “पर्यावरण की रक्षा - मेरी जिम्मेदारी” विषय पर कार्यशाला का आयोजन पद्मश्री डॉ. शरद काले, वैज्ञानिक (सेवानिवृत्त) भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र की अध्यक्षता में 19 मार्च को किया गया। कार्यशाला में वसई-विरार शहर महानगरपालिका आयुक्त एवं प्रशासक अनिल कुमार पवार,अतिरिक्त आयुक्त संजय हेरवाडे, उपायुक्त नानासाहेब कामठे और विवा कॉलेज की प्रोफेसर दीपा वर्मा के साथ-साथ मनपा क्षेत्र के विभिन्न आवासीय परिसरों के नागरिक और वसई-विरार शहर महानगरपालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। इस कार्यशाला में पद्मश्री डा.शरद काले ने शहर में प्रतिदिन निकलने वाले कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निपटान करने के बारे में नागरिकों को प्रशिक्षित और मार्गदर्शन किया तथा घर से निकलने वाले कचरे को संसाधित करके घर पर ही प्राकृतिक खाद बनाने का प्रदर्शन भी किया। उन्होंने मनपा को शहर में उचित स्थानों पर चौकियां स्थापित करने के निर्देश भी दिए, जहां घरेलू कचरे से खाद बनाने का प्रदर्शन इस तरह से किया जा सके कि शहर का हर नागरिक कचरे का इस तरह से निपटान कर सके।

कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निपटान के लिए प्रशिक्षित और किया मार्गदर्शन

## वसई में युवक ने की आत्महत्या

▸▸ सिलेंडर से बंधा मिला शव

**नायगांव।** वसई के एक युवक द्वारा कार्बन मोनोऑक्साइड गैस सूंघकर आत्महत्या करने का अजीबोगरीब मामला बुधवार को सामने आया। युवक का नाम श्रेय अग्रवाल (27) है। बुधवार शाम को कामन के स्पेनिश विला इलाके में क्लस्टर नौ के एक बंगले में सिलेंडर से बंधा उनका शव मिला। वसई पूर्व इलाके में स्पेनिश विला में ‘क्लस्टर 9’ नामक बंगले में पिछले एक साल से श्रेय अग्रवाल (27) किराए पर रह रहा था। श्रेय की बहन ने मुंबई पुलिस कमिश्नर को ईमेल के जरिए शिकायत की थी कि उसका भाई दो दिनों से लापता है। मुंबई क्राइम ब्रांच ने उसके मोबाइल की लोकेशन ट्रेस की गई तो वह वसई के कमान की ओर निकल गया। इसके बाद मुंबई क्राइम ब्रांच ने नायगांव पुलिस को इसकी जानकारी दी। नायगांव पुलिस उसकी तस्वीर लेकर स्पेनिश विला बंगले पर पहुंची। यहां के स्थानीय लोगों ने बताया कि वह पिछले एक साल से ‘क्लस्टर 9’ बंगले में रह रहा था। पुलिस जब बंगले में दाखिल हुई तो बंगला पूरी तरह से बंद था और वहां से दुर्गंध आ रही थी। दरवाजे पर ही अंग्रेजी में एक नोट मिला, जिसमें खतरे की चेतावनी दी गई थी। अंग्रेजी में लिखा था: पूरे घर में कार्बन मोनोऑक्साइड फैला हुआ है और लाइट न जलाएं, नहीं तो धमाका हो जाएगा। घटना की गंभीरता को समझते हुए नायगांव पुलिस ने वसई विरार शहर महानगरपालिका फायर ब्रिगेड को बुलाया।

### नासिक मनपा की करदाताओं को चेतावनी

## बकाया न भरने पर संपत्ति होगी जब्त

**नासिक।** नासिक महानगरपालिका के संपत्ति कर विभाग ने कर संकलन के लिए ठोस कदम उठाए हैं, यह बात सोमवार को समीक्षा बैठक में स्पष्ट की गई। आयुक्त तथा प्रशासक मनीषा खत्री के नेतृत्व में हुई इस बैठक में, कर बकाया रखने वाले संपत्ति धारकों के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की गई। नासिक मनपा के कर संकलन प्रयासों को गति देते हुए, जब्ती वारंट भेजे गए 87 नागरिकों द्वारा बकाया कर भरने की जानकारी सामने आई है। मनपा ने शहर के कर बकायादारों के विरुद्ध छह विभागीय अधिकारियों के माध्यम से कुल 426 जब्ती वारंट भेजे थे। इनमें से 87 नागरिकों ने कर भरकर बकाया की पूर्ति की है। शेष संपत्ति धारकों से अब तुरंत कर भरने का आह्वान किया गया है। खत्री ने स्पष्ट किया कि “जिन्होंने अब तक कर नहीं भरा है, उनकी संपत्ति जब्त करने के साथ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नागरिकों को अपनी कर भुगतान की जिम्मेदारी पूरी करनी चाहिए, अन्यथा जब्ती की कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा,” ऐसी चेतावनी भी उन्होंने दी। बैठक में मार्च अंत तक जलपट्टी (वॉटर टैक्स) बकाया रखने वाले नागरिकों की सूचियाँ जांची गईं। इस संदर्भ में, बड़े बकायादारों के नल कनेक्शन काटने के निर्देश दिए गए। इस बैठक में उपायुक्त (कर) अजित निकत सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। खत्री ने कहा, कर संकलन से मनपा की आय बढ़ती है जिससे नासिकवासियों के लिए मूलभूत सेवाएं उपलब्ध कराना संभव होता है, इसलिए सभी नागरिक कर भरने में सहयोग कर शहर के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें, ऐसा आह्वान आयुक्त तथा प्रशासक मनीषा खत्री ने किया है।

## विशेष सूचना

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

# जोधपुर : जेएनवीयू का 21वां दीक्षांत समारोह, विद्यार्थी को दी उपाधि

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जोधपुर।** जोधपुर के जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय का 21वां दीक्षांत समारोह शुक्रवार को मारवाड़ इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में हुआ। समारोह में राज्यपाल और कुलाधिपति हरिभाऊ किशनराव बागडे शामिल हुए। 51 हजार 402 उपाधियों का अनुमोदन किया गया। इसके साथ ही 60 गोल्ड मेडल और 187 को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने जोधपुर के जयनारायण व्यास यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में लड़कियों को सीख देते हुए कहा- आजकल हर दिन समाचार में न्यूज आती है। जिसमें आता है कि स्कूल, कॉलेज में लड़कियों के साथ अत्याचार हो रहे हैं। उन्हें लोग दूषित नजर से देखते हैं। अच्छी भावना से नहीं देखते है। ये कब तक चलेगा। उस मानसिकता के जो लोग होंगे, उनके लिए पेपर में आना चाहिए कि छात्रा ने बुरी नजर से देखने वालों की पिटाई कर दी। ये न्यूज आएगी तो गलत हरकत करने वाले को ख्याल भी आएगा और उसका मुंह बंद हो जाएगा। उन्होंने लड़कियों से कहा कि आप घबराओ मत ऐसा करने पर गलत नजर से देखने वाले आपको वीर छात्रा बोलेंगे, आपका सम्मान भी करेंगे। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत राज्यपाल ने सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ की। इसके बाद यूनिवर्सिटी की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। वहीं संगीत विभाग की छात्रों ने यूनिवर्सिटी का कुलगीत गाया। यूनिवर्सिटी के कार्यवाहक कुलपति प्रोफेसर अजीत कुमार कर्नाटक ने दीक्षांत समारोह में दी जाने वाली डिग्रियों को लेकर जानकारी दी। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने दीक्षांत समारोह में युवा पीढ़ी को समय का पूरा सदुपयोग करने और लक्ष्य के प्रति समर्पण भाव रखते हुए समृद्ध और संपन्न भारत के निर्माण के प्रति कृत संकल्प होकर कार्य करने का आह्वान किया। समाज और देश के विकास में अपनी अहम भूमिकाओं का निर्वाह करते हुए विकसित भारत 2047 की संकल्पना को पूरा करने में अपनी आत्मीय भागीदारी सुनिश्चित करें।



- राज्यपाल बोले-लड़कियों को गलत नजर से देखने वालों को सबक सिखाएं

## धूमधाम से मनाया जाएगा हिंदू नव वर्ष

**जोधपुर।** भारतीय हिंदू नव संवत्सर विक्रम संवत 2082 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को लेकर नव वर्ष महोत्सव समिति की ओर से देव दर्शन यात्रा की गई। इसके तहत शहर के प्रमुख मंदिरों में दर्शन करने के साथ ही इस महोत्सव को उत्साह के साथ मनाने व 29 मार्च की भव्य शोभायात्रा व अन्य कार्यक्रमों में आने का निमंत्रण भी दिया गया। समिति के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को रातानाडा गणेश मंदिर से देव दर्शन यात्रा और निमंत्रण कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद रातानाडा स्थित कृष्ण मंदिर, शिव मंदिर, मसूरिया स्थित बाबा रामदेव मंदिर, पाल बालाजी मंदिर ,रोटरी बालाजी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में देव दर्शन के साथ निमंत्रण भी दिया। समिति के महासचिव वरुण धनाडिया ने बताया भारतीय नव वर्ष विक्रम संवत 2082 को लेकर जोधपुर के प्रमुख मंदिरों में संपर्क कार्यक्रम के तहत नववर्ष की शुभकामना दी गई। भारतीय नव वर्ष को सार्थक बनाने के लिए संपर्क कार्यक्रम रखा गया। समिति के अध्यक्ष अशोक चौहान ने बताया कि सभी मंदिरों के महंत से नववर्ष के अवसर पर महाआरती का आयोजन करने का निवेदन किया गया। संरक्षक निर्मल गहलोत ने हिंदू नववर्ष के दिन अपने घरों पर धर्म ध्वजा लगाने और शाम के समय दीपक प्रज्ज्वलित करने का आह्वाहन किया। इस अवसर पर प्रबंध समिति आदर्श विद्या मंदिर प्रांत सचिव महेंद्र दवे, नववर्ष समिति के कोषाध्यक्ष अशोक गहलोत, शोभायात्रा सह संयोजक निलेश सोनी, किशोर सिंह सोलंकी आदि मौजूद रहे।

# मोबाइल को लेकर हुए विवाद में प्रॉपर्टी डीलर की हत्या

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर के झालामंड इलाके में देर रात एक प्रॉपर्टी डीलर की उसके घर के बाहर हत्या कर दी गई। यह घटना झालामंड के मोती मार्केट में हुई, जिससे इलाके में तनाव फैल गया। हत्या के विरोध में बड़ी संख्या में लोग कुड़ी भगतासनी थाने पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।



प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रॉपर्टी डीलर चंदन सिंह अपने कुछ साथियों के साथ किसी पार्टी में शामिल हुए थे। पार्टी खत्म होने के बाद एक युवक का मोबाइल चंदन सिंह की गाड़ी में छूट गया। जब युवक ने फोन करके अपना मोबाइल वापस मांगा, तो चंदन सिंह ने सुबह देने की बात कही। इसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया जो जल्द ही गाली-गलौच और मारपीट में बदल गया। इसके बाद कुछ युवक देर रात चंदन सिंह के घर पहुंचे और बहस करने लगे। देखते ही देखते आरोपियों ने चंदन सिंह पर हमला कर दिया। इस दौरान उनके छोटे भाई भवानी सिंह भी मौके पर मौजूद थे, लेकिन हमला इतना अचानक और तेज था कि चंदन सिंह को बचाया नहीं जा सका। अब पुलिस मामले की जांच में जुटी है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि विवाद केवल मोबाइल को लेकर था या इसके पीछे कोई पुरानी रंजिश या पैसों का मामला भी हो सकता है। जांच के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। हत्या की खबर मिलते ही स्थानीय लोग भारी संख्या में कुड़ी भगतासनी थाने पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। लोगों का आरोप है कि घटना स्थल के पास ही झालामंड पुलिस चौकी है, फिर भी रात्रि गश्त में लापरवाही बरती गई। इधर पुलिस ने आश्वासन दिया है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। फिलहाल कुछ युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## बाड़मेर में 25 मार्च से दो माह तक नहरबंदी

**बाड़मेर।** बाड़मेर जिले में गर्मी से पहले दो माह तक नहरबंदी रहेगी। एक माह आंशिक और दूसरे माह पूर्ण रूप से नहर बंद रखी जाएगी। इधर विभाग ने क्लोजर से पहले पूरी तैयारी कर ली है। आंशिक क्लोजर में इंदिरा गांधी फीडर की बुर्जी संख्या 496 पर 2000 क्यूसेक पानी स्टोरेज रहेगा। इससे पानी सप्लाई होगी। पूर्ण नहर बंदी में पीएचईडी की ओर से मोहनगढ़ में बने 3845 एमएल क्षमता के स्टोरेज से बाड़मेर व जैसलमेर में 21 दिन तथा सात दिन समानांतर पोडिंग व्यवस्था के तहत पानी सप्लाई होगा। पीएचईडी के 40 ट्यूबवैल ऐसे है, जिनका डिमांड भरने के बाद भी डिस्कॉम ने कनेक्शन नहीं दिए है। ऐसे में नहरबंदी के दौरान पेयजल संकट की स्थिति में इन बंद ट्यूबवैल से जलापूर्ति नहीं होगी। इनमें कुछ ट्यूबवैल ऐसे भी है जो पिछले क्लोजर से पेंडिंग है। बाड़मेर में नहरबंदी के दौरान पीएचईडी की ओर से भाडखा के बंद सात ट्यूबवैल शुरू किए जाएंगे, ताकि पानी की किल्लत नहीं हो। इसके लिए ट्यूबवैल में मशीनरी स्थापित करने का काम शुरू हो गया है। शिव, राजड़ाल, झांपली, भिंयाड़, भाडखा, नागाना, जागासरिया, भीमडा, उंडू, बायतु के ट्यूबवैल शुरू कर जलापूर्ति की जाएगी। पीएचईडी एसई हजारी राम बालवा ने कहा कि बाड़मेर जिले में 25 मार्च से 24 मई तक नहरबंदी होगी। 30 दिन पूर्ण नहरबंदी के दौरान मोहनगढ़ में बने 3850 एमएल क्षमता के स्टोरेज व पहर की पोडिंग से जिले में सप्लाई होगी। समस्याग्रस्त इलाकों में टैंकरों से जलापूर्ति की जाएगी। डिमांड राशि जमा करने के बाद भी 40 ट्यूबवैल पर बिजली कनेक्शन नहीं होने से बंद है।



## अमरसागर के ग्रामीणों ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन

**जैसलमेर।** जैसलमेर जिले के अमरसागर और किशनघाट को नगरपरिषद एरिया में शामिल करने के सरकार के निर्णय के समर्थन में शुक्रवार को अमरसागर गांव के ग्रामीणों ने कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के दौरान कई ग्रामीण इकठा हुए। ग्रामीणों की मांग है कि कुछ लोग अपने स्वार्थ के लिए सरकार के निर्णय का विरोध कर रहे हैं जो सरासर गलत है। हम सरकार के निर्णय के साथ है और हम सब चाहते हैं कि अमरसागर गांव को नगरपरिषद में शामिल किया जाना चाहिए ताकि गांव का विकास हो सके। ग्रामीणों ने बताया- ग्राम पंचायत अमर सागर जैसलमेर शहर से लगती हुई पंचायत है। यहां पर कीमती पत्थर की खाने होने के कारण भू माफिया की नजर हमेशा से ही रही है। यहां पर एक जाति विशेष का बाहुल्य होने के कारण उसी विशेष जाति के सात-आठ भू माफिया पिछले कई वर्षों से सक्रिय हैं, तथा अवैध खनन करके करोड़ों रुपए प्रति महीना सरकार को नुकसान पहुंचा रहे हैं, साथ ही अपना-अपना घर भर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया- चंद लोग यहां बारी-बारी से सामाजिक पंचायत बुलाकर एक दूसरे को समझाइश करके या दबाकर सरपंच बन रहे हैं। संसाधनों की बंदर बांट जारी रहती है, अन्य किसी भी जाति से संबंधित किसी भी व्यक्ति का पंचायत स्तर पर कोई काम नहीं होता है। गरीबों के साथ कभी भी न्याय नहीं होता है। यहां पर काम की गारंटी है एक जाति विशेष का होना इसलिए हम सभी इनसे दुखी हैं। ग्रामीण चाहते हैं कि नगर परिषद में शामिल कर लिया जाए। शहर वासियों को मिलने वाली विभिन्न योजनाओं जैसे, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना, श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना तथा अन्य विभिन्न लाभकारी सरकारी योजनाओं से वंचित हो रहे हैं।



## शीतला-सप्तमी पर नहीं जलता चूल्हा, माता को लगाया बास्योड़ा का भोग

**बाड़मेर।** बाड़मेर में शीतला सप्तमी का पर्व मनाया जा रहा है। शुक्रवार को सुबह महिलाओं ने शुभ मुहूर्त में शीतला माता की पूजा की गई। वहीं मंदिरों में सुबह से महिलाएं, बच्चे दर्शन करने पहुंचे। इसके बाद घरों में एक दिन पहले के बने अलग-अलग व्यंजन (खाना खाया) का सेवन किया। महिलाओं का कहना है कि यह पूजा बच्चों के लिए होती है। माताजी का आशीर्वाद बना रहे इससे उन पर कोई रोग नहीं लगे। बच्चों की सुख शांति और परिवार की समृद्धि के लिए पूजा की है। दरअसल, फाल्गुन कृष्ण सप्तमी के दिन शीतला माता की पूजा की जाती है। शीतला माता को रोगों से बचाने वाली देवी माना जाता है। खासकर चेचक, खसरा और त्वचा की बीमारियों से। शीतला सप्तमी पर व्रत रखने और उनकी पूजा करने से रोगों से छुटकारा मिलता है। ऐसा माना जाता है कि माता अपने भक्तों के सारे दुख दूर करती हैं। उनकी पूजा करने से चेचक जैसी बीमारियां भी ठीक हो जाती हैं। हिंदू मान्यताओं के अनुसार शीतला माता को संक्रामक रोगों और बीमारियों से सुरक्षा देने वाली देवी के रूप में पूजा जाता है। खासकर गर्मी के मौसम में माता शीतला की पूजा से शरीर की स्वच्छता और पर्यावरण की रक्षा की जाती है।

## जैसलमेर में तीन महीने बाद पकड़ा गया केबल चोर

▶▶ कोर्ट ने भेजा जेल-अन्य चोरों की तलाश जारी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जैसलमेर जिले की खुहड़ी थाना पुलिस ने पवन उर्जा संयंत्रों (विंड मिल) से चोरी की घटना को अंजाम देने वाले एक आरोपी को तीन महीने बाद गिरफ्तार किया है। खुहड़ी थाना पुलिस ने तीन महीने से चोरी के मामले में फरार चल रहे रमण सिंह को पकड़ा है। रमण सिंह को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया। खुहड़ी थाना पुलिस अन्य चोरों की तलाश कर रही है। खुहड़ी थाना प्रभारी मीनाक्षी मालवीय ने बताया कि दो दिसंबर 2024 को वीरेंद्र सिंह नामक युवक ने खुहड़ी थाना में शिकायत देकर बताया कि बरणा व कोटड़ी गांव में निजी कम्पनी के पवन उर्जा संयत्र लगे हुए हैं। जिसकी सुरक्षा का ठेका कलस्टर बनाकर इन्फेंटियर सिक्योरिटी को दिया हुआ है। दो दिसंबर 2024 की अलसुबह चार बजे सरहद कोटड़ी में लोकेशन पर चोरी की सूचना मिली। सूचना मिलने पर गार्ड लोकेशन पर पहुंचे तो लोकेशन पर पिकअप गाड़ी और तीन-चार लोग केबल चोरी करके भाग गए। खुहड़ी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू की। पवन उर्जा संयंत्रों से चोरी की घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक जैसलमेर सुधीर चौधरी के आदेशानुसार खुहड़ी थाना प्रभारी मीनाक्षी मालवीय के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा चोरों की सरगर्मी से तलाश की गई। खुफिया सूत्रों और तकनीकी मदद से चोरी की घटना में शामिल आरोपी रमण सिंह पुत्र जेठू सिंह राजपूत, निवासी सिपला को गिरफ्तार किया गया। जांच के बाद रमण को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस मामले में अन्य की तलाश जारी है। चोर को पकड़ने में खुहड़ी थाना प्रभारी मीनाक्षी मालवीय, एएसआई तुलछाराम, कॉन्स्टेबल रतन, रामकिशन, जामताराम, भोमाराम व बिलकेश शामिल रहे।



## मुंबई मेटल मार्केट

| मेटल | आज का | पूर्व बंद |
|---|---|---|
| कॉपर वायर बार | 913 | 929 |
| एल्युमिनियम इन्गॉट | 263 | 267 |
| जिंक स्लैब | 277 | 279 |
| लीड इन्गॉट | 183 | 184 |
| टिन स्लैब | 3092 | 3108 |
| निकल | 1435 | 1428 |
| सभी दरें रूपए प्रति किलो में है। | | |
| कॉपर केबल स्क्रेप | 865 | 867 |
| कॉपर हैवी स्क्रेप | 854 | 857 |
| कॉपर आर्मेचर | 843 | 848 |
| कॉपर यूटेंसिल्स | 778 | 742 |
| कॉपर सीट | - | - |
| ब्रास यूटेंसिल्स | 558 | 263 |
| ब्रास सीट कटिंग्स | 603 | 605 |
| एल्युमिनियम | 210 | 208 |

### लंदन मेटल मार्केट
तिमाही फ्यूचर भाव (प्रति टन डालर में)

| धातु | आज का भाव | स्टॉक (टन में) वृद्धि+/कमी- |
|---|---|---|
| कॉपर | 9797 | +1325 |
| टिन | 34430 | -50 |
| लीड | 2002 | -175 |
| जिंक | 2893 | -825 |
| एल्युमिनियम | 2636 | -3600 |
| निकल | 15870 | +240 |

# व्यापार जगत

## चीन के खिलाफ यूएस का ऐक्शन

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने ईरान पर दबाव बढ़ाते हुए चीन की एक तेल रिफाइनरी पर प्रतिबंध लगाया है। यह रिफाइनरी हूतियों से जुड़े जहाजों से लगभग 50 करोड़ डॉलर का ईरानी तेल खरीदती थी। अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को यह ऐलान किया। चीन ने इस कार्रवाई की कड़ी आलोचना की है। उसने कहा है कि अमेरिका चीन और ईरान के बीच सामान्य व्यापार में बाधा डाल रहा है। अमेरिका की यह कार्रवाई दिखाती है कि ग्लोबल एनर्जी मार्केट कितने जटिल रूप से भू-राजनीतिक संघर्षों से जुड़े हुए हैं। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर है। उसे इन जटिलताओं को सावधानी से देखना होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर 'अधिकतम दबाव' बनाने की नीति फिर से शुरू की है। इसके तहत कई लोगों और संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाए गए हैं। इनमें ईरान के पेट्रोलियम मंत्री भी शामिल हैं।



- तेल रिफाइनरी पर लगाया प्रतिबंध
- भारत को क्यों रहना होगा सतर्क?

### ▶▶ ईरान को आर्थिक रूप से तोड़ने का प्लान

अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि ईरानी तेल की रिफाइनरी की खरीद ईरानी शासन के लिए आर्थिक जीवन रेखा है। यह शासन दुनिया में आतंकवाद का सबसे बड़ा समर्थक है। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा कि ये प्रतिबंध राष्ट्रपति ट्रंप के 'अधिकतम दबाव' अभियान के तहत लगाए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य ईरान के तेल निर्यात को शून्य करना है। चीन ईरान के तेल का सबसे बड़ा आयातक है।

### भारत को अब ज़्यादा सतर्क रहने की जरूरत

अमेरिका के ऐक्शन का चीन ने कड़ा विरोध किया है। यह दोनों देशों के तल्ख रिश्तों में और गिरावट ला सकता है। भारत को भी इस पूरे घटनाक्रम से सतर्क हो जाने की जरूरत है। यह अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव को भी उजागर करता है। साथ ही संकेत देता है कि भारत को इस क्षेत्र में अपनी रणनीतिक स्थिति को संतुलित करने की कितनी ज्यादा जरूरत है। यह ऐक्शन दर्शाता है कि अमेरिका अपने प्रतिबंधों को लागू करने के लिए कितना तैयार है।

## सिएट ने भारत में पहली बार लॉन्च की ग्लोबल टेक्नोलॉजी

**मुंबई।** भारत के प्रमुख टायर निर्माता सिएट ने शुक्रवार को अपनी स्पोर्टड्राइव रेंज के लिए तीन उन्नत टायर नवाचारों की घोषणा की, जिससे अल्ट्रा-हाई परफॉर्मेंस और लक्जरी चार पहिया वाहन क्षेत्र में अपनी उपस्थिति को और मजबूत किया। इन लॉन्च के साथ, सिएट रन-फ्लैट टायर और 21-इंच जेडआर-रेटेड टायर के उत्पादन में सक्षम होने वाला पहला भारतीय टायर निर्माता बन गया है, जो 300 कि.मी. प्रति घंटे से अधिक गति को सीएएलएम तकनीक के साथ संभाल सकता है। यह भारत के ऑटोमोटिव विनिर्माण क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि को दर्शाता है। जर्मनी में अग्रणी अंतरराष्ट्रीय ऑटोमोटिव सुविधाओं पर कठोर परीक्षण के बाद, सिएट के नवीनतम उत्पाद उच्चतम प्रदर्शन और सुरक्षा मानकों का पालन करते हैं। लॉन्च के अवसर पर, सिएट के प्रबंध निदेशक और सीईओ श्री अर्णब बनर्जी ने कहा "नई स्पोर्टड्राइव रेंज के तहत, जेडआर-रेटेड टायर, सीएएलएम तकनीक और रन-फ्लैट टायर के लॉन्च के साथ, सिएट एक प्रीमियम, तकनीक-प्रधान ब्रांड के रूप में अपनी पोजीशन को मजबूत करता है। ये नवाचार लक्जरी और उच्च प्रदर्शन वाहन मालिकों के लिए सुरक्षा, आराम और प्रदर्शन को बढ़ाने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। हमें पहली भारतीय कंपनी बनने पर गर्व है जिसने रन-फ्लैट टायर पेश किए हैं, जिससे चार पहिया टायर क्षेत्र में हमारी नेतृत्व क्षमता और मजबूत होती है।"




## अडानी की कंपनी को मिला 2800 करोड़ का बड़ा प्रोजेक्ट



**मुंबई।** अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) के शेयर शुक्रवार को कारोबार के दौरान फोकस में हैं। कंपनी के शेयर कारोबार के दौरान 4% तक चढ़कर 846.15 रुपए पर पहुंच गए थे। इसका पिछला बंद प्राइस 815.30 रुपए था। शेयरों में इस तेजी के पीछे एक बड़ा ऐलान है। दरअसल, अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड ने गुजरात में 2,800 करोड़ रुपए की बिजली ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट मिलने की घोषणा की। एईएसएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि वह गुजरात के मुंद्रा में हरित हाइड्रोजन और हरित अमोनिया के निर्माण के लिए हरित इलेक्ट्रॉन की सप्लाई करेगी। कंपनी का चालू वित्त वर्ष 2024-25 में मिला यह छठा ठेका है, जिससे इसकी ऑर्डर बुक 57,561 करोड़ रुपए पर पहुंच गई है। एईएसएल ने शुल्क-आधारित प्रतिस्पर्धी बोली (टीबीसीबी) प्रक्रिया के तहत परियोजना हासिल की। पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड बोली प्रक्रिया की समन्वयक थी। अडानी एनर्जी के शेयर की कीमत एक महीने में 25% तक बढ़ गई और साल-दर-साल आधार पर 4% की बढ़त दर्ज की गई। अडानी ग्रुप के इस शेयर में पिछले छह महीनों में 18% की गिरावट आई, जबकि तीन महीनों में इसमें 60% की गिरावट आई है। पिछले पांच सालों में अडानी एनर्जी

### दिसंबर तिमाही के नतीजे

अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में करीब 80 प्रतिशत बढ़कर 625.30 करोड़ रहा। कंपनी द्वारा शेयर बाजार को दी गई सूचना के मुताबिक, इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की दिसंबर तिमाही में उसे 348.25 करोड़ रुपए का एकीकृत शुद्ध लाभ हुआ था। दिसंबर तिमाही के दौरान कुल आय बढ़कर 6,000.39 करोड़ रुपए हो गई।

## रॉकेट की तरह बढ़े मुकेश अंबानी के तीन शेयर

**मुंबई।** मुकेश अंबानी की कई ऐसी कंपनियां हैं जिनकी शेयर बाजार में लिस्टिंग हुई है। इनमें से तीन ऐसी भी कंपनियां हैं जिनके शेयर की कीमत 40 रुपए से कम है। ये तीन कंपनियां- आलोक इंडस्ट्रीज, डेन नेटवर्क्स और हैथवे केबल एंड डाटाकॉम लिमिटेड हैं। इन कंपनियों के शेयर की मामूली कीमत है और शुक्रवार को तीनों शेयर डिमांड में नजर आए। शेयर की कीमत हैथवे केबल एंड डाटाकॉम लिमिटेड के शेयर की बात करें तो शुक्रवार को इसकी कीमत दो फीसदी बढ़कर 13.90 रुपए पर पहुंच गया। चार मार्च को शेयर की कीमत 12.12 रुपए थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो भी है। जुलाई 2024 में यह शेयर 25.66 रुपए पर पहुंच गया। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है। आलोक इंडस्ट्रीज के शेयर की बात करें तो 16.75 रुपए कीमत थी। यह शेयर तीन मार्च को 14.50 रुपए पर था। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो है। अप्रैल 2024 में शेयर 30 रुपए पर था। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है। डेन नेटवर्क्स के शेयर की बात करें तो 33.16 रुपए पर था। 18 मार्च को यह शेयर 29.70 रुपए पर था। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो है। जुलाई 2024 को शेयर 58.90 रुपए पर था। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है। शेयरहोल्डिंग पैटर्न की बात करें तो डेन नेटवर्क्स, हैथवे केबल एंड डाटाकॉम लिमिटेड और आलोक इंडस्ट्रीज में प्रमोटर्स की हिस्सेदारी क्रमशः 74.90 फीसदी, 75 फीसदी और 75 फीसदी है। आलोक इंडस्ट्रीज में प्रमोटर के शेयरहोल्डिंग पैटर्न की बात करें तो रिलायंस इंडस्ट्रीज और जेएम फाइनेंशियल एसेट रिकंस्ट्रक्शन की संयुक्त हिस्सेदारी है। इसमें रिलायंस की 40.01 प्रतिशत और जेएम फाइनेंशियल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी की 34.99 प्रतिशत का दांव है। हैथवे केबल एंड डाटाकॉम लिमिटेड की बात करें तो प्रमोटर्स में जियो कंटेंट डिस्ट्रीब्यूशन होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड, जियो इंटरनेट डिस्ट्रीब्यूशन होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड और जियो केबल और ब्रॉडबैंड होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड भी शामिल हैं। डेन नेटवर्क्स की बात करें तो प्रमोटर्स के पास जियो टेलीविजन डिस्ट्रिब्यूशन होल्डिंग के पास करीब 16 फीसदी हिस्सेदारी है। इसके अलावा जियो डिजिटल डिस्ट्रिब्यूशन होल्डिंग में भी 15 फीसदी से ज्यादा की हिस्सेदारी है।



## आप का राशिफल 22 मार्च

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-4-5

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-2-3-७

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-2-3-5

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। आत्मविश्वास बढ़ेगा। शुभांक-3-4-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-1-3-4

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। पुराने मित्र मिलेंगे। शुभांक-3-6-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेलजोल से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। शुभांक-3-6-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानि पहुंचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्यों में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-4-6

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-4-5-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): शनैः शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-3-6-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-3-5

# ढोल की थाप पर गेरियों ने मोहा मन

▶▶ सात दिवसीय गेर महोत्सव का समापन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**सायला।** उपखंड मुख्यालय पर सायला की सुप्रसिद्ध सात दिवसीय गेर महोत्सव का शुक्रवार को शीतला सप्तमी पर समापन हो गया। गेर महोत्सव के तहत अंतिम दिन शीतला माता चौक में दोपहर से ही गेरियों ने पारंपरिक वेशभूषा में सजधज कर आने का सिलसिला शुरू हो गया था। दोपहर 2:30 बजे तक बड़ी संख्या में गेरिये एकत्रित हो गए। इसके बाद गेरियों ने ढोल की थाप पर नृत्य प्रारंभ किया। गेर नृत्य के दौरान घुंघुरू व डंडियों की खनक से पूरा माहौल देखते ही बन रहा था। इस मौके ग्रामीणों की बैठक का भी आयोजन किया गया। बैठक में सायला की प्रसिद्ध गेर के प्रति युवा पीढ़ी को जोड़ने व सायला की सांस्कृतिक परम्परा को बनाए रखने की बात कही। वहीं, नगरपालिका सायला की ओर से गेर स्थल पर पेयजल, छाया व साउंड की व्यवस्था की गई। साथ ही पुलिस की ओर से यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बन्दोबस्त किए गए। इस दौरान हजारों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### धुलण्डी से होता हैं गेर महोत्सव का आगाज

■ धुलण्डी के दिन से शुरू होने वाली सात दिवसीय गेर नृत्य का आगाज पहले दिन पंचायत समिति रोड पर सांथुओं के वास व मेघवालों के पुराने वास में गेर नृत्य की प्रस्तुति के साथ होता हैं। इसके बाद प्रतिदिन विभिन्न जगहों पर गेर नृत्य होता है। जिसका समापन शीतला सप्तमी के मेले के अवसर पर होता है। यह गेर पूरे जिले में अपनी अलग ही पहचान रखती है। इस गेर नृत्य में गेरियों द्वारा पूर्ण अनुशासन का परिचय देते हुए दो कतारों में एक साथ नृत्य किया जाता हैं। वही गैर नृत्य को लेकर प्रवासी भी अपने घर आते है तथा गेर नृत्य में भाग लेते है।

### महिलाओं ने शीतला माता को लगाया भोग

शहर सहित क्षेत्रभर में शुक्रवार को शीतला सप्तमी का पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। शीतला सप्तमी पर वीराणा बाईपास रोड स्थित शीतला माता मंदिर में महिलाओं द्वारा मंगल गीतों के साथ माताजी को भोग लगाने के लिए आने का सिलसिला शुरू हो गया था। जो प्रातः 11 बजे तक जारी रहा। मंदिर में महिलाओं ने माताजी को ठंडे भोजन का भोग लगाकर खुशहाली की कामना की। इसके बाद महिलाओं ने माताजी की कथा का श्रवण कर ठंडे भोजन को ग्रहण किया।

## गेर नृत्य को बचाने का उठाया बीड़ा



**भीनमाल।** गेर प्रथा खत्म ना हो जाए, इसलिए शहर में एक सामाजिक संगठन ने करीब 15 साल से एक बीड़ा उठा रखा है। भीनमाल हिंदू सेवा समिति की ओर से हर वर्ष शीतला सप्तमी को लेकर शहर में गेर का आयोजन किया जाता है। वैसे देखा जाए तो वर्तमान समय में गेर नृत्य गांवों से भी विलुप्त होती जा रही है। बड़ी बात यह है कि समाज सेवी संगठन ने शहर में भी इस प्रथा को कायम रखने के लिए अथक प्रयास किए हैं। हिंदू सेवा समिति व महेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में शीतला सप्तमी पर मंगलवार को विशाल भव्य गेर नृत्य का आयोजन किया गया। जिसमें पारंपरिक वेशभूषा से हजारों की संख्या में गेरियों ने गेर नृत्य का आनंद लिया। इस अवसर पर कई वक्ताओं ने कहा कि भारतीय संस्कृति का यह एक रूप है, इससे लोगों में प्रेम सद्भावना बनी रहती है। समिति के पूर्व अध्यक्ष स्व. दिनेश दवे नेता की ओर से गेर नृत्य के आयोजन की शुरुआत की गई थी। उनका कहना था कि गांव क्या, शहर से भी इस गेर नृत्य की प्रथा को हम नहीं जाने देंगे। इसलिए करीब 15 साल से हिंदू सेवा समिति की ओर से गेर नृत्य का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शहरी ही नहीं, आसपास गांवों से भी लोग गेर नाचने के लिए आते हैं। गेर नृत्य देखने के लिए शहर से भारी भीड़ उमड़ पड़ी एवं आस-पास के दूर दराज के क्षेत्रों से भी हजारों की संख्या में महिलाओं एवं बालिकाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर हिंदू सेवा समिति के अध्यक्ष मोहनलाल परिहार, सचिव जबराराम भाटी, सुरमसिंह सोलंकी, महादेवाराम घांची, बाबूलाल होंडा, भारत राम माली, मीडिया प्रभारी ललित होंडा, केवलाराम परमार, राजेश सोलंकी सहित कई लोग मौजूद थे। एएसआई किशनलाल के नेतृत्व में पुलिस जाब्ता मौजूद था।

# चौरा में ग्रामीणों ने पंचायत मुख्यालय पर दिया धरना

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**सांचौर।** चौरा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर ग्रामीणों ने चौरा ग्राम पंचायत को यथावत रखने, नया राजस्व गांव नहीं बनाने सहित कई मांगों को लेकर सरपंच सुनील बिश्नोई के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही मांगे नहीं माने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी।

इस दौरान ग्रामीणों ने मांग पत्र देते हुए कहा कि सम्पूर्ण चौरा पंचायत को पूर्ववत ही रखा जाए, इसमें किसी प्रकार की नई पंचायत या राजस्व गांव नहीं बनाया जाए। नव सर्जित ग्राम रामेश्वर को आम सभा ने निम्नलिखित कमियों के कारण निरस्त करने का प्रस्ताव सर्व सहमति से लिया। मांगों में कहा गया है कि मूल राजस्व गांव चौरा के आबादी से मात्र 300 मीटर से 600 मीटर के भीतर की ढाणियों को रामेश्वर नगर में जोड़ा जाने का आम नागरिकों द्वारा भारी विद्रोह किया गया। जबकि 2 से 3 किलोमीटर की ढाणियों को मूल गांव चौरा में ही रखा गया जो गलत आंकड़ों, गलत भौगोलिक परिस्तिथियों के आधार पर बनाया गया। नवसृजित गांव का सीमांकन जातिवादी व राजनीति आधार पर इतना गलत किया गया है कि राजस्व गांव रामेश्वर नगर की लम्बाई 8 से 9 किलोमीटर हो गई और चौड़ाई 300 मीटर से 700 मीटर ही रखी है जो पूर्णतया अव्यवहारिक है। उक्त नव सृजित राजस्व गांव रामेश्वर नगर के केंद्र बिंदु पर आधारभूत विकास हेतु कोई भूमि उपलब्ध नहीं है, जिसमे भविष्य में ग्राम विकास व ग्राम पंचायत विकास हेतु बाधा रहेगी और जो भूमि उपलब्ध है उसमे मेगवालों की ढाणियों 7 से 8 किलोमीटर दूर होगी जो अव्यवहारिक है, नव सृजित गांव का नाम पूर्व में आम प्रचलित ढाणियों या विद्यालय आदि के आधार पर ही रखे जाने हेतु उक्त नवसृजित गांव रामेश्वर नगर को निरस्त करने व मूल चौरा ग्राम पंचायत क्षेत्र में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं करने हेतु प्रस्ताव सर्व सहमति से पारित किया गया।इस दौरान मांगों को लेकर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन भी दिया गया । इस अवसर पर सरपंच सुनील बिश्नोई, प्रकाश, राणाराम, सुरेश, चंपा देवी, मुकेश, वनाराम, मुकेश, नारायणराम, बाबूलाल, भूराराम, पोकराराम, जोरावरसिंह, भागीरथराम, महेन्द्र सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे ।

## गोस्वामी समाज ने मदद को बढ़ाया हाथ



**भीनमाल।** शहर के जसवंतपुरा बस स्टैंड के पास स्थित गोस्वामी समाज सेवा समिति की बैठक अध्यक्ष मसरगिरी जेरण की मौजूदगी में आयोजित हुई।

जिसमें गोस्वामी समाज सेवा समिति द्वारा बावतरा गांव निवासी उत्तमपुरी के हादसे में मौत के बाद उनके उनके परिवार की मदद की गई। इस दुर्घटना में बावतरा निवासी उत्तमपुरी पुत्र मांगपुरी गोस्वामी सहित उत्तमपुरी की धर्मपत्नी डिम्पलदेवी,पुत्री चिंटा, पुत्र युवराजपुरी की मौके पर ही मौत हो गई थी। एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत होने पर गोस्वामी समाज ने सायला में प्रदर्शन किया गया था। मृतक उत्तमपुरी का इकलौता पुत्र राहुलपुरी ही परिवार में बचा जो ननिहाल में रहता था। इस दौरान गोस्वामी समाज की ओर से सोशल मीडिया पर सहयोग राशि के लिए मुहिम चलाई गई। मदद में मिली राशि को एफडी कराई गई साथ ही कुछ राशि बैंक में जमा करवाई गई। इस दौरान अध्यक्ष मसरगिरी जेरन, बगदगिरी पहाड़पुरा,जोराभारती कोरा,तिलोकभारती,एडवोकेट छैलपूरी गोस्वामी,जबरा भारती कोड़िटा,कैलाशपुरी कुशलापुरा,रमेशपंरी नरता,शोभापूरी गोस्वामी,विक्रमभारती ,हरीश गिरी भालनी,ईश्वर नाथजी दांतवाड़ा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

### पावटी में विशाल भजन संध्या आज

**जसवंतपुरा।** पावटी गांव के गोलुआ से दसवीं बार कुलदेवी आशापुरा माताजी मंदिर नाडोल एवं सोनाणा खेतलाजी मंदिर धाम सारंगवास के दर्शनार्थ पैदल यात्रा संघ रविवार को सुबह गाजे बाजे के साथ रवाना होगा। इससे पूर्व शनिवार रात्रि में एक शाम आशापुरा माताजी व सोनाणा खेतलाजी के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में होगा। भजन संध्या में जसवंतपुरा के नर्मदेश्वर महादेव मठ के महंत सुखदेवगिरी महाराज, झरड़ेश्वर महादेव मंदिर गोलाणा के महंत तपतगिरी महाराज, साध्वी संध्यागिरी व कलापुरा खेतलाजी मंदिर के उपासक मफतलाल माली सहित कई साधु-संतों के सानिध्य में आयोजित होगी। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध गायक कलाकार श्याम पालीवाल व प्रवीण प्रजापत अपने सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएगी। नृत्य कलाकार रवि वणजारा पाली एवं कुलदीप सिंह ने नृत्य पेश करेंगे।

## मजदूर से मारपीट, आरोपी गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**बागोड़ा।** पुलिस थाना क्षेत्र के राउता गांव में एक पाइप फैक्ट्री में काम करने वाले एक मजदूर से मारपीट करने के आरोप में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है। पुलिस निरीक्षक हुकमाराम ने बताया कि राउता निवासी पांचाराम पुत्र वगताराम जाति कलबी ने शिकायत की कि गांव में ही एक पाइप की फैक्ट्री में काम करता है तथा रात्रि में इसी पाइप की फैक्ट्री में रहता है। बीती रात को विराराम पुत्र केराराम जाति कलबी निवासी राउता पाइप की फैक्ट्री में जबरन घुसकर मेरे साथ मारपीट करने लगा। इस बीच शोर मचाने पर भूरसिह पुत्र डूंगरसिह जाति राजपूत निवासी लाखणी (जो राउता में ही काम करते है वही रहते है) ने बीच बचाव कर छुडाया। पीड़ित ने शिकायत में आरोप लगाया है कि विराराम ने पहले भी कई बार मुझसे बेगारी कराया और एक बार फिर बेगारी में कपसी की ट्रॉली भरने का बोला तो मना दिया,जिसके बाद आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। इतना ही नहीं आरोपी ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी भी दी।उसने कहा कि अभी तो तुम बच गए कल कहा जाएगा, जहां भी मिलेगा जान से मार दूंगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर बीएनएसएस की विभिन्न धाराओं में विराराम को गिरफ्तार किया गया है।

## सांचौर सहित पूरे क्षेत्र में उत्साह के साथ मनाया गया शीतला सप्तमी का पर्व



**सांचौर।** सांचौर सहित पूरे क्षेत्र में शीतला सप्तमी का पर्व श्रद्धा और भक्तिभाव से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने परंपरागत रीति-रिवाजों का पालन करते हुए शीतला माता के मंदिरों में दर्शन किए और ठंडे पकवानों का भोग लगाकर व्रत का संकल्प लिया।सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। महिलाओं और बच्चों ने विशेष रूप से माता की पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं ने परंपरा अनुसार एक दिन पूर्व बने भोजन (बासी भोजन) का प्रसाद ग्रहण किया और परिवार के स्वास्थ्य व समृद्धि की प्रार्थना की। गांवों और कस्बों में भी भक्तों ने घरों में माता की पूजा कर ठंडे पकवानों का भोग लगाया। इस दौरान कई स्थानों पर भजन-कीर्तन और धार्मिक आयोजन भी किए गए।शीतला सप्तमी पर्व पर पूरे क्षेत्र में धार्मिक उल्लास देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने इसे आस्था और परंपरा से जोड़ते हुए उत्साहपूर्वक मनाया।

**न्यूज ब्रीफ**

### पंचायत समिति की बैठक 25 को

सायला। पंचायत समिति सभाभवन में 25 मार्च को सुबह साढ़े ग्यारह बजे साधारण सभा की बैठक होगी। जिसमें प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना चतुर्थ के तहत गांवों को जोड़ने के लिए डी. आर. आर. पी केंडीडेट रोड एवं सीयूसीपीएल के प्रस्तावों का अनुमोदन किया जाएगा।

### बोहरा को मातृ शोक



रानीवाड़ा। रानीवाड़ा ग्राम विकास अधिकारी संघ के प्रदेश प्रतिनिधि रोटरी क्लब रानीवाड़ा के अध्यक्ष एवं विप्र सेवा के जिलाध्यक्ष भाना राम बोहरा की माताजी तारी देवी का दिनांक 19 मार्च 2025 को 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनका 20 मार्च 2025 को सुबह 10 बजे श्रीमाली ब्राह्मण समाज के शमशान गृह में अंतिम संस्कार किया गया। तारी देवी अपने पीछे भरापुरा परिवार छोड़ गई।

### शीतला सप्तमी का पर्व श्रद्धा से मनाया



**जसवंतपुरा।** उपखंड मुख्यालय सहित क्षेत्रभर में शुक्रवार को शीतला सप्तमी का पर्व श्रद्धा के साथ मनाया गया। सवेरे से ही महिलाएं सजधज कर शीतला माता मंदिर पहुंचनी शुरू हो गई। इस दौरान मंदिर में शीतला माता की पूजा अर्चना कर बसोड़े का भोग लगाया गया तथा कथा का श्रवण किया। पर्व को लेकर सिरोही रोड पर स्थित आवलिया बेरे पर शीतला माता मंदिर में सुबह से ही माता के दर्शनार्थ के लिए श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था, जो दिनभर जारी रहा। इस दौरान मंदिर में मेले जैसा माहौल नजर आया।

### भाजपा कार्यालय का उद्घाटन कल

**जसवंतपुरा।** सुंधा माता तिराहे पर स्थित प्रजापत समाज छात्रावास में रविवार भाजपा मंडल जसवंतपुरा के कार्यकर्ताओं द्वारा होली स्नेह मिलन, नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित का अभिनंदन व कार्यालय का उद्घाटन किया जाएगा। भाजपा मंडल अध्यक्ष भंवर सिंह राजपुरा ने बताया कि कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष जसराज राजपुरोहित, जिला प्रमुख राजेश कुमार राणा, पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल, प्रधान विमला चौहान, भाजपा जिला उपाध्यक्ष भैरूदान चारण आदि मौजूद रहेंगे।

### अवैध बजरी खनन मामले में कार्रवाई

**जालोर।** बिशनगढ़ थाना क्षेत्र में छिपा की भाखरी के पास जवाई नदी में अवैध बजरी खनन के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 2 डम्पर और 1 ट्रैक्टर को जब्त किया है। बिशनगढ़ थानाधिकारी निम्बसिंह ने बताया कि एसपी ज्ञान चंद्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध बजरी खनन की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान अखरोट बिशनगढ़ थाने की टीमों ने कार्रवाई करते हुए जंवाई नदी में बजरी से भरे 2 डम्पर व 1 ट्रैक्टर को जब्त किया है। हालांकि वाहन चालक फरार हो गये। पुलिस ने एमएमडीआर एक्ट के तहत मामला दर्ज कर वाहनों चालकों को तलाश शुरू कर दी है। पुलिस टीम में हैड कॉन्स्टेबल अनिल विश्नोई, चेतन कुमार, ताराराम, कॉन्स्टेबल वीरमाराम, राकेश जाट, छगनलाल, गंगाविशन, परबत सिंह व एसपी ऑफिस कार्यालय के हैड कॉन्स्टेबल छत्रपाल व किशनलाल मौजूद रहे।

## शहीदों को 11 हजार दीपदान कर दी जाएगी श्रद्धांजलि



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** एक शाम शहीदों के नाम बैनर तले रविवार को शहीद दिवस के अवसर पर सायं 6 बजे न्यू गोल्डन विद्यालय के पीछे स्थित मैदान में 11 हजार दीपदान कर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी जाएगी। मातृभूमि के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले शहीद भगतसिंह, राजगुरू एवं सुखदेव की पुण्यतिथि पर मां भारती के सपूतों को सच्ची श्रद्धांजलि देने के लिए मिट्टी से 51 फीट बड़ा भारत का नक्शा बनाकर करीबन 11 हजार दीपदान किए जाएंगे। साथ ही इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य उन शहीदों को नमन करना है, जिन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ बलिदान देश के लिए दे दिया। देश की सुरक्षा जवानों के हाथों में है, जब हम नींद में रहते हैं तो देश की सरहद की सुरक्षा करते हैं। कई ऐसे जवान हैं जिन्होंने देश के लिए अपना सबकुछ न्यौछावर कर दिया। कार्यक्रम को लेकर पोस्टर का विमोचन सेवाड़िया महंत श्री रतनभारती महाराज के हाथों किया गया। वहीं शनिवार शाम चार बजे कार्यकर्ताओं द्वारा शहर के विभिन्न गली-मोहल्लों एवं बाजार में जाकर दीप वितरण कर नागरिकों को श्रद्धांजलि सभा में भाग लेने की अपील की जाएगी।

### जागृति आंगन के तहत विजिट कर लौटे विद्यार्थी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** पीएम राउमावि भूरा की ढाणी का दल एक दिवसीय जागृति आंगन कार्यक्रम के तहत पी एम राउमावि सरनाऊ में किया,प्रभारी हकमाराम चौधरी शारीरिक शिक्षक ने बताया कि विभाग द्वारा विद्यालय के चयनित छात्र-छात्राओ ने एक दिवसीय विजिट के तहत विज्ञान लैब, पुस्तकालय, खेल विभाग,कार्यालय व ब्यूटी पार्लर व्यवसाहिक शिक्षा सहित विभिन्न विभागों का सूक्ष्म अवलोकन किया इस दौरान मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भंवरलाल बिश्नोई ने बच्चों को विस्तार से जीवन मे लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ने की सलाह दी ,मंगल सिंह शारीरिक शिक्षक ने खेल का महत्व समझाया,भ्रमण कर पुनः विद्यालय लौटने पर प्राचार्य लीला चौधरी ने बच्चों का स्वागत किया व ज्ञान के लिए इस तरह के विजिट को आवश्यक बताया ।

## गाजीपुरा महंत सीएम मोहन यादव से मिले




■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** मध्यप्रदेश के बड़े ख्यातिनाम तराना मठ के गादीपति समारोह में जालौर जिले के मठाधीशों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव सहित प्रदेशभर से बड़ी संख्या में साधु संतों, राजनेताओं व अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान जालौर से गजीपुरा महंत प्रेमभारती महाराज, पुनासा महंत बाबूगिरी महाराज व निंबावास महंत अमृतनाथ महाराज सहित करीब आधा दर्जन मठाधीशों ने भाग लेकर तराना महंत के रूप में जूना अखाड़ा के नवनिर्वाचित सभापति मोहन भारती महाराज को मठाधीश नियुक्त कर चादर विधि पूर्ण कराई गई। इस दौरान महंत प्रेमभारती महाराज के नेतृत्व में जालौर जिले के मठाधीशों द्वारा मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ अलग से मुलाकात कर सनातन धर्म की मजबूती, पुराने मंदिरों के जीर्णोद्धार, साधु संतों की सुरक्षा, गोरक्षा और मंदिरों को टैक्स फ्री करने को लेकर सुझाव व लंबी चर्चा की।

## जालोर में आपसी विवाद में चलीं लाठियां

▶▶ दो घायलों का ट्रॉमा सेंटर में चल रहा इलाज

**जालोर।** जालोर शहर के कॉलेज चौराहा पर आपसी कहासुनी के बाद दो युवकों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ने एक दूसरे के सिर पर लाठी से हमला कर दिया। दोनों घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को जालोर के ट्रॉमा सेन्टर में भर्ती कराया। पुलिस ने एक वाहन को भी जब्त किया है। दोनों पक्ष की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। कोतवाली थाने के एएसआई हंसाराम ने बताया कि कपिल व खेजरला निवासी इमरान खान के बीच दोस्त के साथ घूमने के लेकर विवाद हो गया। इसके बाद इमरान और कपिल के बीच बहस हुई। विवाद इतना बढ़ गया। कि दोनों लड़ पड़े और घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को जालोर के भीनमाल रोड़ स्थित ट्रोमा सेंटर में भर्ती कराया। जहां कपिल के सर में 7 व इमरान के सर में 2 टांके आए हैं। इसके अलावा इमरान के हाथ में भी चोट लगी है। तथा दोनों का जालोर के ट्रॉमा सेन्टर में इलाज चल रहा है। विवाद में इमरान की कार भी क्षतिग्रस्त हुई है। जिसको पुलिस ने जब्त कर दिया। तथा मौके पर पहुंचे एएसआई रामुराम व हंसाराम ने घटना की पूरी जानकारी ली। कोतवाल अरविंद कुमार के अनुसार घटना के बाद कार को जब्त किया तथा उसके साथ दोनों बदमाशों का इलाज जारी है। तथा पुलिस ने दोनों पक्ष की और से आई रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की दी।



### शीतला सप्तमी का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रामसीन।** कस्बे सहित आस पास के क्षेत्रों में शीतला सप्तमी का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। माता के दरबार में छोटे बच्चों की मन्नत को लेकर धोक दी। रात्रि में बनाया गए ठंडे भोजन का भोग लगाया गया। पर्व को लेकर एक दिन पहले ही सप्तमी के लिए घरों में भोजन तैयार किया जाता है। शीतला सप्तमी पर सुबह से ही महिलाएं सज-धजकर शीतला माता के मंदिर पहुंचती हैं। महिलाओं ने शीतला माता को बासोडा के भोजन का भोग लगाकर मन्नत मांगी। महिलाओं घर परिवार की खुशहाली के लिए माता को चोलिया चढ़ाकर बच्चों की लंबी आयु की कामना कीं। उल्लेखनीय है कि छोटे बच्चों में शीतला माता के प्रकोप को लेकर माताजी से मन्नत मांगी जाती है। ठीक होने पर बच्चों के भार बराबर गुड़ से भोग लगाया जाता है और उसे प्रसाद के रूप में बांटा जाता है।

## कलेक्टर ने निक्षय मित्र बनकर किया पोषण किट का वितरण



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत गुरुवार को जिला कलेक्टर प्रदीप के. गावंडे ने निक्षय मित्र बन टीबी मरीज को पोषण किट वितरित किया। इस दौरान उन्होंने विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों, कॉर्पोरेट उद्यमियों और आम जनता को निक्षय मित्र बन टीबी रोगियों को पोषण, रोजगार संबधित सहायता देने की बात कही। इसके साथ ही जिला कलक्टर ने अभियान में जनभागीदारी बढ़ाते हुए टीबी रोग के प्रति जागरूकता पैदा करने की अपील की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भैराराम जाणी ने निक्षय मित्र बन टीबी रोगी को पोषण सहायता प्रदान करने के लिए जिला कलक्टर का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर टीबी मुक्त जालोर बनाने का संभव प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. असीम परिहार, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. भजनाराम विश्नोई, आरसीएचओ डॉ. राजकुमार बाजिया, डीपीएम चरण सिंह समेत चिकित्सा विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

### भीनमाल में अवैध बजरी खनन करते दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**भीनमाल।** भीनमाल में अवैध बजरी खनन के खिलाफ कार्रवाई की गई है। दो अलग-अलग कार्रवाई में दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर एक ड्राइवर को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक ड्राइवर झाड़ियों में फरार हो गया। रामसीन थाना प्रभारी तेजू सिंह ने बताया कि पहली कार्रवाई मांडोली क्षेत्र में की गई है। जहां से सुरेश कुमार (18) को गिरफ्तार किया गया। उसका ट्रैक्टर भी जब्त किया गया। इस मामले में थाने में केस नंबर 54 दर्ज किया गया है। दूसरी कार्रवाई में एक बिना नंबर का ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किया गया। जिसका ड्राइवर अंधेरे का फायदा उठाकर झाड़ियों में भाग निकला।



## सुविचार

खुद को धोखे में मत रखो कभी, सच्चाई को अपनाओ। नहीं तो ज़िंदगी ख़त्म हो जाएगी और आपको पता ही नहीं चलेगा।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## रीयलिटी की धज्जियां उड़ातीं 'रील्स'

आजकल इंसान के जीवन में मोबाइल ने जीवनसाथी के बराबर की जगह बना ली है। सुबह उठकर सबसे पहले मोबाइल को इस तरह ढूंढा जाता है जैसे उसे गुडमॉर्निंग कहे बिना सुबह नहीं होगी और रात को इस तरह सिरहाने रखकर सोते हैं कि उसकी मौजूदगी के बिनी सुकून की नींद नहीं मिलेगी। वैसे तो मोबाइल में तरह-तरह के फीचर्स हैं लेकिन मोबाइल को हर उम्र अज़ीज़ बनाने में रील्स का बहुत बड़ा योगदान है। आज साल-दो साल के बच्चे से लेकर आंखों की आखिरी रोशनी तक इस्तेमान करने वाले बुजुर्ग तक को रील्स का नशा छाया हुआ है। और इसी के चलते आज हर गली-मोहल्ले में सोशल मीडिया इन्फ्ल्युएंसर की एक नई कौम पैदा हो गई है जो महज एक लाइक के लिए कुछ भी कर सकते हैं। कितने ही इन्फ्ल्युएंसर तो अपनी जान से भी हाथ धो बैठे हैं रील्स बनाने के चक्कर में। वे अपने धुन के इतने पक्के होते हैं कि वे न तो दिन देखते हैं न रात, न जगह देखते हैं न ही आसपास। उन्हें जब मौका और माहौल मिलता है वे शुरू हो जाते हैं। ऐसा ही एक मामला हाल ही में सामने आया है जब एक लड़की अचानक बीच बाजार में नाचने लगी। तभी वहां एक महिला पुलिसकर्मी आ गई। लेकिन वह जैसे ही लड़की ने शरीर में थोड़ी सी हरकत की ही थी कि उसे पुलिस ने पकड़ लिया। फिर आगे जो हुआ वह लड़की ने अपने पोस्ट में बताया। लड़की का यह वीडियो पोस्ट इस वक्त सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि लड़की रील बनाने के लिए बाजार में पहुंची हुई है। वह बीच बाजार जैसे ही रील बनाने के लिए अपना डांस शुरू करती है। वैसे ही उस लड़की को पुलिस ने पकड़ लिया और उसे साइड में आने को कहा। वायरल हो रहे इस वीडियो में डांस कर रही लड़की का नाम नंदिनी है। जो बीच बाजार अपने डांस वीडियो को शूट कर रही थी। तभी एक महिला पुलिस उसके पास आई और उसके डांस को रोक दिया। महिला पुलिस ने लड़की को अपने साथ चलने का इशारा किया। जिसके बाद लड़की अपना डांस बंद कर उस महिला पुलिस के पीछे-पीछे चल पड़ी। लड़की के साथ आगे क्या हुआ उस बारे में लड़की ने वीडियो में कमेंट कर बताया है। लड़की ने बताया कि उस महिला पुलिस ने उसे अपने साथ ले जाकर उससे कहा कि वह इस सार्वजनिक स्थान पर डांस करते हुए रील ना बनाए। जहां कई यूजर्स ने वीडियो पर कमेंट करते हुए पुलिस के इस कदम को बिल्कुल सही ठहराया। वहीं, कुछ अन्य लोगों ने वीडियो पर कमेंट करते हुए लड़की की खूब खिल्ली उड़ाई। वैसे ये कोई पहली घटना नहीं है, ऐसी हरकत करते लोग यहां वहां मिलना अब कोई आश्चर्य की बात नहीं रह गई है। लेकिन रील्स के चलते अपनी रीयल लाइफ को खतरे में डालना समझदारी नहीं है।

### औरंगजेब के लिए रोने वाले

# दारा शिकोह को भूल जाते



मनोज वार्ष्णेय

मुस्लिम बुद्धिजीवियों का एक तबका इन दिनों शिकायत कर रहा है कि औरंगजेब के साथ अन्याय हो रहा है, जो कि समूचे मुस्लिम समुदाय का अपमान है। लेकिन मुस्लिम बुद्धिजीवियों का यही तबका भूले से भी कभी दारा शिकोह को नहीं याद करता। जबकि दारा शिकोह की शख्सियत में एक भी बर्बरता या अन्याय का दाग नहीं है। उलटे खुद दारा शिकोह औरंगजेब की जिस बर्बरता और क्रूरता का शिकार हुआ, उस पृष्ठभूमि में तो मुस्लिमों को सहिष्णु दारा शिकोह के प्रति सहानुभूति और क्रूर औरंगजेब के लिए घृणा होनी चाहिए।

इमेज

औरंगजेब अपनी क्रूरता और धार्मिक कट्टरता के कारण इतिहास में एक विवादस्पद शख्सियत के रूप में मौजूद है। अपने पूरे शासनकाल में उसने जो भी निर्णय किए,उनमें अधिकांश में उसकी क्रूरता की झलक साफ नजर आती है। पिता शाहजहां को कैद में रखने, भाई दारा शिकोह को मरवाकर उसका सिर अपने पिता को पेश करने, जजिया कर फिर से लागू करने, दक्कन में शरिया कानून लागू करने, ये सब उसके कुछ ऐसे निर्णय हैं, जिसमें उसकी कार्यप्रणाली, सत्ता के प्रति लालच, क्रूरता और घमंड साफ नजर आता है। हिंदू मंदिरों को तुड़वाने में जितना नाम उसका लिया जाता है, उतना किसी दूसरे आक्रांता का नहीं। औरंगजेब शाहजहां का वह बेटा था, जिसे हर कीमत पर सत्ता चाहिए थी। उसने इसे हथिया भी लिया और राह में उसका सगा भाई दारा शिकोह कभी रोड़ा न बन सके, इसलिए उसकी नृशंस तरीके से हत्या भी करवा दी। लेकिन यह कितनी बड़ी क्रूर विडंबना है कि जिस बहशी औरंगजेब ने दारा शिकोह का क्रूरता पूर्वक सिर कटवाया उसे तो मुस्लिम अपने जातीय गौरव के रूप में याद रखना चाहते हैं, लेकिन जिस दारा शिकोह ने इंसानियत को गर्वित किया उसका नाम भी नहीं लेना चाहते। हिंदुओं की आस्था के प्रतीक मंदिरों को तुड़वाने वाले बर्बर औरंगजेब का समूचा शासनकाल ही विवादस्पद है। तीन मार्च 1707 को महाराष्ट्र के अहमदनगर में उसकी मृत्यु हो गई। उसके पार्थिव शरीर को औरंगाबाद स्थित खुल्दाबाद में दफनाया गया। जिस जगह उसे दफनाया गया, वह स्थान एक कच्ची मजार के रूप में है। इतिहासकार और औरंगजेब के चाहने वालों के अनुसार मुगल बादशाह औरंगजेब ने खुद ही कहा था कि- मेरी कब्र खुले में और कच्ची रखी जाए तथा जितने पैसे उसने टोपी आदि सिलकर कमाए हैं, उसी में से उसे बनाया जाए। अब उसी कब्र को जब महाराष्ट्र में हटाने की बात हुई तो नागपुर में दंगा हो गया और दंगे के पीछे अफवाह ने जोरदार काम किया। प्रश्न यह है कि जब इतिहास चीख-चीखकर कह रहा है कि औरंगजेब एक बर्बर शासक था तो उसके नाम पर दंगे करके



तथा गंगा-जमुनी तहजीब को तहस-नहस करके मुस्लिम आखिर क्या सिद्ध करना चाहते हैं? औरंगजेब के प्रति सहानुभूति भी रखने का मतलब है, अन्याय और क्रूरता के प्रति सहानुभूति रखना। आखिर उस बर्बर शासक को मुस्लिम बुद्धिजीवी इतना महत्व क्यों दे रहे हैं, जिस क्रूर शासक पर मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मस्थली को तुड़वाकर मस्जिद बनवाने, काशी-विश्वनाथ मंदिर को तुड़वाकर ज्ञानवापी मस्जिद बनवाने आदि का आरोप है? औरंगजेब के शासनकाल में मंदिरों को तोड़े जाने के पीछे जो सबसे बड़ा कारण इतिहासकार मानते हैं, वह यह है कि यह मुगल शासक पूरे भारत में इस्लाम का परचम फहराना चाहता था। यूं अगर देखा जाए तो इसके पीछे आर्थिक और राजनैतिक कारण भी रहे हैं। मंदिरों को तोड़े जाने से जो भेंट-पूजा में आया धन था उसे लूटकर खजाना समृद्ध करने के अतिरिक्त, रियाया को महंगाई सहित दूसरे मुद्दों से भटकाने के लिए भी इस तरह की कारगुजारियां होती रही हैं। औरंगजेब को थोड़ी देर के लिए अलग रखें तो उत्तर प्रदेश के संभल में भी नागपुर जैसी ही मानसिकता है। यहां पर एक मस्जिद तथा मंदिर के बीच का विवाद कई महीनों से चल ही रहा है और जब इसकी पड़ताल की गई तो पता चलता है कि यहां पर भी बर्बरता को ही महिमा मंडित किया जाता रहा है। संभल में वर्षों से नेजा मेला लगता रहा। बताया जाता है कि यह मेला सैयद सालार मसूद गाजी के नाम पर होता है। गाजी पर भी लूटमार और कत्लेआम करने के आरोप तो हैं ही उसे भी औरंगजेब की तरह क्रूरता के लिए जाना जाता है। सैयद सालार मसूद गाजी को, महमूद गजनवी के भांजे और सेनापति के रूप में जाना जाता है। महमूद गजनवी भारतीय महाद्वीप में आतंक मचाने के लिए कुख्यात रहा है। उसने भी सोमनाथ सहित दूसरे मंदिरों को तोड़ने में कोई कसर नहीं रखी थी। इतिहास में जब यह सब विदित है तो इन आक्रांताओं को महिमा मंडन के लिए चुना जाने का क्या उदेश्य है? जब नागपुर में प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा इसी महीने में है तो इस तरह के दंगे किस बात की ओर इशारा कर रहे हैं? केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने अपने एक बयान में कहा है कि किसी व्यक्ति का मूल्य जाति, धर्म, भाषा या लिंग के बजाय उसके गुणों से निर्धारित होना चाहिए। जो लोग औरंगजेब को महिमा मंडित कर रहे हैं, क्या ऐसे लोग उसे आज के समय देश-धर्म के लिए उचित ठहराएंगे? यह प्रश्न उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि आज से कुछ वर्ष पहले औरंगजेब के भाई दारा शिकोह की कब्र की तलाश के पीछे की राजनीति का था। यह बात भी ध्यान रहे कि वर्ष 2017 में राजधानी दिल्ली के डलहौजी मार्ग का नाम बदलकर दारा शिकोह रोड कर दिया गया। दारा शिकोह को हिंदू-मुस्लिम एकता तथा भाईचारे के लिए जाना जाता रहा है तथा वह अपनी प्रजा की धार्मिक भावना का पूरा सम्मान करते थे, जबकि इसके विपरीत औरंगजेब धार्मिक क्रूरता के लिए पहचाने जाना वाला मुगल शासक था। यदि हम औरंगजेब को महत्व देकर उसकी कब्र के लिए दंगा करने की बात करते हैं तो क्या कारण है कि दारा शिकोह जिसे मुस्लिम समुदाय में हिंदुओं के धार्मिक ग्रंथों का बेमिसाल बादशाह माना जाता है उसका अनुसरण क्यों नहीं करते? आज जब हम इतिहास की गलतियां, सुधारने के लिए आगे आ रहे हैं तो राजनैतिक लाभ-हानि से ऊपर उठकर कट्टरता को महिमा मंडित करने के स्थान पर उस धर्म को अपनाने की जरूरत है जो सर्वधर्म समभाव के भाव का प्रेरक है। हां, फिल्म छावा से आरंभ हुए इस विवाद को एक इतिहास के तरीके से ही लिया जाए तो शायद उतनी बड़ी यह समस्या नहीं बनती जितनी कि गजनवी-औरंगजेब को एक रहनुमा के तौरपर पेश करने से बनी है। हमें इतिहास से सबक लेकर आगे बढ़ने की राह तलाशनी होगी।

## पंचांग

शनिवार, 22 मार्च 2025

| | |
|---|---|
| विक्रम संवत् | - 2081 |
| शक संवत् | - 1946 |
| ऋतु | - वसंत |
| माह | - चैत्र |
| पक्ष | - कृष्ण |
| तिथि | - अष्टमी 29.24 तक |
| वार | - शनिवार |
| नक्षत्र | - मूल 27.24 तक |
| योग | - व्यतिपात 18.36 तक |
| करण | - बालव 16.59 तक |
| सूर्योदय | - 06.42 (मुंबई) |
| सूर्यास्त | - 06.48 (मुंबई) |
| सूर्योदय | - 06.42 (भीनमाल) |
| सूर्यास्त | - 06.53 (भीनमाल) |
| चंद्र राशि | - धनु |
| अभिजित् मुहूर्त | - 12.21 से 13.09 |
| राहु काल | - 09.43 से 11.14 |
| व्रत, त्यौहार | - शीतलाष्टमी, केसरियाजी मेला मेवाड़, कालाष्टमी, भारतीय चैत्र मासारंभ, शक 1947 प्रारंभ, ऋषभदेव जन्म दीक्षा वर्षी तप प्रारंभ |
| दिशा शूल | - पूर्व |

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



धर्म-कर्म

## मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु को वरदान से पुत्र की प्राप्ति

भारतीय पौराणिक कथाओं में अनेक देवी-देवताओं और उनके लीलाओं का वर्णन मिलता है। इन्हीं में से एक है भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी के पुत्र एकवीर की कथा। यह कथा जितनी रोचक है उतनी ही प्रेरणादायक भी है। भगवान विष्णु ने किसी कारणवश अपनी प्रिय पत्नी लक्ष्मी को घोड़ी होने का श्राप दे दिया था। श्राप के कारण मां लक्ष्मी को अश्व रूप में पृथ्वी पर रहना पड़ा। इस दौरान उन्होंने भगवान शिव की आराधना की।

देवी भागवत पुराण के अनुसार एक समय भगवान विष्णु ने किसी कारणवश अपनी प्रिय पत्नी लक्ष्मी को श्राप दे दिया था। श्राप के कारण मां लक्ष्मी को अश्व रूप में पृथ्वी पर रहना पड़ा। इस दौरान उन्होंने भगवान शिव की आराधना की। भगवान शिव ने उन्हें वरदान दिया कि वे फिर से भगवान विष्णु के पास लौटेंगी और उनसे पुत्र प्राप्त करेंगी। समय आने पर भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी का मिलन हुआ और उन्हें एक तेजस्वी पुत्र प्राप्त हुआ, जिनका नाम एकवीर रखा गया। कुछ कथाओं में यह भी वर्णन है कि एकवीर का जन्म यमुना और तमसा नदी के संगम पर हुआ था।

**राजा हरिवर्मा ने किया पालन-पोषण**

एक अन्य कथा के अनुसार जब एकवीर का जन्म हुआ तो भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी उन्हें जंगल में ही छोड़कर चले गए। उसी समय राजा हरिवर्मा नामक एक धर्मात्मा राजा संतान प्राप्ति के लिए भगवान विष्णु की तपस्या कर रहे थे। भगवान ने उन्हें दर्शन दिए और कहा कि वे एकवीर को अपना पुत्र मानकर लें। राजा हरिवर्मा जंगल गए और उन्होंने एकवीर को पाया। वे उन्हें अपनी राजधानी ले गए और उनका पालन-पोषण अपने पुत्र की तरह किया।

**एकवीर का विवाह और राज्याभिषेक**

राजा हरिवर्मा ने एकवीर को सभी प्रकार की शिक्षाएं दीं और जब वे बड़े हुए तो उनका विवाह राजा रैभ्य की पुत्री यशोमती से कराया गया। इसके बाद राजा हरिवर्मा, एकवीर को राजा बनाकर स्वयं वन में तपस्या करने चले गए। यह कथा विभिन्न पुराणों और लोक कथाओं में भिन्न-भिन्न रूपों में पाई जाती है, लेकिन इसका मूल संदेश यही है कि भगवान की कृपा सदैव अपने भक्तों पर बनी रहती है।

## तारीख विशेष

## विश्व जल दिवस

'विश्व जल दिवस' मनाने की शुरुआत संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 1992 के अपने अधिवेशन में 22 मार्च को की थी। 'विश्व जल दिवस' की अंतरराष्ट्रीय पहल 'रियो डि जेनेरियो' में 1992 में आयोजित 'पर्यावरण तथा विकास का संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन' (यूएनसीईडी) में की गई थी, जिस पर सर्वप्रथम 1993 को पहली बार 22 मार्च के दिन पूरे विश्व में 'जल दिवस' के मौके पर जल के संरक्षण और रख-रखाव पर जागरुकता फैलाने का कार्य किया गया। '22 मार्च' यानी कि 'विश्व जल दिवस', पानी बचाने के संकल्प का दिन है। यह दिन जल के महत्व को जानने का और पानी के संरक्षण के विषय में समय रहते सचेत होने का दिन है। आंकड़े बताते हैं कि विश्व के 1.5 अरब लोगों को पीने का शुद्ध पानी नहीं मिल रहा है। प्रकृति इंसान को जीवनदायी संपदा जल एक चक्र के रूप में प्रदान करती है, इंसान भी इस चक्र का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा हैं। चक्र को गतिमान रखना प्रत्येक व्यक्ति की ज़िम्मेदारी है। इस चक्र के थमने का अर्थ है, जीवन का थम जाना। प्रकृति के ख़ज़ाने से जितना पानी हम लेते हैं, उसे वापस भी हमें ही लौटाना है। हम स्वयं पानी का निर्माण नहीं कर सकते। अतः प्राकृतिक संसाधनों को दूषित नहीं होने देना चाहिए और पानी को व्यर्थ होने से भी बचाना चाहिए। 22 मार्च का दिन यह प्रण लेने का दिन है कि हर व्यक्ति को पानी बचाना है। यदि हम भारत की बात करें तो देखेंगे कि एक तरफ दिल्ली, मुंबई जैसे महानगर हैं, जहां पानी की किल्लत तो है, किंतु फिर भी यहां पानी की समस्या विकराल रूप में नहीं है। लेकिन देश के कुछ ऐसे राज्य भी हैं, जहां आज भी कितने ही लोग साफ़ पानी के अभाव में या फिर रोग जनित गन्दे पानी से दम तोड़ रहे हैं। राजस्थान, जैसलमेर और अन्य रेगिस्तानी इलाकों में पानी आदमी की जान से भी ज्यादा कीमती है। पीने का पानी इन इलाकों में बड़ी कठिनाई से मिलता है। कई-कई किलोमीटर चल कर इन प्रदेशों की महिलाएँ पीने का पानी लाती हैं। इनकी ज़िंदगी का एक अहम समय पानी की जद्दोजहद में ही बीत जाता है। विश्व की बढ़ती हुई जनसंख्या तथा औद्योगिक विकास ने भी प्रदूषण में बढ़ोतरी की है, जिससे अब स्वच्छ जल की मांग और भी बढ़ गई है।

### विकसित रेल-विकसित भारत (भाग-2)

# "विश्व स्तरीय" से "श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ"



एम. जमशेद

अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और बढ़ती वैश्विक मान्यता के माध्यम से, भारत उन चुनिंदा देशों में से एक है जो व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य हाइपरलूप प्रणाली बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है, जिससे एक तकनीकी महाशक्ति के रूप में इसकी स्थिति मजबूत हुई है। यहां तक कि चीन ने भी 'मेक इन इंडिया' पहल को अपनाया है, जिसमें सीआरआरसी इंडिया बैंगलोर मेट्रो के लिए स्थानीयकरण प्रयासों का सक्रिय रूप से समर्थन कर रहा है। चीनी फर्म मेट्रो कोचों के 75% से अधिक स्थानीय निर्माण को प्राप्त कर रही है, जिसमें 50% सामग्री भारत से प्राप्त की जाती है। सीआरआरसी का लक्ष्य भविष्य की परियोजनाओं में स्थानीयकरण को 90% तक बढ़ाना है। इसके अतिरिक्त, सीआरआरसी के लिए खुद को वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करके, यह सुविधा पश्चिम एशिया और अफ्रीका को निर्यात ऑर्डर संभालने के लिए तैयार है। जापान के साथ बुलेट ट्रेन रोलिंग स्टॉक आपूर्ति सौदों को अंतिम रूप दिया जा रहा है, वहीं भारत ने पहले ही हाई-स्पीड ट्रेनों के घरेलू विनिर्माण की शुरुआत कर दी है। रोलिंग स्टॉक से परे, ऑस्ट्रियाई कंपनी प्लासर एंड थ्योरर की सहायक कंपनी प्लासर इंडिया अपनी ट्रैक मशीनों के साथ रेलवे रखरखाव और निर्माण को बदल रही है।

पीढ़ियों को भारतीय रेलवे जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं के लिए भी अपेक्षाएं कम करने के लिए मजबूर होना पड़ा। हालांकि, 2014 के बाद सरकार के फोकस ने विकास और बुनियादी ढांचे के निर्माण के प्रति एक दृढ़ प्रगतिशील और प्रेरक दृष्टिकोण अपनाया है। आधुनिक भारत एक ऐसे राष्ट्रीय ट्रांसपोर्टर का हकदार है जो नवाचार की कमी और रूढ़िवादी अंतर्मुखी एजेंडे से मुक्त हो। यह प्रगति आवश्यक रेलवे घटकों के लिए उच्च स्तर के स्थानीयकरण को बनाए रखते हुए और विनिर्माण सुविधाओं को अभूतपूर्व स्तर तक बढ़ाते हुए हासिल की गई है। हालांकि वंदे भारत ट्रेनें और उनके वेरिएंट काफी ध्यान आकर्षित करते हैं, लेकिन भारतीय रेलवे की प्राथमिकताओं में गहराई से जाने पर कई अन्य क्षेत्रों में पर्याप्त प्रयास सामने नजर आते हैं।

भारत अब आने वाले महीनों में दुनिया की सबसे शक्तिशाली हाइड्रोजन ट्रेनें चलाने के लिए तैयार है। इन 1,200-हॉर्सपावर (एचपी) इंजनों के विकास की तुलना ऑपरेशन स्माइलिंग बुद्धा से की जा सकती है, जिसने भारत को परमाणु महाशक्ति के रूप में वैश्विक मानचित्र पर स्थापित किया। उल्लेखनीय रूप से, भारत अब इस मामले में अग्रणी है, और "विकसित" देशों से कहीं आगे निकल गया है, जो अभी भी शक्तिशाली हाइड्रोजन ट्रेनें बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। अधिकतम सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, जर्मनी की TUV-SUD ने भारत की हाइड्रोजन ट्रेनों का तीसरे पक्ष से ऑडिट कराया है। दुनिया की सबसे लंबी हाइपरलूप परीक्षण सुविधा की स्थापना के साथ, भारत भविष्य के परिवहन में वैष्विक नेतृत्व के रूप में उभर रहा है। दिसंबर 2024 में 422 मीटर का परीक्षण ट्रैक सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद, देश अब हाइपरलूप यात्रा की व्यावसायिक व्यवहार्यता का आकलन करने के लिए लगभग 50 किलोमीटर का परीक्षण ट्रैक बनाने की तैयारी कर रहा है। एलन मस्क समर्थित स्विसपॉड और फ्रांस की SYSTRA के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और बढ़ती वैश्विक मान्यता के माध्यम से, भारत उन चुनिंदा देशों में से एक है जो व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य हाइपरलूप प्रणाली बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है, जिससे एक तकनीकी महाशक्ति के रूप में इसकी स्थिति मजबूत हुई है। यहां तक कि चीन ने भी 'मेक इन इंडिया' पहल को अपनाया है, जिसमें सीआरआरसी इंडिया बैंगलोर मेट्रो के लिए स्थानीयकरण प्रयासों का सक्रिय रूप से समर्थन कर रहा है। चीनी फर्म मेट्रो कोचों के 75% से अधिक स्थानीय निर्माण को प्राप्त कर रही है, जिसमें 50% सामग्री भारत से प्राप्त की जाती है। सीआरआरसी का लक्ष्य भविष्य की परियोजनाओं में स्थानीयकरण को 90% तक बढ़ाना है। इसके अतिरिक्त, सीआरआरसी के लिए खुद को वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करके, यह सुविधा पश्चिम एशिया और अफ्रीका को निर्यात ऑर्डर संभालने के लिए तैयार है। जापान के साथ बुलेट ट्रेन रोलिंग स्टॉक आपूर्ति सौदों को अंतिम रूप दिया जा रहा है, वहीं भारत ने पहले ही हाई-स्पीड ट्रेनों के घरेलू विनिर्माण की शुरुआत कर दी है। रोलिंग स्टॉक से परे, ऑस्ट्रियाई कंपनी प्लासर एंड थ्योरर की सहायक कंपनी प्लासर इंडिया अपनी ट्रैक मशीनों के साथ रेलवे रखरखाव और निर्माण को बदल रही है। उनके स्थानीय विनिर्माण प्रयास वैश्विक निर्यात का समर्थन करते हुए आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देते हैं। भारतीय रेलवे ने अपनी 'बीबीआईएन पहल' के तहत न केवल दक्षिण एशिया को रेल से जोड़ने की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं पर काम शुरू किया है, बल्कि पूर्व में अपनी 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' के तहत भारत को आसियान से जोड़ने की भी योजना बनाई है और 'आईएमईसी पहल' के तहत यह भारत को रेल-समुद्र-रेल कॉरिडोर के जरिए यूरोप से जोड़ने की योजना बना रही है। इसके सार्वजनिक उपक्रम रोलिंग स्टॉक, ट्रैक इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों का निर्यात कर रहे हैं और कई एशियाई और अफ्रीकी देशों में परामर्श प्रदान कर रहे हैं। अपनी नई रेलगाड़ियों, आधुनिक स्टेशनों, तेज गति, डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर और हाई स्पीड नेटवर्क के साथ, भारतीय रेलवे अब एक प्रमुख विश्व स्तरीय रेलवे प्रणाली है और इसकी कहानी ऐसी है जिसे भारत अन्य देशों तक ले जा सकता है, जिन्होंने अभी तक राष्ट्रीय विकास को बढावा देने में रेलवे की महत्वपूर्ण भूमिका का पूरी तरह से लाभ नहीं प्राप्त किया है। विकसित रेल-विकसित भारत का आदर्श वाक्य भारतीय रेलवे के लिए 2047 तक बिना किसी इंतजार के और परिवर्तन का गवाह बनना है - यह भारत के लिए और भारत के साथ एक सतत यात्रा है, जिसमें प्रतिदिन रिकॉर्ड, प्रगति और विकास के मील के पत्थर स्थापित किए जा रहे हैं।

**(लेखक सीआरएफ में प्रतिष्ठित फेलो और रेलवे बोर्ड के पूर्व सदस्य ट्रैफिक हैं)**



## गीता सार

**प्रलपन्विसृजन्गृह्णन्नुन्मि-षन्निमिषन्नपि।**
**इन्द्रियाणीन्द्रियार्थेषु वर्तन्त इति धारयन्॥**
**ब्रह्मण्याधाय कर्माणि सङ्गं त्यक्त्वा करोति यः।**
**लिप्यते न स पापेन पद्मपत्रमिवाम्भसा॥**

**हिंदी अर्थ –**

बोलते हुए, त्यागते हुए, ग्रहण करते हुए तथा आंखों को खोलते-बंद करते हुए भी, सब इन्द्रियां ही अपने-अपने कार्यों में लगी है, ऐसा धारण करे। जो पुरुष आसक्ति रहित होकर सब कर्मों को ब्रह्म द्वारा होने वाला जानकर करता है, वह पाप से उसी प्रकार लिप्त नहीं होता जैसे जल से कमल का पत्ता।

## पाठक पाती

## पालकों की सोच एवं दृष्टि में बदलाव जरूरी

बच्चों को उनकी रुचि, योग्यता एवं क्षमता के हिसाब से अपना भविष्य गढ़ने की छूट प्रदान करने की बातें अभिभावकों, भाई बहनों एवं मित्रों के बीच सामाजिक स्तर पर प्रायः होती रहती हैं। इस संबंध में बहुत कुछ लिखा भी गया है। पर पेरेंट्स के मन में कहीं ना कहीं अपने बच्चों को डॉक्टर, इंजीनियर, सीए एवं आईएएस ऑफिसर बनाने के भाव दबे छुपे होते हैं। यह भेड़ चाल वर्षों से हमारे समाज में बनी हुई है। लड़कियां भी अपने मन में पति के रूप में ऐसे ही लड़कों का ख्वाब देखती हैं। बच्चों पर इस प्रकार से अभिभावकों द्वारा अपनी महत्वाकांक्षाएं थोपना बिल्कुल भी उचित नहीं कहा जा सकता। बच्चों के सैलरी पैकेज को स्टेटस सिंबाल के रूप में प्रचारित करने का ट्रेंड परिवारों में बढ़ रहा है। पालकों को अपनी सोच और दृष्टि में बदलाव लाना चाहिए। बच्चे उनके पसंदीदा क्षेत्र में ही बेहतर परफॉर्म कर पाते हैं। उनकी यह आजादी बरकरार रहना चाहिए। यह उनका मौलिक अधिकार भी है।

-ललित महालकरी इंदौर

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

## बोले तो...



10 साल पहले जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों का महिमामंडन होता था, जनाजों का जुलूस निकाला जाता था। हमारे समय में भी आतंकवादी मारे गए और ज्यादा मारे गए, लेकिन किसी के जनाने का जुलूस नहीं निकाला गया। जो आतंकवादी जहां मारा जाता है, वहीं दफना दिया जाता है।

- अमित शाह



कर्नाटक में सरकारी ठेकों में चार प्रतिशत ठेके मुसलमानों को दिए जाएंगे। यह आरक्षण कर्नाटक सरकार ने राहुल गांधी के कहने पर मुसलमानों को दिया है। अन्य पिछड़ा वर्ग, एससी और एसटी वर्ग के लोगों को कर्नाटक सरकार के फैसले के खिलाफ एकजुटता दिखानी चाहिए। यह गैर संवैधानिक है।

- संबित पात्रा



राजनीतिक व्यवस्थाओं ने मुझे फुटबॉल की तरह फेंका है, क्योंकि वे मेरे साहित्यिक और वैश्विक दृष्टिकोण के कारण अपनी सीमाओं के भीतर मेरी उपस्थिति से असहज महसूस करते थे। अपने जीवन के इस पड़ाव पर, मैं अब और इधर-उधर भटकना नहीं चाहती।

- तसलीमा नसरीन

## कुछ अलग | अजब गजब

# एक ऐसी खतरनाक सड़क, जहां की यात्रा में कमजोर दिलवालों को आ जाएगा हार्ट अटैक

अगर कोई अच्छे से गाड़ी चलाना जानता हो तो उसे सड़क पर डरने की जरूरत नहीं होती। अपनी सूझबूझ से लोग बड़ी आसानी से गाड़ी चला सकते हैं। पर दुनिया में कुछ सड़क ऐसी भी हैं, जो इतनी खतरनाक हैं कि वहां एक्सपर्ट से एक्सपर्ट ड्राइवर भी डर जाएगा और उसकी सांस अटक जाएगी! आज हम आपको एक ऐसी ही सड़क के बारे में बताने जा रहे हैं जो तुर्की में है। यहां अगर कोई कमजोर दिल वाला गाड़ी चलाए, तो उसे हार्ट अटैक ही आ जाए! ऑडिटी सेंट्रल की रिपोर्ट के अनुसार पूर्वी तुर्की में ऑफ और बेबर्ट नाम के दो शहरों को एक सड़क जोड़ती है जो 105 किलोमीटर लंबी है। इसका नाम है D915। इस सड़क को दुनिया की सबसे खतरनाक सड़क माना जाता है। ये सड़क तुर्की के नॉर्थ-ईस्ट एंटोलिया प्रांत को काले सागर से जोड़ती है। इस सड़क पर कई मुश्किल मोड़ हैं जिसमें गाड़ी चलाना काफी मुश्किल है।

**सड़क का इतिहास**

इस सड़क का इतिहास 1916 से जुड़ा है जब रूसी सेना ट्रैबजॉन नाम के शहर पर कब्जा किया था। उस वक्त सेना ने हाथों से इस्तेमाल किए जाने वाले औजारों से इस सड़क का निर्माण किया था। उस वक्त सड़क के दोनों ओर कुछ भागों पर डामर बिछा दिया गया था, मगर अधिकांश भाग अभी भी ढीली बजरी से बना हुआ है। शुरू-शुरू में तो सड़क आपको



खतरनाक नहीं लगेगी मगर जैसे-जैसे आप आगे बढ़ेंगे और डामर की जगह आपको बजरी मिलेगी, तब आपका डर बढ़ता जाएगा। इस सड़क पर 38 बेहद शार्प मोड़ हैं, जिन्हें हेयरपिन टर्न कहते हैं। पर सबसे खतरनाक मोड़ का नाम है डेरेबासी मोड़।

**बेहद खतरनाक रास्ता**

ऐसे 17 मोड़ इस सड़क पर मौजूद हैं जो करीब 5 किलोमीटर लंबे रास्ते पर हैं और समुद्र तल से 5600-6600 फीट तक की ऊंचाई पर मौजूद हैं। सड़क के बगल में कोई गार्ड रेल भी नहीं बना है जिससे गाड़ियों को नीचे गिरने से रोका जा सके। जिस जगह पर सड़क सबसे ज्यादा पतली है, वहीं पर एक बार में 1 ही गाड़ी निकल सकती है। जब मौसम खराब होता है तो ये सड़क और भी ज्यादा खतरनाक हो जाती है। बर्फबारी, बारिश की वजह से ये सड़क अक्टूबर से लेकर जून तक बंद रहती है।

**नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि.** के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

# नि:स्वार्थ भाव से पर्यावरण सेवा व संरक्षण को किया कार्य अनुकरणीय : सुराणा

## 'गौरैया बचाओ अभियान' जागरूकता रैली का समापन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव डॉ शरद कुमार व्यास ने विश्व गौरेया दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित सूचना केंद्र सभागार में 'गौरेया बचाओ अभियान' अंतर्गत जनजागरूकता साइकिल रैली-2025 में प्रतिभागियों का सम्मान किया। कार्यक्रम में जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव डॉ शरद कुमार व्यास, नेचर इनवायरमेंट एंड वाइल्डलाइफ सोसायटी संरक्षक डॉ घनश्याम नाथ कच्छावा, दौलत तंवर, श्रीकांत आत्रेय आदि मंचस्थ रहे। मंचस्थ अतिथियों ने गौरेया बचाओ अभियान अंतर्गत साइकिल रैली में प्रतिभागी राजेश कुमार एवं जितेंद्र कुमार का दुपट्टा पहनाकर, माल्यार्पण कर तथा अभिनंदन पत्र भेंट कर अभिनंदन किया। श्रीकांत आत्रेय ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि पक्षियों और प्रकृति को देखकर मन प्रफुल्लित होता है। हम इनके संरक्षण की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को एप्रिशिएट करें। नि: स्वार्थ भाव से पर्यावरण सेवा व संरक्षण के लिए किया गया कार्य अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि हम सभी संकल्पित होकर प्रकृति व प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, संवर्द्धन करें। सभी के प्रयासों से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सकारात्मक परिणाम हमारे सामने आएंगे। नेचर एनवायरनमेंट एंड वाइल्डलाइफ सोसायटी द्वारा पक्षी संरक्षण की दिशा में साइकिल जागरूकता रैली का जिले भर में आयोजन एक सराहनीय पहल है। लोगों को गांव-गांव तक जाकर पक्षी, पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी संरक्षण के बारे में जानकारी देना एक सकारात्मक मुहिम है। हम सभी को इस मुहिम से जुड़ना चाहिए। हम लोगों को मोटिवेट करें तथा पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रतिबद्ध प्रयास करे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा हरियालो राजस्थान अभियान अंतर्गत प्रदेश भर में 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। हम प्रयास करें कि इस मानसून के दौरान छायादार एवं फलदार पौधे लगाएं। सड़कों के किनारे, सार्वजनिक स्थानों, घरों, खेतों आदि जगहों पर अधिकाधिक पेड़ लगाए तथा उनके सर्वाइवल के लिए प्रयास करें। उन्होंने बताया कि हर ग्राम पंचायत स्तर पर बायोडायवर्सिटी कमेटी संचालित की जाती है। हम प्रयास करें कि कमेटी को एक्टिवेट करें तथा अंचल में पाई जाने वाली फ्लोरा और फौना का समुचित डॉक्यूमेंटेशन करते हुए इनका संरक्षण करें। इसी के साथ सभी स्कूलों में इको क्लबों को एक्टिवेट किया गया है। इको क्लब के माध्यम से वेस्ट मैनेजमेंट व पर्यावरण संरक्षण आदि गतिविधियां करवाई जा रही है। मुख्य वक्ता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव डॉ शरद कुमार व्यास ने कहा कि हम गौरैया से ही प्रकृति से मुखातिब होते हैं। हमें गौरैया और पक्षियों को बचाने की आवश्यकता है। पक्षियों को बचाने की आवश्यकता इसलिए है क्योंकि हमने उनके घरों पर अतिक्रमण कर लिया है। हम संकल्पित होकर प्रयास करें तथा पक्षियों के लिए परिंडे, घोसले आदि लगाएं। विशिष्ट अतिथि दौलत तंवर ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पक्षियों के संरक्षण की दिशा में सोचना आज की आवश्यकता है। पक्षी, पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी से ही मनुष्य का अस्तित्व संभव है। प्रतिभागी जितेन्द्र कुमार व राजेश कुमार ने सम्पूर्ण यात्रा के दौरान अनुभवों को साझा किया। उन्होंने बताया कि जिलेभर में आमजन को पक्षी व पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूक किया। प्रकृति वंदन वृक्षारोपण अभियान संयोजक नीरज जांगिड़ व लोकेश सैनी ने भी प्रतिभागियों का सम्मान किया।

# सचिव ने किया सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एडीजे रेखा यादव द्वारा शुक्रवार को जिले में पीड़ित महिलाओं की सहायता हेतु महिला अधिकारिता विभाग द्वारा निर्भया योजना के अंतर्गत संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव को सखी वन स्टॉप सेंटर में एक बालिका उपस्थित मिली। उपस्थित बालिका को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया गया एवं वन स्टॉप सेंटर द्वारा संधारित रजिस्टरों का अवलोकन किया गया। वन स्टॉप सेंटर में आवासित उपस्थित बालिका से भी पूछताछ कर व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की गई तथा निर्देशानुसार व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये गये। सचिव ने बताया कि सरकार द्वारा प्रत्येक जिले में पीड़ित महिलाओं के विधिक सहायतार्थ एवं उनकी सुरक्षा हेतु सखी वन स्टॉप सेंटर संचालित किये गये हैं। पीड़ित एवं जरूरतमंद महिलाओं को सखी सेन्टर द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का लाभ उठाना चाहिए। सखी वन स्टॉप सेंटर के अन्तर्गत सभी प्रकार की हिंसा से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को एक ही स्थान पर अस्थाई आश्रय, पुलिस डेस्क, विधिक सहायता, चिकित्सा एवं काउन्सलिंग की सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के स्टेनो राहुल डंडौतिया व वन स्टॉप सेंटर का स्टाफ मौजूद रहा।

## विद्युत आपूर्ति आज रहेगी बाधित

**धौलपुर।** 220 केवी जीएसएस पर 132 केवी धौलपुर-रीको लाइन का अति आवश्यक रखरखाव कार्य किया जा रहा है। अधिशाषी अभियन्ता संध्या चौहान ने बताया कि रखरखाव कार्य होने के कारण 132 केवी जीएसएस रीको के रीको, कोलारी, ओडेला, उम्मेदी नगर, राजाखेडा बाईपास, जिरोली, 132 केवी जीएसएस मनिया के मनिया, बगचौली, 132 केवी जीएसएस मरेना के मरेना, मडाभाउ, जसूपुरा, जाटोली, 132 केवी जीएसएस राजाखेड़ा के नदौरा, नागर, राजाखेडा, मरेना क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति 22 मार्च को प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक बाधित रहेगी।

# न्यूज ब्रीफ

## दयाल नगर को फुलेरा नगरपालिका में शामिल करने की मांग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फुलेरा।** निकटवर्ती राजस्व ग्राम दयाल नगर के स्थानीय लोगों ने ग्राम पंचायत काचरोदा से हटाकर नगर पालिका फुलेरा में शामिल करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन उपखंड अधिकारी सांभरलेक को सौंपा है। स्थानीय भंवरलाल कुमावत ने बताया कि दयाल नगर की कई कॉलोनियां-कच्छी गोदाम, आदर्श रैगर बस्ती, गणपति नगर, कुमावत कॉलोनी, वैशाली नगर, रजत विहार, श्याम सिटी, बड़ की ढाणी और डेल्डा की ढाणी-फुलेरा नगर पालिका क्षेत्र की शोभा बढ़ा रही हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार, नगर पालिका फुलेरा द्वारा आबादी भूखंड के पट्टे और अन्य राजस्व कार्य किए जा रहे हैं। कुछ क्षेत्रों में सड़क लाइट जैसी सुविधाएं भी नगर पालिका द्वारा दी जा रही हैं। इसके बावजूद, प्रशासन ने दयाल नगर को ग्राम पंचायत काचरोदा, ब्लॉक सांभरलेक के अधीन रखा हुआ है। लोगों का कहना है कि यह निर्णय न्यायसंगत नहीं है। वह चाहते हैं कि दयाल नगर का पुनर्गठन कर इसे फुलेरा नगर पालिका में शामिल किया जाए। इससे क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी और स्थानीय लोगों को नगर पालिका की सभी सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। साथ ही, फुलेरा नगर पालिका के राजस्व में भी वृद्धि होगी। इसी मांग को लेकर स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा है, इस अवसर पर कई स्थानीय लोग मौजूद थे।

## परीक्षा के निष्पक्ष, निर्विघ्न व सफल संचालन हेतु नियंत्रण कक्ष संचालित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** जिले में राजस्व अधिकारी एवं अधिशाषी अधिकारी परीक्षा के निष्पक्ष, निर्विघ्न व सफल संचालन, प्रभावी मॉनीटरिंग तथा निगरानी, नकल व अनुचित साधनों के प्रयोग की रोकथाम एवं समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किये जाने हेतु जिला मुख्यालय पर विविध जानकारी के लिए कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है। अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना ने बताया कि कन्ट्रोल रूम 22 मार्च को प्रात: 9:30 बजे से सायं 6 बजे तक एवं 23 मार्च को प्रात: 10 बजे से परीक्षा समाप्ति तक कार्यरत रहेगा। नियंत्रण कक्ष कलेक्ट्रेट धौलपुर के कमरा नम्बर 51 में संचालित किया जा रहा है जिसका दूरभाष नंबर 05642-220033 एवं ई-मेल आईडी है। नियंत्रण कक्ष के प्रभारी अधिकारी सहायक लेखाधिकारी मांगीलाल आर्य को नियुक्त किया गया है। जिनका मोबाइल नंबर 9414413473 है। उन्होंने बताया कि राउमावि बीलौनी वरिष्ठ अध्यापक रामकुमार शर्मा, जिनका मोबाइल नंबर 8890921093 है, सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजेंद्र बाथम, जिनका मोबाइल नंबर 9460293342 है, वरिष्ठ सहायक सामान्य अनुभाग कलेक्ट्रेट मनीष तिवारी, जिनका मोबाइल नंबर 7014837508 है, को नियंत्रण कक्ष में नियुक्त किया गया है।

## उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजना में 31 मार्च तक करें आवेदन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** शैक्षणिक सत्र 2024-25 में राजस्थान राज्य के मूल निवासियों के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजनाओं एसटी, एससी, एमबीसी, ओबीसी, ईबीसी, डीटीएनटी, मिरासी एवं मिश्ती में ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई है। ऑनलाईन आवेदन बेवपोर्टल www.sjmsnew.rajasthan.gov.in@scholarship एवं एसएसओ पोर्टल पर स्कॉलरशिप एसजेई एप तथा मोबाइल ऐप एसजेईडी एप्लीकेशन के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये जायेगें।

## बालिका महाविद्यालय में रोजगार मेले का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** बालिका महाविद्यालय में एनआईआईटी की ओर से एक्सिस बैंक में जॉब प्लेसमेंट का शिविर लगाया गया। इस आयोजन में महाविद्यालय की 80 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य आशा कोठारी ने बताया रोजगार मेले का आयोजन छात्राओ के उज्जवल भविष्य के लिए उपयोगी होगा एनआईआईटी की ओर से रूद्रेश सेन एवं एनसी व्यास ने छात्राओं के इंटरव्यू लिए एवं 20 से अधिक छात्राओं को शॉर्टलिस्टेड किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफ ने सहयोगात्मक भूमिका निभाई।

## विश्व उपभोक्ता दिवस पर उपभोक्ताओं को दी जानकारी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय में उपभोक्ता जागरूकता सप्ताह के तहत विश्व उपभोक्ता दिवस पर उपभोक्ता संरक्षण परिषद की बैठक के रूप में कन्ज्यूमर केयर कैम्प का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम टिकाउ जीवन शैली की ओर एक उचित बदलाव जिस पर प्रबुद्धजनों ने अपने विचार व्यक्त किए। मानवाधिकार एवं उपभोक्ता संरक्षण समिति के महामंत्री धन्नाराम सैनी ने वस्तुतओं को खरीदते समय मात्रा, उत्पादन, अवधि, समापन की तिथि, कीमत, निर्माता का नाम की जांच करके ही खरीदने आदि की जानकारी दी। जिला रसद अधिकार महिपाल सिंह राठौड़ ने उपभोक्ताओं को विश्व उपभोक्ता दिवस की थीम पर उभोक्ताओं को अपने अधिकारों के बारे में जानकारी दी। प्रवर्तन अधिकारी अंशु तिवाड़ी ने उपभोक्ताओं को ऑनलाईन परिवाद दर्ज करने वाले एप व टॉल फ्री नम्बर, हैल्पलाईन नंबर की जानकारी दी। एडवोकेट राजेन्द्र सिंह ने उपभोक्ताओं को अपील की अवधि, उपभोक्ताओं के कर्तव्य के बारे में जानकारी दी।

## सादुलपुर में सूर्यदेव भगवान का जागरण हुआ

**सादुलपुर।** महाराणा प्रताप चौक के पास स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर के पीछे सूर्यदेव भगवान का जागरण हुआ। कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। यजमान प्रदीप पारीक व विनोद देवी ने पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया। गायिका रेखा तारानगर ने कुछ तो है सरकार तेरी सरकारी में..., दिवाना बना दिया... के अलावा श्याम बाबा की धमाल सुनाई। मुकेश मोदी, बाबू चौहान, मदनलाल शर्मा ने भी भजनों की प्रस्तुति दी।

# जिला निष्पादन समिति की बैठक का आयोजन



**धौलपुर।** जिला स्तरीय निष्पादन समिति की बैठक का आयोजन अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ। बैठक में एनएएस सर्वे, नामांकन, आधार एवं जन आधार प्रमाणीकरण, बोर्ड परीक्षा परिणाम, बालिका शिक्षा, मॉडल स्कूल समीक्षा, आईसीटी लैब की समीक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, स्मार्ट क्लास, समग्र शिक्षा विभिन्न कार्यों की प्रगति के संबंध में एजेंडावार जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि शैक्षिक उन्नयन के लिए नियमित रूप से तकनीकी ज्ञान को बढ़ावा दिया जाये। विद्यालयों की आईसीटी लैब को नियमित उपयोग कर क्रियाशील रखा जाये। उन्होंने आईसीटी लैब में अक्रियाशील कम्प्यूटरों की नीलामी के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के अकेडमिक रिकॉर्ड को सरलीकृत किये जाने हेतु अपार आईडी से जोड़ा जा रहा है, जिले में भी शत-प्रतिशत विद्यार्थियों की अपार आईडी जनरेशन हेतु तीव्र कार्यवाही की जाये। आरकेएसएमबीके के अन्तर्गत विद्यार्थियों के अधिगम संबंधी दक्षताओं को बढ़ाने के लिए कार्य करने के निर्देश दिए। सभी स्कूलों में गहन मॉनीटरिंग की जाये ताकि एमडीएम, शैक्षिणक योजनाएं, परीक्षा परिणाम और शैक्षिक उन्नयन हो व अन्य सुधार हो। एडीपीसी महेश मंगल ने पीपीटी के माध्यम से समस्त एजेंडे संबंधी बिंदुबार जानकारी दी।

# निर्वाचन संबधी विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हेतु राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** निर्वाचन संबधी विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हेतु राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन संबंधी विभिन्न मुद्दों पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विमर्श किया। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राजनीतिक दल बूथ लेवल एजेंट प्रथम व बूथ लेवल एजेंट द्वितीय के तय फॉर्मेट में नियुक्ति की सूचना भरकर जिला निर्वाचन विभाग को अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट की सूचना अपडेट होने से जिला प्रशासन के बूथ लेवल ऑफिसर से समन्वय कर कार्य करने से चुनावी कार्यों में आसानी होगी। साथ ही उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से निर्वाचन संबंधी किसी भी भ्रामक सूचना को रिपोर्ट किये जाने हेतु अपील की। इससे पूर्व जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ नियमानुसार ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी हरिराम मीना, राष्ट्रीय राजनीतिक दल भाजपा, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, बसपा के प्रतिनिधि सहित अन्य मौजूद रहे।

# अवैध रूप से चल रहे निजी पैथोलॉजी लैब्स और अस्पतालों पर होगी कार्रवाई

**धौलपुर।** जिले में अवैध रूप से बिना पंजीयन चल रहे निजी पैथोलॉजी सेंटरों, अस्पतालों, सोनोग्राफी केंद्र, ब्लड बैंक के खिलाफ विभाग द्वारा कार्रवाई की जायेगी। इस हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने विभागीय अधिकारियों को सख्ती से अभियान चलाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि पैथोलॉजी लैब में जांच के नाम पर मरीजों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ न हो इसके लिये जिलेभर में निजी पैथोलॉजी लैब्स का सत्यापन किया जायेगा। अवैध पाए जाने पर सीज करने की कार्यवाही भी की जाएगी इसके लिए जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा छापामार कार्यवाही भी की जाएगी। जिन लैब्स तथा अस्पतालों में मानकों के अनुरूप तकनीकी स्टॉफ व चिकित्सक उपलब्ध नहीं हैं। उनके भी विरुद्ध समुचित कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। डॉ.मीणा ने कहा कि निजी पैथोलॉजी लैब्स और अस्पताल का क्लीनिकल स्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत पंजीकरण अनिवार्य है। बिना पंजीकरण के संचालित पाए जाने पर एक्ट में दिए गए प्रावधानों के अनुसार प्रथम बार 50 हजार दूसरी बार 2 लाख और तीसरी बार पकड़े जाने पर 5 लाख रूपये तक का जुर्माना वसूला जाएगा। सभी निजी चिकित्सा संस्थाओं को पंजीकरण के साथ साथ बायो वेस्ट प्रबंधन, फायर एनओसी, एवं प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड से अधिकृत करवाया जाना अनिवार्य है। इन नियमों के दायरे में सभी एलोपैथिक, होम्योपैथिक एवं आयुर्वेदिक निजी चिकित्सा संस्थान और निजी बल्ड बैंक भी आते हैं। पंजीकरण संबंधी जानकारी के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में संपर्क किया जा सकता है।

# खाद्य व्यापारियों को दिया फॉस्टैक प्रशिक्षण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्म सिंह मीणा ने बताया कि आयुक्त खाद्य सुरक्षा के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिले में व्यापारियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं विक्रय से संबंधित जानकारी हेतु फॉस्टैक ट्रेनिंग फूड सेफ्टी ट्रेनिंग और सर्टिफिकेशन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को गरिमा डेयरी और अग्रवाल धर्मशाला मनियां में खाद्य व्यापारियों को प्रशिक्षण दिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार ने बताया कि सभी खाद्य कारोबारियों को एफ एस एस ए आई टीम ने निशुल्क फॉस्टैक प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर मुकुल गुप्ता ने खाद्य व्यापारियों को भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की संरचना और कार्यप्रणाली कि जानकारी के साथ-साथ लाइसेंस का महत्व एवं लाइसेंस नंबर की पूर्ण जानकारी भी दी। जिससे खाद्य कारोबारी किसी भी लाइसेंस नंबर से उसके राज्य, जिले एवं अन्य सभी जानकारियां खुद समझ सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में पैकेज्ड फूड मटेरियल से संबंधित सभी नियमों की जानकारी, प्रत्येक पैकेज मटेरियल के लेबल पर लिखे जाने वाले अनिवार्य बिन्दुओं की जानकारी, फर्स्ट इन फर्स्ट आउट नियम की जानकारी एवं उनके पालन का तरीका बताया गया। मिलावट के प्रकार और उन्हें पहचानने के तरीके समझाए गए साथ ही उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य उपलब्ध करवाने में बरतने वाली सावधानियों के बारे में बताया। फूड हैंडलिंग तथा स्वच्छता संबंधी सभी नियमों के पालन के तरीके भी बताए गए।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा युवाओं के सुरक्षित भविष्य के लिए संकल्पित : आर्य

### रोजगार सहायता शिविर का जिला प्रमुख वंदना आर्य ने फीता काटकर किया उद्घाटन, 348 बेरोजगार आशार्थियों का प्रारम्भिक चयन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** जिला प्रमुख वंदना आर्य के मुख्य आतिथ्य में जिला मुख्यालय स्थित मातुश्री कमला गोयनका टाउन हॉल में शुक्रवार को रोजगार सहायता शिविर आयोजित किया गया। जिला प्रमुख वंदना आर्य ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला प्रमुख वंदना आर्य ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा युवाओं के सुरक्षित भविष्य के लिए संकल्पित है। भारत के भविष्य को नींव देने की दिशा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप जिले में रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया जाना सराहनीय पहल है। युवा भविष्य का निर्माता है। देश की प्रगति युवाओं पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि सीएम शर्मा की मंशा है कि युवाओं के कौशल को मंच मिले और विभिन्न प्रशिक्षणों से उनके हुनर को तराशने का अवसर मिले। युवाओं की जागरूकता और सहयोग भारत के सुदृढ़ भविष्य में बड़ी भूमिका निभाएगा। इसी क्रम में चूरू और प्रदेश की प्रगति के लिए सभी युवा आगे आएं तथा रोजगार सहायता शिविर के माध्यम से रोजगार के अवसरों का लाभ उठाएं। रोजगार सहायक निदेशक वर्षा जानू ने अतिथियों का स्वागत किया और रोजगार उत्सव की व्यवस्थाओं से अवगत करवाया। जिला प्रमुख वंदना आर्य तथा रोजगार सहायक निदेशक वर्षा जानू ने कंपनी प्रतिनिधियों को प्रमाण-पत्र भेंट कर अभिनंदन किया। उद्योग महाप्रबंधक उजाला ने जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र द्वारा चलाए जाने वाले प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, पीएम विश्वकर्मा योजना तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। जितेंद्र कुमार ने कौशल प्रशिक्षण के बारे में जानकारी दी। विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने स्वरोजगार योजनाओं तथा कंपनी प्रतिनिधियों ने उपलब्ध पदों, रिक्तियों और विभिन्न रोजगार अवसरों की जानकारी दी। इसके बाद जिला प्रमुख वंदना आर्य ने फीता काटकर शिविर का उद्घाटन किया और शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। रोजगार सहायक निदेशक वर्षा जानू ने बताया कि शिविर में लगभग 570 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिसमें से 348 बेरोजगार आशार्थियों का प्रारम्भिक चयन किया गया। इस दौरान सुशीला कताला, जितेंद्र कुमार, कमलेश कुमार, राजवीर सिंह राठौड़, संदीप न्यौल, संजय गोस्वामी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## रोजा इफ्तार का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** जिला मुख्यालय मस्जिद तेलियान के पास कॉम खलीफान चौहान परिवार मीरू वाला ने आज गुरुवार को रोजा इफ्तार का आयोजन किया। कार्यक्रम आयोजक हमीद नूर मोहम्मद मिरुवाला ने बताया की मौलाना ने इसकी अहमियत के बारे में विस्तार से बताया और आलिमों ने इस अवसर पर देश व प्रदेश में अमन चैन, भाईचारे और खुशहाली की दुवाएं की गई।

इस अवसर पर इस्माइल डायर खादिम अली, मकसूद अली, मौहम्मद इमरान, सलीम भाईखानी, चूरू जिला वक्फ बोर्ड सरपरस्त जमील चौहान, गुलाम हुसैन, मोहम्मद इदरीश, फारूक अली, नथु सदीक, मोहम्मद इस्माइल, सदीक खान, नासिर अली, इमरान दिलावर, जाकिर रजाक, तय्यब अली, साबिर गोरी, इशाक मिस्त्री, सलीम भाटी आदि उपस्थित थे।

# शीतला माता को चढ़ाया पारंपरिक ठंडे पकवानों का भोग, मांगी खुशहाली



## जिलेभर में श्रद्धा पूर्वक मनाई शीतला सप्तमी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** शहर समेत जिलेभर में शुक्रवार को शीतला सप्तमी श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। महिलाएं तड़के उठकर शीतला माता को ठंडे पकवानों का भोग लगाने मंदिरों में पहुंची। महिलाओं ने पूड़ी, पापड़ी, हलुआ, राबड़ी, घाट, मोहनथाल, गुंजिया आदि व्यंजनों का भोग लगाया। तड़के से ही शीतला माता के मंदिरों में महिलाओं का तांता लगना शुरू हो गया था। कई जगहों पर तो महिलाओं को पूजा के लिए अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। जिला मुख्यालय के मोदी लाइन स्थित शीतला माता के मंदिर क्षेत्र में शीतला सप्तमी का मेला भरा। जिसमें शहर व आसपास गांवों के लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। मेलार्थियों ने मेले में सजी दुकानों पर खरीदारी की। श्रद्धालुओं ने शीतला माता को नारियल, गुड बासोड़े का भोग लगाकर खुशहाली की कामना की। इस मौके कुम्हारवाड़ा, केशर विलास में गेर नृत्य का आयोजन किया गया। यहां पूर्व नरेश रघुवीरसिंह देवड़ा की उपस्थित में रामपुरा के ग्रामीणों ने गेर नृत्य किया। महिलाओं ने मंगल गीत गाए। पूर्व नरेश देवड़ा ने भी रामपुरा के ग्रामीणों को होली की बधाई दी। शिवगंज, पेशुआ, पोसालिया, अरठवाड़ा, रोहिड़ा, कालंद्री, बरलूट, जामोतरा, भूतगांव आदि जगहों पर मेले लगे।











**सरुपगंज।** शीतला सप्तमी श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। पेशुआ में मेला भरा गया। जिसमें आसपास गांवों के लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। महिलाओं ने सवेरे शीतला माता मंदिर पहुंचा माता की पूजा अर्चना कर बास्योड़े का भोग लगाया। खासी भीड़ के चलते मां के दर्शन, पूजा-अर्चना व भोग लगाने के लिए अपनी बारी के इंतजार में लोगों को लम्बी कतार में लगना पड़ा। युवा व बच्चों ने झुलो का आनंद लिया। महिलाओं ने भोग लगाने के बाद शीतला माता की कथा सुनी। नितोड़ा, काछोली, खाखरवाडा, रोहिड़ा, वासा, भीमाणा, भारजा व वाटेरा में भी पूजन कर पर्व मनाया गया।



**आबूरोड।** अंचल में शीतला सप्तमी का पर्व शुक्रवार को परम्परागत तरीके से मनाया गया है। महिलाओं ने शीतला माता की पूजा-अर्चना की। माता को ठंडे भोजन का भोग लगाया। माता की कथा श्रवण की। इसके बाद एक दिन पहले बनाए गए भोजन को ग्रहण किया। पर्व के तहत कई मंदिरों में भजन संध्या के आयोजन किए गए। माता की कथा का श्रवण किया। उनकी पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। परिजनों के लिए मंगलकामनाएं की। इसके बाद ठंडे भोजन को ग्रहण किया। पर्व के तहत बड़ी सब्जी मंडी, कुम्हार मोहल्ले, जूनी खराड़ी मंदिर, महावीर टॉकिज के समीप स्थित शीतला माताजी मंदिरों में भीड़-भाड़ रही। शहर समेत आसपास के ग्रामीण अंचलों में भी शीतला सप्तमी पर्व मनाया गया। इस दौरान पुरानी बड़ी सब्जी मंडी में भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या का आगाज गणेश वंदना से हुआ। भजन गायकों ने भजनों का गायन कर समां बांध दिया। मंदसोर के भजन गायक विष्णु परिहार ने छप्पन जोगनी रे मैया... बिगड़ी बना दे ए शेरो वाली..., जय जय राम जय श्रीराम... इंदौर की भजन गायिका हर्षिता कनोदिया ने बजरंगी बाला केसरिया लाला..., भक्तों को दर्शन दे गई..., काली कमली वाला... राजू भजनी ने होलिया मे उड़े रे गुलाल...भजन प्रस्तुत किया। देर रात्रि तक श्रद्धालु भक्ति सरिता में गोते लगाते रहे। भोर तक चली भजना संध्या का मां शीतला माता की आरती से समापन हुआ। वहीं सुबह से ही शीतला माता की पूजा अर्चना के लिए मंदिर में महिलाओं का तांता लगा रहा।







**पोसालिया।** अरठवाड़ा में शीतला सप्तमी के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में मंदिरों में दर्शन किए। मेले का आयोजन किया गया। जिसमें अरठवाड़ा समेत आस-पास के गांव के ग्रामीणों ने भाग लिया। महिलाओं ने पूजा अर्चना कर परिवार खुशहाली की कामना की। जिला मुख्यालय स्थित शीतला माता मंदिर में सुबह 4 बजे से ही भक्तों का आना शुरू हो गया। सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच सबसे ज्यादा भीड़ रही। डेढ़ दर्जन से अधिक आस पास के गांवों से श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। मंदिर से आयुर्वेदिक अस्पताल तक सड़क के दोनों ओर खेल-खिलौनों की दुकानें लगी थी। साथ ही पेयजल की व्यवस्था भी की गई थी। व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोतवाली पुलिस मौजूद रही। सिविल ड्रेस में पुरुष और महिला कॉन्स्टेबल भी तैनात रहे। शिवगंज के नेहरू नगर मोहल्ले स्थित शीतला माता मंदिर में महिलाओं और बालिकाओं की लंबी कतार लगी। अरठवाड़ा गांव के मंदिर में पोसालिया, वेक्सीन, उथमन, पालड़ी, चुली छीबा, रुखाड़ा, जोयला, जोगापुरा और आल्पा सहित कई गांवों के श्रद्धालु पहुंचे।कालंद्री में सार्वजनिक तालाब के किनारे स्थित मंदिर में मेले का आयोजन किया गया। यहां मोहब्बत नगर, चडुवाल और वलदरा से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आए। पिंडवाड़ा तहसील के पेशुआ गांव के मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर भोग लगाया और मन्नतें मांगी। सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर दर्शन किए। इधर शक्ति माता चौक पर गैर नृत्य में आयोजन किया गया। मीणा समाज के लोगों ने भाग लिया। इसके अलावा ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी रही।



**कालंद्री।** शीतला सप्तमी के पावन अवसर पर कस्बे के सार्वजनिक तालाब किनारे बने शीतला माता के मंदिर में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर मंदिर में दर्शन किए और बासोड़ा का भोग लगाकर मंगल कामना की । शीतला माता मंदिर में सुबह 6.00बजे से ही भक्तों का आना शुरू हो गया। सुबह 8.00 से दोपहर 12.00 के बीच सबसे ज्यादा भीड़ रही। आसपास के गांव चडुआल, मोहब्बत नगर, वलदरा से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आए। तालाब किनारे खेल खिलौने और खाने-पीने की बड़ी संख्या में दुकानें लगी थी। साथ ही छाया व पेयजल की व्यवस्था भी की गई थी।







**पिण्डवाड़ा।** शीतला सप्तमी पर महिलाओं ने बसोड़ा का भोग लगाया गया। लक्ष्मीनारायण साकदरा मे स्थित शीतला माता का मंदिर परिसर में लक्ष्मी नारायण सेवा समिति ट्रस्ट की ओर से मेले का आयोजन किया गया। मंदिर में सवेरे से ही भक्तों की अपार भीड़ उमड़ी। मेले मे ट्रस्ट की ओर से स्वछता का संदेश दिया। पुलिस का भी सहयोग रहा। ट्रस्ट उपाध्यक्ष चुनीलाल पुरोहित, भूपेंद्र, अमृतलाल, शंकरलाल, उम्मेद, बलवंत, जितेन्द्र कुमार, महेंद्र, दीपक एवं शुभम ने व्यवस्था संभाली। तीर्थंश्वर महादेव मंदिर मे भी श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। महादेव मंदिर के अध्यक्ष भगवानाराम प्रजापत और उनके कमेठी ने भक्तो के लिए चाय, पानी और प्रसादी आदि का सहयोग किया। सिवेरा रोड स्थित शीतलामाता मंदिर पर सुबह से ही लोगो का तांता लगा रहा। महिलाओ ने बास्योड़े का भोग लगाया। बच्चों ने मेले से खरीदारी की। मेले में पानी की व्यवस्था अशोक भाई सोनी द्वारा की गई थी ।



**जेकेपुरम।** जेके पुरम की लोडर कॉलोनी में शीतला माता मंदिर परिसर में गुरुवार रात को एक शाम शीतला माता के नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। उदयपुर से आए झांकी कलाकारों ने कई भगवानों की झांकी की प्रस्तुतियां दी। सभी मेहमानों का सम्मान किया। जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड प्लांट हेड राजेश केसवानी, विक्रमसिंह देवड़ा, जयसिंह राव, कानाराम, विक्रम, कालूराम, विराट, भीमसिंह, मुकेश, अजयराजसिंह, भंवरसिंह, कमलसिंह, कृपाराम, रूगाराम, गणेशाराम, सूरजसिंह, सुमेरसिंह, पारसमल, गुलाब, मानाराम, मनोज, अरविंद, राहुल, दीपक, नंदू, पारस, विकास, घनश्याम, पत्रकार राकेश चंदेल, गोविंदराम का सहयोग रहा। सुबह शीतलामाता के मंदिर पर ठंडे भोजन का भोग लगाकर शीतला सप्तमी का त्यौहार मनाया।



## न्यूज ब्रीफ

### रमजान माह के तीसरे जुम्मे पर उमड़ी नमाजियों की भीड़



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मंडार।** पवित्र माह रमजान का शुक्रवार को तीसरा जुम्मा होने के कारण मस्जिद नमाजियों से खचाखच भरी नजर आई। मौलाना सद्दीक अकबरी ने नमाज अदा करवाने के बाद सामूहिक रूप से अमन चैन की दुआ मांगी। मौलाना अकबरी ने अपनी तकरीर में कहा ज्यादा से ज्यादा इबादत कर अपने गुनाहों से तौबा करनी चाहिए। मौलाना ने कहा रोजा रखने के बाद इंसान को भूख का एहसास होता है। अपनी गलतियों के लिए सच्चे दिल से दुआ करते हैं। गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करते है। कुरआन की तिलावत करते हैं।

### गौरेया को बचाने की मुहिम, घर घर लगाएंगे घोंसले



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** उपवन संरक्षक पी बालू मुरूगन के सानिध्य में लब्धि सेवा संस्थान की ओर से विश्व गौरैया दिवस पर परिंडे एवं गोरिया के घर बनाने का अभियान की शुरुआत की। प्रथम चरण में 500 घोंसले व परिंडे निःशुल्क वितरित किये जायेंगे। पंछियों की एक बड़ी खूबसूरत प्रजाति दिन पर दिन विलुप्त होती जा रही है। जिसकी सुरक्षा के लिए लब्धि सेवा संस्था ने बीड़ा उठाया है। इस संस्था की मनीषा दिओल ने बताया की गोरिया के लिए छोटे-छोटे बहुत सुंदर घर एवं खाने एवं पीने के लिए परिंडे बनाकर लोगों के घरों में लगा रहे हैं। गुरुवार को उप मुख्य वन संरक्षक ने इसकी शुरुआत वन विभाग में घोंसला व परिंडे लगा कर की। संस्थान के राजेंद्र सिंघी, शांतिलाल माली, बी श्रीकांत, वंदना मीना, हनवंतसिंह, जितेंद्र माली मौजूद थे।

### युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** जूनी खराड़ी में एक युवक ने गुरुवार देर रात को फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर शहर पुलिस मौके पर पहुंची। पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। शहर कोतवाल हरचंद देवासी ने बताया कि जूनी खराड़ी के छीपा मोहल्ले निवासी गुरमीत पुत्र लक्ष्मण सोलंकी ने गुरुवार देर रात को मकान के ऊपरी कमरे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मर्ग दर्ज कर तहकीकात शुरु कर दी गई हैं।

### शराब तस्करी का फरार आरोपी गिरफ्तार



जागरूक टाइम्स संवाददाता


**आबूरोड।** रीको पुलिस ने शराब तस्करी के मामले में करीब डेढ़ साल से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया।रीको थानाधिकारी लक्ष्मणसिंह चंपावत ने बताया कि शराब तस्करी के डेढ़ साल पुराने मामले में हरियाणा के चरखी दादरी जिले के माईखुर्द निवासी कैलाश शर्मा पुत्र धर्मपाल को गिरफ्तार किया। प्रकरण में वांछित आरोपी कैलाश शर्मा की करीब डेढ साल तक अलग-अलग टीम भेजकर गिरफ्तारी के प्रयास किए गए। लेकिन, आरोपी अपना घर छोड़कर जगह बदलकर अलग-अलग जगहों पर रहने लगा था।

### जैन संघ बेंगलुरू की नई कार्य समिति का गठन

**सिरोही।** सिरोही जैन संघ बेंगलुरू की नई कार्य समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद पर रमेश सिघवी, उपाध्यक्ष मनीष हरण, सचिव राजेश कोठारी, संयुक्त सचिव अशोक हरण, कोषाध्यक्ष मनीष बाफना को नियुक्त किया गया। इसके अलावा चंद्रकांत तातेड़, आनंद शाहजी, कुलदीप बाफना, संजय कांगटानी, दिलीप भंडारी तथा अभिषेक कोठारी को सदस्य बनाए गए।

# चैत्र महोत्सव पर भाकरां में बाबा श्योपुरी जी महाराज मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

## हजारों भक्तों ने किए बाबा के दर्शन, मंदिर में विशेष श्रृंगार भजन संध्या भी हुई



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** तहसील के हरियाणा निकटवर्ती गांव भाकरां में चैत्र महोत्सव बाबा श्योपुरी जी महाराज मंदिर प्रांगण में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि के दिन मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। देर शाम रात्रि को मंदिर में जागरण भजन संध्या भी हुई भक्तों की भीड़ दर्शन करने के लिए उमड़ती रही। मंदिर में विशेष श्रृंगार किया गया मंदिर को झूमर बंदरबन और पुष्पों से सजाया गया था। बाबा श्योपुरी धाम ट्रस्ट भाकरां समिति ने इस आयोजन की तैयारियां एक पखवाड़े पहले की थी भक्तों की बड़ी संख्या को देखते हुए मंदिर समिति ने विशेष प्रबंध किए दर्शन व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए श्रद्धालुओं की महिला एवं पुरुषों की कतार वाइज अलग-अलग व्यवस्था की गई। हजारों भक्तों ने बाबा श्योपुरी जी महाराज भगवान शिव बजरंगबली हनुमान के दर्शन किए। आरती में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया शाम को मंदिर और पूरा आसपास का इलाका रोशनी से जगमगा उठा। रात्रि जागरण सत्संग में काफी लोग भजनों पर झूम उठे, पूरा का पूरा वातावरण बाबा श्योपुरी जी महाराज की भक्ति में लीन हो गया। मंदिर के बाहर बाबा श्योपुरी धाम ट्रस्ट भाकरां के सेवादार भी तैनात रहे। श्योपुरी धाम ट्रस्ट सेवा समिति के सेवादार रामकुमार मितड ने बताया कि मंदिर में भजन संध्या कलश यात्रा एवं प्रसाद वितरण में समस्त ग्राम वासियों का सहयोग काफी सहारानिय रहा। वहीं सेवादार कृष्ण भाकर, सूबेदार गोपीराम मितड, सूबेदार धर्मवीर मितड, साधुराम नागर, सुखवीर भाकर, सरपंच रामनिवास मितड, बनवारी लाल मेहरा, सहायक कृषि अधिकारी राजवीरसिंह मितड, धर्मवीर सिंह कादियान, जयवीर सिंह भाकर, ओमप्रकाश भाकर, सतीश भाकर, सुनील धर्मपाल भाकर, तुलसीराम भाकर कादियान, योगेश कादियान, सुरेंद्र भाकर, राजेश मितड, प्रेम मेहरा, जगमाल भाकर, आजाद सिंह भाकर, मेहताब सिंह मितड, चंद्रभान मितड, रामकिशन भाकर, रोहतास भाकर, रण सिंह भाकर, रमेश भाकर, मनदीप भाकर, नरेंद्र सिंह कादियान, अंकित कुमार सेन, प्रमोद भाकर, किरसन कुमार भाकर, बलवान सिंह, भेरी सूबेदार सतपाल सिंह, भेरी रामपाल सिंह, भेरी सहित काफी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु महिलाएं बच्चे बूढ़े नौजवान सभी ने अपनी सेवा तन-मन-धन से बाबा श्योपुरी जी महाराज मंदिर में अर्पित की गई। मन्दिर में रात्रि जागरण एवं भजन संध्या की गई। वहीं सुबह चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की षष्ठी को सुबह खीर जलेबी का प्रसाद वितरण किया गया एवं भंडारे का आयोजन किया गया।

# नवविवाहिताओं और युवतियों ने किया गणगौर माता का पूजन

## गणगौर माता की बिंदौरी निकाली गई

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नोहर।** राजस्थानी संस्कृति को गौरवमय बनाने वाले लोकप्रिय गणगौर पर्व को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। नव विवाहिताएं व युवतियां पूरी श्रद्धा के साथ गणगौर पूजन में जुटी हैं। शुक्रवार को वार्ड नंबर 25 में लक्ष्मी नारायण सोसायटी की महिलाओं और युवतियों ने गणगौर पूजन के लिए गणगौर माता की बिंदोरी धूमधाम से निकाली। पूजा अर्चना के बाद महिलाओं और युवतियों ने गणगौर माता को सुहाग की निशानी कांच की चूड़ियां, महावर, सिंदूर, रोली, मेहंदी, टीका, बिंदी, कंघा, सीसा, काजल, लाल चुनरी, प्रसाद आदि चढ़ाया। इस अवसर पर महिलाओं ने बांटो बांटो आज बधाई गणगौर मैया म्हार घर आई, चुंदड़ी रो सर्व सुहाग, आज सवेरे उठास्या म्हे तो, बाड़ी वाला बाड़ी खोल बाड़ी की किवाड़ी खोल, हां जी म्हारी गौरा बाईने चुंदड़ी रो चाव, म्हारी गौर तीसाई ओ राज, धूपियो देर धूपाइयो, उदियापुर स्यूं आई गणगौर आदि लोकगीत गाए। इसके अलावा भी कस्बे के विभिन्न गली मोहल्लों में गणगौर की पूजा धूमधाम से की जा रही है। महिलाओं और युवतियों द्वारा घर-घर जाकर गणगौर का पूजन किया जा रहा है। गणगौर के कर्णप्रिय पारपंरिक लोकगीत पूरे कस्बे में गूंज रहे हैं। गणगौर की सवारी ढोल-बाजे व गीतों के साथ निकाली जा रही है। राजस्थानी संस्कृति को गौरवमय बनाते इस पर्व पर राजस्थानी संस्कृति पूरी झलक रही है। गणगौर की बिंदोरी के अवसर पर सुशीला देवी व्यास ,प्रेम देवी, कोशल्या देवी,दीपिका व्यास, कोमल, निमिया देवी, सुनीता व्यास, मीरा देवी, विनीता शर्मा, सुमन हिसारिया, रेणु बंसल,सीमा हिसारिया,देविका गोयनका,मीरा देवी, विनोद व्यास, लक्ष्मी पारीक, ज्योति पारीक,ममता सोनी, मानवी, काजल, डेजी, राशि, श्रेया समेत अनेक महिलाए और युवतियां उपस्थित रही ।

## न्यूज ब्रीफ

### अखिल राजस्थान किसान मजदूर कर्मचारी संयुक्त महासंघ की बैठक आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** अखिल राजस्थान किसान मजदूर कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष प्रदेश के वरिष्ठ किसान नेता आदूराम न्यौल ने कहा कि देश में धार्मिक उन्माद फैलाकर गंगा जमुनी तहजीब को मत बिगाड़े। किसान नेता न्यौल ने कहा कि भाजपा भड़काऊ व विवादित बयान देकर देश में सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ रहा है, देश में कानून व्यवस्था चौपट, अपराधी बेलगाम, ढुलमुल प्रशासनिक व्यवस्था से देश में मंदिर, मस्जिद, शमशान, कब्रिस्तान के नाम पर जगह-जगह सांप्रदायिक दंगे हो रहे हैं, इन सब से देश को बांटने का काम किया जा रहा है। न्यौल ने कहा कि देश में 145 करोड़ लोगों में हिंदू मुस्लिम सिख इसाई है, सब भाई-भाई के नारे गुंजायमान होने चाहिए। विशाल भारत धर्मनिरपेक्षता की पटरी पर चल रहा है। सांप्रदायिक ताकत देश का माहौल बिगाड़ रही है इस पर कठोर लगाम लगाने की आवश्यकता है। किसान नेता न्यौल ने राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित कर विनम्र आग्रह किया है कि वह सांप्रदायिक ताकतों के खिलाफ कानूनी शिकंजा कसने के प्रभावी निर्देश जारी कर देश में अमन-चैन शांति व सांप्रदायिक सौहार्द कायम करने की व्यवस्था कराए। इस अवसर पर भगवानाराम जाट, ओम प्रकाश गर्ग, फूलचंद न्यौल, श्यामलाल नागवान, ओमप्रकाश जांगिड़, हीरालाल न्यौल, लिछमण मेघवाल, हरिराम न्यौल सहित सभी कार्यकर्ताओं ने सांप्रदायिक सौहार्द कायम रखने की अपील की है।

### फार्मर रजिस्ट्रेशन शिविर में किसान लाभांवित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ तहसील के राधा बड़ी ग्राम पंचायत में तीन दिवसीय फार्मर रजिस्ट्री शिविर आयोजित किया गया शिविर में दूसरे दिन भी सैंकड़ों किसानों ने भाग लिया कृषि पर्यवेक्षक रमेश कुमार ने बताया की भारत सरकार की इस योजना के तहत राधा बड़ी में भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में सैंकड़ों किसान शिविर में पहुंचे सभी विभागों की मौजूदगी रहीं। पंचायती राज खाद एवं नागरिक आपूर्ति विद्युत पशुपालन और चिकित्सा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। वहीं शिविर में दूसरे दिन 365 किसानों को फार्म रजिस्ट्री से जोड़ा गया। इस दौरान पटवारी रवीना पटवारी, प्रमिला कुंवर, विजेंद्र सिंह, ग्राम विकास अधिकारी नगेंद्र सिंह पूनिया, कृषि पर्यवेक्षक रमेश पूनिया, मोनिका, विनोद, अध्यापक जय राम, राजेश, डॉ नीतू, रवि कुमार, पशुपालन विभाग राजेश, सोनिका, विनोद राव, महेंद्र सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### क्रॉप कटिंग कर उत्पादन का आंकलन किया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** तहसील के राधा बड़ी ग्राम पंचायत के गांव भाकरां एवं आसपास एरिया में सरसों की कटाई शुरू हो गई है। वहीं गेहूं फसल भी पक कर तैयार खड़ी है। गांव भाकरां रोही में कृषि विभाग के अधिकारी क्रॉप कटिंग के माध्यम से गेहूं की फसल का उत्पादन की जांच कर रहे हैं। गांव में अभियान चला करें क्रॉप कटिंग के माध्यम से फसल की जांच की गई जिसमें पाया गया कि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष गेहूं फसल का उत्पादन मौसम परिवर्तन एवं अत्यधिक गर्मी की वजह से कम रहेगा। पटवारी बलवीर सिंह लुनिया ने बताया कि किसानों को 1 साल में कई तरह की फसलें लेने व रासायनिक खाद की अत्यधिक प्रयोग के चलते मिट्टी की उर्वरा क्षमता प्रभावित हो रही है। कृषि विभाग के निर्देश पर किसान फसलों के बेहतर उत्पादन को लेकर किसानों की कम लागत में आय बढ़ाने के लिए खेतों की मिट्टी पानी की जांच कराए एवं बेहतर उत्पादन पायें गेहूं क्रॉप कटिंग के दौरान पटवारी बलवीर सिंह लूनिया रिलायंस बीमा कंपनी के हेमाराम चौधरी सहायक रजनीकांत लूनिया भी साथ रहे।

### कलेक्टर रामावतार मीणा ने किया एनआईसी के नवीनीकृत कार्यालय का उद्घाटन




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में एनआईसी यानि राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के नवीनीकृत कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। जिला सूचना-विज्ञान अधिकारी कमलेश सैनी ने बताया कि कार्यालय का आधुनिक सुविधाओं युक्त नवीनीकरण करवाया गया है। इस मौके पर झुंझुनूं एसडीएम हवाई सिंह यादव, एडीआईओ पूनम महला, जितेंद्र लांबा समेत विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### सैन समाज का होली स्नेह मिलन 23 को

**झुंझुनूं। चूरू** रोड स्थित सैन छात्रावास में रविवार को दोपहर 12ः00 बजे होली स्नेह मिलन किया जाएगा। जानकारी देते हुए जिला संरक्षक राजेंद्र हर्षवाल ने बताया कि सैन समाज के कलाकारो द्वारा चंग पर धमाल गाकर व सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ होली स्नेह मिलन का आयोजन किया गया है।

# शेरे शेखावाटी सरदार हरलाल सिंह की 43वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित

## किसानों के मसीहा सरदार हरलाल सिंह के बताए मार्ग पर चलने की शपथ ली



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मण्डावा।** शेरे शेखावाटी सरदार हरलाल सिंह की 43वीं पुण्यतिथि शुक्रवार को उनके पैतृक गांव हनुमानपुरा में स्थित स्मारक स्थल पर आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रबुद्धजनों ने सरदार हरलाल सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सरपंच सुमित्रा देवी ने कहा कि युवाओं को सरदार हरलाल सिंह के विचारों को आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आजादी से पूर्व सरदार हरलाल सिंह ने विद्या मंदिर की स्थापना की थी जो आज सीनियर स्कूल के रूप में संचालित है। संयोजक राजन चौधरी ने कहा कि शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए युवा नवीनतम तकनीक का प्रयोग कर आगे बढ़े वही नशे की प्रवृति का त्याग कर नशा मुक्त समाज का निर्माण करें। इस मौके पर नरेश खादीवाला ने कहा कि सरदार हरलाल सिंह अनेक लोगों को जीवन में आगे बढ़ने का मौका दिया था जिससे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सुमित्रा सिंह, पूर्व उपमुख्यमंत्री कमला बेनीवाल, पूर्व विधायक सुधा देवी, पूर्व मंत्री रामनारायण चौधरी सहित अनेक नेताओं ने उनके सानिध्य में सफर तय किया। इस मौके पर सरदार हरलाल सिंह की पुत्र वधु लक्ष्मी देवी, पौत्र रोहित चौधरी, जीएसएस अध्यक्ष पवन दुलड़, पूर्व सरपंच फूल सिंह, प्रदीप दूलड़, योगेश, विधाधर, एडवोकेट विजयपाल, सुबोध, रजनीश, नवीन, संजीव, रोहिताश, फूलचंद, दुर्गादत, मनीराम सेवदा व फूलचंद सेवदा सहित अनेक ग्रामीण जन उपस्थित रहे। अंत में सुभाष सेवदा ने सभी का आभार प्रकट किया।

# पीएम श्री राजकीय मोहता बालिका विद्यालय में विज्ञान उत्सव के अंतर्गत हुई विविध प्रतियोगिताएं



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** पीएम श्री राजकीय मोहता बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग बीकानेर की ओर से आयोजित विज्ञान उत्सव 2024-25 के अंतर्गत शुक्रवार को विज्ञान से सम्बंधित विविध प्रतियोगिताएं हुई। कार्यक्रम प्रभारी विमलेश चन्द्र व. अ. ने बताया कि इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सुशीला बलौदा ने कहा कि विज्ञान उत्सव मनाने का मुख्य उद्देश्य विज्ञान के प्रति रूचि उत्पन्न करना है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित कर समाज को अंधविश्वास से बचाना है विशेषज्ञ वार्ता में देवदास स्वामी ने ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते खतरों के नजर पर्यावरण संरक्षण पर विचार व्यक्त किये, वहीं राहुल इंदौरियां ने विज्ञान विषय के चमत्कारों पर प्रकाश डाला।प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में कक्षा 9 की छात्रा मनीषा प्रथम, नफीसा बानो द्वितीय व साक्षी तृतीय स्थान पर रही। इसी प्रकार सीनियर वर्ग में 11 की छात्रा नंदिनी शर्मा प्रथम, नेहा द्वितीय, छवि पांचाल व निशा सारण संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रही। विज्ञान निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 11 की छात्रा खुशी शर्मा प्रथम, माया द्वितीय, रिद्धिमा व निक्कू तृतीय स्थान पर रही। विज्ञान चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 11 की छात्रा रागिनी प्रथम, सलोनी द्वितीय व मोनिका तृतीय स्थान पर रही। विज्ञान वाद-विवाद प्रतियोगिता में कक्षा 9 की छात्रा कोमल, सलोनी, आरुषि ग्रुप ने पक्ष में तथा मोनिका, सिया एवं रेखा ग्रुप ने विपक्ष में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वाद-विवाद का विषय मोबाइल बढ़ता उपयोग लाभदायक अथवा हानिकारक था। विजेता छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम प्रभारी विमलेश चन्द्र ने डीएसटी बीकानेर एवं विद्यालय परिवार का आभार जताया। प्राचार्य अरुणा वशिष्ठ एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# नशे के विरुद्ध अभियान से जुड़े शिक्षा और युवा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** कुरुक्षेत्र हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह, भापुसे के दिशानिर्देशों से आज हरियाणा में बकेट चैलेंज के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए निरंतर प्रेरित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, भापुसे और पुलिस अधीक्षक पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व में यह कार्यक्रम सोशल मीडिया के माध्यम से भी जन जन तक पहुंच रहा है। इस कड़ी में शुक्रवार को थानेसर में शिक्षकों एवं समाज के लोगों को बकेट चैलेंज से जोड़ा गया। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए थानेसर पहुंचे और शिक्षक एवं समाजसेवी भारतेन्दु हरीश और डॉ. अरुण कुमार के साथ लोगों को इस अभियान से जोड़ा। शिक्षक एवं समाजसेवी भारतेन्दु हरीश ने कहा कि नशा मुक्त अभियान एक बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है क्योंकि युवा देश की धरोहर है। यदि युवा नशे की दलदल में चला गया तो यह देश के विकास में बहुत बड़ी बाधा होगी। डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि वे बकेट चैलेंज को स्वीकार करते हैं और उनका ध्येय जन जन को इस अभियान से जोड़ना है। व्यवसायी दयानन्द इस अभियान से जुडक़र कहते हैं कि यह एक अति महत्वपूर्ण अभियान है।

# जिला मुख्यालय पर नवनिर्मित वीरगति स्मारक का उद्‌घाटन व लोकार्पण समारोह 26 मार्च को



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** जिला मुख्यालय पर नवनिर्मित वीरगति स्मारक का 26 मार्च को उद्घाटन व लोकार्पण किया जाएगा। इस संबंध में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन (नेवी) दलीप सिंह राठौड़ ने शुक्रवार को जानकारी साझा की। कैप्टन दलीप सिंह ने कहा कि वीरगति स्मारक का नवनिर्माण देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों को सच्ची श्रद्धांजलि है। हमारी भावनाएं वीरगति स्मारक से जुड़ाव रखती है। इन भावनाओं को मूर्त रूप प्रदान करने तथा वीरों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए जिले के रतननगर के स्व. भंवरलाल-संपति देवी हीरावत के सुपुत्र बसंत हीरावत व अभय हीरावत द्वारा उनके परिवार के आर्थिक सहयोग से जिला मुख्यालय पर वीरगति स्मारक का पुनर्निर्माण करवाया गया है। उन्होंने बताया कि जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ दक्षिण पश्चिम कमान के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह एवीएसएम, वाईएसएम, वीएसएम के मुख्य अतिथ्य में वीरगति स्मारक का उद्घाटन व लोकार्पण समारोह 26 मार्च को आयोजित किया जाएगा। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि वीरांगनाओं, भूतपूर्व सैनिकों से संवाद करेंगे तथा वीरांगनाओं का सम्मान करेंगे। आयुद्ध सेवा महानिदेशक लेफ्टिनेन्ट जनरल सुरेश चन्द्र टान्डी (एवीएसएम, वीएसएम), जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा व सैन्य अधिकारीगण एवं जिला स्तरीय अधिकारीगण भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति से अनुगृहीत करेंगे। इस अवसर पर वीरगति स्मारक के नवनिर्माण में अर्थिक सहयोग करवाने वाले बसंत हीरावत ने वीरगति स्मारक के बारे में समुचित जानकारी साझा की। कैप्टन (नेवी) दलीप सिंह राठौड़ ने जिले के वीरगति प्राप्त सैनिकों के परिजनों एवं आश्रितों तथा पदक विजेताओं, पूर्व सैनिकों, पूर्व सैनिकों की वीरांगनाओ से ज्यादा से ज्यादा संख्या मे वीरगति स्मारक के लोकार्पण समारोह में उपस्थित होने की अपील की है।

# प्रदूषण को रोकने हेतु विद्यार्थियों को जागृत करने के उद्देश्य से कार्यशाला आयोजित, विजेताओं को किया सम्मानित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड की ओर से ब्लॉक स्तरीय प्रदूषण रोक कार्यशाला का आयोजन महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय नवीन तारानगर में किया गया। इसमें 220 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सचिव खिराज सिंह भाकर ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में विभिन्न विद्यालयों में संचालित इको क्लब व नेशनल ग्रीन कोर के अंतर्गत की जा रही गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए प्रदूषण को रोकने हेतु विद्यार्थियों को जागृत करने के उद्देश्य से यह कार्यशाला आयोजित की गई है। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत पांच प्रतियोगिताएं भी करवाई गई। प्रतियोगिता प्रभारी श्री बलवंत सिंह ने बताया कि निबंध प्रतियोगिता में शांति देवी बालिका विद्यालय की छात्रा तनु कुमारी प्रथम तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बुचावास की छात्रा विनीता कुमारी द्वितीय रही। आशु भाषण में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय तारानगर की छात्रा अनन्या प्रथम रही तथा गोड़ास की छात्रा अलका द्वितीय रही। स्लोगन प्रतियोगिता में तारानगर की छात्रा नाज़नीन प्रथम रही तथा राजपुरा का छात्र शुभम द्वितीय रहा। पोस्टर प्रतियोगिता में तारानगर की छात्रा भावना प्रथम रही तथा तारानगर का ही छात्र वेणुगोपाल द्वितीय रहा। रंगोली प्रतियोगिता में गोड़ास की छात्राएं अंजलि व रेखा प्रथम रहीं तथा राजपुरा की छात्राएं नूरबानो तथा दीपिका द्वितीय रहीं। विजेताओं को प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चूरू से पधारे सीओ स्काउट महिपाल सिंह तंवर ने इस गतिविधि के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए रिड्यूस, रीयूज तथा रीसाइकिल के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति को अपना कर्तव्य निभाना चाहिए। सिंगल यूज प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े के थैले तथा इसी तरह के इको फ्रेंडली उत्पादों का प्रयोग करना चाहिए। संस्था प्रधान शिव कुमार ने आगंतुकों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर बलवंत सिंह, दिलीप कुमार, मनोज प्रजापत, किशोर कुमार निर्वाण, ताराचंद पूनिया, मांगीलाल गौड़, जाकिर हुसैन, ओमप्रकाश कस्वां, नवीन कुमार सहारण, नरेश पूनिया, सुभाष चन्द्र शर्मा, कमला भूरिया, रामेती भाकर, सुमन कंवर, सुनीता कुमारी, नीलम बेनीवाल, सत्येंद्र कुमार, धर्मेंद्र गोदारा तथा महात्मा गांधी विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ उपस्थित रहा।

# राज्य महिला आयोग के सदस्य सचिव विरेन्द्र सिंह यादव आए झुंझुनूं

## सखी वन स्टॉप सेंटर का किया आकस्मिक निरीक्षण

**झुंझुनूं।** राज्य महिला आयोग के सदस्य सचिव विरेन्द्र सिंह यादव ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर महिला अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने सेंटर पर विभाग द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही आश्रय सुविधा, भोजन व्यवस्था और परामर्श की बेहतरीन सेवाओं के लिए झुंझुनूं कार्यालय की प्रंशसा की। उन्होंने सुझाव दिया कि सखी केंद्र के डिस्प्ले बोर्ड समस्त सार्वजनिक स्थलों और सरकारी कार्यालय में प्रदर्शित किए जाएं। उन्होंने केंद्र पर आश्रय लेने वाली महिलाओं के लिए टीवी की सुविधा और एक मिनी लाइब्रेरी स्थापित करने की भी बात कही। उन्होंने बताया कि केंद्र पर आने वाली महिलाओं को कानूनी सहायता के साथ-साथ न्यायालय में वाद दायर करने के लिए निशुल्क वकील भी उपलब्ध करवाया जाएंगे।

# शीतला सप्तमी पर्व की धूम, गेर नृत्य आकर्षण का केंद्र

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** कस्बे में शीतला सप्तमी पर्व के अवसर पर शुक्रवार को प्रातः अंबे माता मंदिर के निकट भव्य आयोजन किया जाएगा। देसूरी ग्राम पंचायत द्वारा आयोजित इस उत्सव में राजस्थानी परंपरा अनुसार गेर नृत्य, गैड फोड़ प्रतियोगिता और जनप्रतिनिधियों का सम्मान जैसे कई कार्यक्रम होंगे। ग्राम पंचायत सरपंच केसाराम, ग्राम विकास अधिकारी घीसाराम चौधरी और उपसरपंच भवानीसिंह राठौड़ ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी यह पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत एक विशेष सभा से होगी, जिसमें भामाशाह, जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया जाएगा।

### गेर यात्रा का आयोजन

शीतला अष्टमी के मुख्य आयोजन के बाद, सभी गेरिए देसूरी थाना, वन विभाग, हवाला देसूरी और अन्य राजकीय स्थानों पर गेर नृत्य प्रस्तुत करेंगे। इससे पूरे क्षेत्र में उत्सव और सांस्कृतिक उल्लास का माहौल रहेगा। गांव में शीतला अष्टमी के इस भव्य आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं और ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

### राजस्थानी परंपरा का प्रदर्शन - गेर नृत्य

शीतला अष्टमी के मौके पर राजस्थानी लोक संस्कृति के पारंपरिक गेर नृत्य का आयोजन होगा। गेर नृत्य राजस्थान की सांस्कृतिक धरोहर का अहम हिस्सा है, जिसमें पारंपरिक वेशभूषा में सजे कलाकार ढोल-नगाड़ों की धुन पर नृत्य करेंगे।

### गैड फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन

ग्राम पंचायत द्वारा पारंपरिक गैड (मिट्टी की गैड) फोड़ने की प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में कई निशानेबाज भाग लेंगे, और विजेता प्रतिभागियों को ग्राम पंचायत द्वारा इनाम और पारितोषिक प्रदान किए जाएंगे।

## बाली : मेले में ढोल की थाप पर थिरके गेरिए, उमड़े मेलार्थी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** बाली के ऐतिहासिक किले में 20 फीट ऊपर सैकड़ों वर्ष पुराना शीतला माताजी का मंदिर काफी दर्शनीय है। शुक्रवार को मेला भरा गया। माताजी के दर्शन करने विभिन्न स्थानों से श्रद्धालुगण धोक लगाने आए। जिनकी मंगलकामनाएं हमेशा पूर्ण होती है। इसी मंदिर के पास में सती हुए बोल माजीसा का मंदिर है जो गुफानुमा चट्टान में विराजमान है। उसके ऊपर मंदिर का निर्माण करवाया गया। मंदिर के पास पत्थर की प्राचीन मूर्ति है जिसमें एक ओर तोता और दूसरी ओर नागदेव बने हुए हैं। पंडित अवधेश व्यास महाराज ने बताया कि बोल माजीसा



मंदिर के पास में ही प्राचीन काल से शीतला माताजी का मंदिर बना हुआ है। जिसका वर्ष में एक दिन शीतला सप्तमी के दिन मेला भरता है। इस बार भी सैकड़ों की संख्या में बाली सहित आस पास के दर्जनों गांवों के मेलार्थियों ने भाग लिया। गेर नृत्य का भी आयोजन हुआ जिसमें गेरियों ने ढोल की थाप और घुंघरू की जनकार के साथ आकर्षक गेर नृत्य किया। मेलार्थियों ने किला देखने का भी आनंद लिया। शीतला माताजी के पुजारी मगाराम माली ने बताया कि इस वर्ष यह मेला शुक्रवार को भरा गया और इसी दिन ठंडा भोजन का भोग लगाया गया। माताजी के भव्य मेले में अधिक संख्या में मेलार्थी उपस्थित हुए।

## मारवाड़-गोडवाड़ क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया शीतला सप्तमी पर्व

**सांडेराव।** स्थानीय नगर सहित आस-पास ग्रामीण क्षेत्रों में शीतला सप्तमी का पौराणिक धार्मिक पर्व शुक्रवार को भक्ति भावना के साथ हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। तालाब किनारे स्थित शीतला माता मंदिर में अल सुबह से ही महिलाओं की भारी भीड़ लगी रही। महिलाओं ने शीतला माता को बासोड़ा का भोग लगाकर परिवारजनों के लिए खुशहाली की मन्नतें मांगी। शाम को दुदेली माता मंदिर परिसर में गांव शाही गेर नृत्य का आयोजन हुआ जिसमें ग्रामीणों के साथ गेरियों ने पांव में घुंघरू बांध कर जमकर गेर नृत्य किया। मारवाड़-गोडवाड़ क्षेत्र में होली के सातवें दिन को शीतला सप्तमी के रूप में मनाया जाता है। इस दिन हिंदू परिवारों में बासी भोजन बनाकर उपयोग में लिया जाता है और बासी भोजन का ही प्रसाद बनाकर शीतला माता का पूजन कर उन्हें यह प्रसाद चढ़ाया



जाता है। खासकर चिकन पॉक्स, चेचक, मीजल्स जैसी बीमारियों के बचाव के लिए यह प्रसाद परिवार में बांटा जाता है।

इस दिन आग पर बनी और गर्म वस्तुओं का उपयोग परहेज है। पौराणिक परंपराओं के अलावा बदलते मौसम के साथ इसके वैज्ञानिक महत्व भी हैं। गर्मी के मौसम में बीमारियां बढ़ने की सम्भावना रहती हैं। इस त्योहार में दही का उपयोग किया जाता है जिसमें प्रोबायोटिक्स होते हैं जो रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाकर शरीर का तापमान बनाए रखने में सहयोगी होता हैं।



## शीतलासप्तमी के अवसर पर गौवंशों को गुड़ खिलाया

**देसूरी।** केशव नगर गौशाला में भाजपा नेता विरेन्द्रसिंह मादड़ी के नेतृत्व में शीतलासप्तमी के शुभ अवसर पर गौशाला में गौ भक्तों द्वारा गौवंशों को गुड़ व हरा चारा खिलाया गया। इस मौके पर प्रेम राजपुरोहित, विष्णु पुरोहित, अनिलसिंह, दशरथ चौधरी, भरत कुमार, देवजी पुरोहित, दिलीप पुरोहित आदि गौ भक्त मौजूद रहे।

## घाणेराव में हवाला माताजी का मेला आज गेर नृत्य के साथ होगा शुरू

**घाणेराव।** स्थानीय कस्बे में स्थित श्री हवाला जोगमाया का मेला शनिवार की शाम को गेर नृत्य के साथ शुरू होगा। जिसमें ग्रामीणों की ओर ढोल की ताल पर गेर नृत्य करेंगे। वहीं रात्रि में भजन संध्या आयोजन होगा। वहीं मेले के दूसरे दिन रविवार को महाआरती और प्रसादी आयोजित की जाएगी। श्री हवाला जोगमाया मित्र मंडल के अध्यक्ष जीवाराम चौधरी ने बताया कि संत करुणाकरणदास महाराज एवं संत देवीदास महाराज के सानिध्य में हवाला माताजी का दो दिवसीय मेला 22 व 23 मार्च को आयोजित किया जाएगा। जिसके प्रथम दिन 22 मार्च शनिवार की शाम गेर नृत्य कार्यक्रम होगा, तथा रात्रि में भजन संध्या आयोजित होगी। जिसमें भजन गायक हितेश रामावत, शंकर देवासी, किकराम देवासी की ओर से भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। मेले के दूसरे दिन रविवार की सुबह माताजी की पूजा अर्चना करने के साथ महाआरती की जाएगी। उसके बाद मेले में महाप्रसादी भक्तगण ग्रहण करेंगे। मेले में सहयोग करने वाले भामाशाहों का बहुमान मंडल किया जाएगा। मेले के सफल आयोजन को लेकर मंडल हंसाराम चौधरी, बाबूलाल चौधरी, अमराराम चौधरी, भोलाराम, मोडाराम चौधरी, वागाराम, भरत कुमार, सुरेश कुमार, जिगर चौधरी सहित अन्य सदस्यों को अलग-अलग व्यवस्थाओं को लेकर जिम्मेदारी दी गई।

## महिलाओं ने शीतला माता को ठंडे पकवानों का भोग लगाया

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** पाली में शीतला सप्तमी को लेकर शीतला माता को ठंडे भोजन का भोग लगाने के लिए शुक्रवार सुबह मंदिरों में महिलाओं की भीड़ उमड़ी। इस दौरान शहर के आदर्श नगर शीतला माता मंदिर सहित शहर के कई अन्य शीतला माता के मंदिरों में महिलाओं की लम्बी कतारे देखने को मिली।



## बाली विधानसभा प्रभारी कांग्रेस सिसोदिया का किया बहुमान



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** बाली विधानसभा प्रभारी कांग्रेस देवी सिंह सिसोदिया कुड़ी के नियुक्ति के प्रथम फालना आगमन पर रावणा राजपूत समाज बंधुओं ने पुष्पा हार पहनाकर सिसोदिया का बहुमान किया। सिसोदिया के बाली विधानसभा प्रभारी कांग्रेस बनने पर रावणा राजपूत समाज में खुशी की लहर है। इस अवसर पर बाली तहसील पूर्व अध्यक्ष विजय सिंह सिसोदिया, सुख सिंह खंगारोत, भवानी सिंह बेड़ा, उत्तम सिंह देवड़ा, इंद्र सिंह मेंफावत, पार्षदश्रीपाल सिंह आदि रावणा राजपूत समाज बंधु उपस्थित थे।

## एसपीयू महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**फालना।** एसपीयू जैन शिक्षण संघ द्वारा संचालित स्थानीय एसपीयू महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन का आयोजन प्राचार्य डा. हिमांशु मेहता की अध्यक्षता में 21 मार्च को सफलतापूर्वक किया गया। इस मौके पर विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें 5000 मीटर दौड़ प्रतियोगिता (छात्र) में प्रथम स्थान प्रकाश कुमार बीए तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान प्रवीण कुमार बीए तृतीय वर्ष एवं तृतीय स्थान शिवराज प्रताप सिंह बीएससी तृतीय सेमेस्टर ने प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता (छात्र) में प्रथम स्थान प्रवीण कुमार बीए तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान हितेश कुमार बीए प्रथम सेमेस्टर व हर्षित कुमार बीए तृतीय सेमेस्टर ने प्राप्त किया। एकल बैडमिंटन प्रतियोगिता (छात्रा) में प्रथम स्थान भावना सोनल बीए तृतीय सेमेस्टर, आयशा शेख बीकॉम तृतीय वर्ष एवं खुशी श्रीवास्तव बीए तृतीय सेमेस्टर ने प्राप्त किया। एकल बैडमिंटन प्रतियोगिता (छात्र) में प्रथम स्थान पर अभयराज सिंह बीसीए प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान पर हर्ष बीसीए प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय स्थान पर भावेश परिहार बीसीए प्रथम सेमेस्टर रहे। युगल बैडमिंटन प्रतियोगिता (छात्र) अंतर संकाय में प्रथम स्थान पर टीम अभयराज सिंह व हर्ष बीसीए प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान पर टीम निर्मल कुमार बीए तृतीय सेमेस्टर व करण बीए प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय स्थान पर टीम क्रितेश वैष्णव बीकॉम तृतीय सेमेस्टर व उत्तम प्रजापति बीकॉम प्रथम सेमेस्टर रही। इस टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अभयराज सिंह बीसीए प्रथम सेमेस्टर चुने गए। इसी कड़ी में



100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता (स्टाफ-महिला) में प्रथम स्थान श्रीमती अर्चना गुप्ता, द्वितीय स्थान डा. एकता झा एवं तृतीय स्थान सुश्री अपेक्षिता आशियां ने प्राप्त किया। बॉल फैंक प्रतियोगिता (स्टाफ-महिला) में प्रथम स्थान सुश्री अपेक्षिता आशियां, द्वितीय स्थान डा. एकता झा एवं तृतीय स्थान श्रीमती माधवी श्रीमाली ने प्राप्त किया। एकल बैडमिंटन प्रतियोगिता (स्टाफ-महिला) में प्रथम स्थान श्रीमती अर्चना गुप्ता, द्वितीय स्थान सुश्री अपेक्षिता आशियां एवं तृतीय स्थान डा. एकता झा ने प्राप्त किया। एकल बैडमिंटन प्रतियोगिता (स्टाफ-पुरुष) डा. ऋषि माथुर, द्वितीय स्थान डा. अरविंद सिंह चौहान और तृतीय स्थान डा. अंशुल शर्मा ने प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डा. हिमांशु मेहता ने सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई दी एवं विद्यार्थियों को खेलों की उपयोगिता समझाते हुए अधिक से अधिक खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। खेल अधिकारी चंद्रपाल सिंह ने सभी शैक्षणिक और अशैक्षणिक स्टाफ़ को सहयोग हेतु धन्यवाद दिया एवं विद्यार्थियों को इसी तरह खेल कूद में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया।

## एकल अभियान: प्रशिक्षण वर्गों का समापन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**फालना।** संभाग राजस्थान के अंचल पाली में एकल अभियान द्वारा संचालित 192 विद्यालय के आचार्य का पांच दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण का जिले के तीन स्थान पर संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण जिसमें प्रातः पांच बजे से रात्रि 10 बजे तक विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण लिया गया जैसे हिंदी गणित सामान्य ज्ञान विज्ञान खेल एवं संस्कार के विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण लिया गया। प्रांशिक्षण में राजस्थान प्रांत प्रांशिक्षण प्रमुख सुरेश शर्मा, गुलाब भाई राठौड़ एवं अंचल अभियान



प्रमुख तरुण कुमार रथ आयोजन प्रमुख महेश शर्मा वह अंचल टोली के कार्यकर्ता एवं नगर के अनुभवी व्यक्तियों द्वारा भी प्रशिक्षण लिया गया जिसका समापन क्रमस निंबेश्वर महादेव, बाली लोहार समाज धर्मशाला, देसूरी अंबे माता मंदिर पर संपन्न हुआ। इसमें अंचल समिति से संरक्षक श्रीमान नंदू भाई मेवाड़ा, अंचल कोषाध्यक्ष अमित मेहता एवं विश्व हिंदू परिषद के सूजाराम चौधरी, अरविंद, दरिया भारती उपस्थित रहे। इसमें 135 आचार्य ने प्रशिक्षण लिया।

## थैली में बहन का कटा पैर लेकर पहुंचा भाई

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** सड़क हादसे में लड़की का पैर कटकर अलग हो गया। घबराए परिजन उसे हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। लड़की के साथ उसके मामा का लड़का भी था, वह थैली में बहन का कटा हुआ पैर लेकर पहुंचा। हादसा शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे पाली शहर के पास जैतपुर गांव के करीब हुआ। हादसे में लड़की का पैर कटकर सड़क पर गिर गया। इधर, घायल मनीषा (14) को परिजन पाली के बांगड़ अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डाक्टर ने बताया कि बच्ची का पैर जुड़ पाना अब संभव नहीं है। दरअसल, मनीषा पाली के जैतपुर गांव की रहने वाली है। गुरुवार को वह अपनी मां के साथ टेम्पो में बैठकर अपने ननिहाल धोलैरिया शासन जा रही



थी। टेम्पो में करीब आठ से 10 सवारियां थीं। वह टेंपो में किनारे पर बैठी थी। जैतपुर से निकलते ही स्पीड में गैस सिलेंडर से भरी पिकअप टेम्पो के पास से निकली। इसी दौरान पिकअप की टक्कर लगते ही पैर के नीचे एडी वाला हिस्सा कटकर अलग हो गया। हादसे के बाद मनीषा जोर-जोर से चिखने और चिल्लाने लगी।

## सुमेरपुर में हेड कॉन्स्टेबल पर ट्रैक्टर चढ़ाने का प्रयास

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** पाली के सुमेरपुर में इन दिनों बजरी माफियाओं की दहशत देखने को मिल रही है। बजरी माफियाओं के हौंसले इतने बुलंद है कि उन्हें रोकने गए हेड कॉन्स्टेबल पर ट्रैक्टर-ट्रॉली चढ़ाने का प्रयास किया। सुमेरपुर एसएचओ रविन्द्र सिंह खिंची ने बताया कि गुरुवार रात करीब 10 बजे सूचना मिली कि जवाई नदी क्षेत्र में अवैध खनन हो रहा है। इस पर हेड कॉन्स्टेबल फुसाराम मयजाप्ता मौके लिए रवाना हुए। उन्होंने बजरी से भरे एक ट्रैक्टर को रोकने का इशारा किया लेकिन ड्राइवर ने ट्रैक्टर नहीं रोका। ट्रैक्टर की चपेट में आने से हेड कॉन्स्टेबल फुसाराम चोटिल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सुमेरपुर के महावीर हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। मामले में बजरी से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली को पुलिस ने जब्त किया है और उसके ड्राइवर माधोसिंह पुत्र शैतानसिंह निवासी छिबा गांव पालड़ी सिरोही को गिरफ्तार किया है। मंत्री ने कहा था कि खनन माफिया के खिलाफ करेंगे सख्त कार्रवाई गौरतलब है कि तीन दिन पहले मंत्री जोराराम कुमावत



ने पाली में प्रेस को संबोधित करते हुए कहा था कि उनके क्षेत्र में कहीं बजरी का अवैध खनन हो रहा है तो उसे रोकने के लिए पुलिस को पाबंद करेंगे।


बृहन्मुंबई महानगरपालिका

लोक स्वास्थ्य विभाग
एचओ/1128/एमआरटीएमएच दिनांक 21.03.2025

ई-निविदा सूचना

| | |
|---|---|
| विभाग | लोक स्वास्थ्य विभाग |
| उप विभाग | मातोश्री रमाबाई ठाकरे प्रसुति गृह |
| विषय | मातोश्री रमाबाई ठाकरे प्रसुति गृह में इंडोर पेशंट्स हेतु ब्रेकफास्ट एवं थाली का प्रावधान। **2025-एमसीजीएम-1162872-1** |
| ई-निविदा विक्रय | 20.03.2025 को 09.00 बजे<br>26.03.2025 को 16.00 बजे |
| वेबसाइट | http://mahatenders.gov.in |
| संबंधित अधिकारी का नाम | डॉ. विजया पाठारे, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी,<br>मातोश्री रमाबाई ठाकरे प्रसुति गृह फोन नं. 25005739 |
| मोबाइल नं. | 9975729114, 8097635653 |
| ई-मेल पता | **4241535@mcgm.gov.in** |

हस्ता./-
प्रभारी चिकित्सा अधिकारी
मातोश्री रमाबाई ठाकरे प्रसुति गृह,
घाटकोपर (प), मुंबई 400086

PRO/2891/ADV/2024-25

बुखार के लक्षण दिखने पर तुरंत खून की जांच कराएं।



बृहन्मुंबई महानगरपालिका

वृक्ष प्राधिकरण

सार्वजनिक सूचना

महाराष्ट्र (शहरी क्षेत्र) वृक्ष संरक्षण एवं संवर्द्धन अधिनियम 1975 (24 जनवरी 2021 तक संशोधित) की धारा 8 (3) (सी) अंतर्गत प्रावधानों सहित इसके परिपालन में अंतर्गत वृक्षों के उन्मुलन हेतु **जोन-III** में के/पूर्व **वॉर्ड में 02 प्रस्ताव, अर्थात** कुल **02** प्रस्ताव महापालिका आयुक्त, अध्यक्ष, वृक्ष प्राधिकरण समिती के पास वृक्ष निर्मूलन हेतु स्वीकृती के लिए प्राप्त हुए है।

कटाई/स्थानांतरण हेतु उक्त अंकित प्रस्तावों की जानकारी एमसीजीएम की वेबसाइट http://mcgm.gov.in, --> About us --> wards/ Departments --> Department manuals --> Gardens & Tree Authority - Tree Authority Public Notice--> Public Notice 7 days. --> 372 - Zone III पर उपलब्ध है।

उक्त प्रस्तावों हेतु नागरिकों से यदि कोई हो, कार्यालय अधिक्षक उद्यान एवं वृक्ष प्राधिकारी में इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 7 दिन के अंदर आपत्तियां/सुझाव निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित है।

आप अपने आपत्तियां/सुझाव निर्धारित प्रारूप में ई-मेल आईडी bdysg.ta@mcgm.gov.in पर भेज सकते है। निर्धारित समय में प्राप्त आपकी आपत्तियां/सुझावों को नोट किया जाएगा। उक्त दिनांक पश्चात ई-मेल या लिखित रूप में प्राप्त आपत्तियां/सुझावों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्राप्त आपत्तियां/सुझावों की सुनवाई 02.04.2025 को शाम 04.30 से 05.00 बजे कार्यालय उद्यान अधिक्षक एवं वृक्ष प्राधिकारी में की जाएंगी।जो कोई भी इस सुनवाई में उपस्थित रहना चाहता है, अपनी आपत्तियां/सुझावों की निर्धारित प्रारूप में प्रतिलिपी के साथ उपस्थित रह सकते है।

**उद्यान अधिक्षक एवं वृक्ष प्राधिकारी,**
**कार्यालय उद्यान अधिक्षक एवं वृक्ष प्राधिकारी,**
**2 रा तल, हंबोल्ट पेंगुइन बिल्डींग, वीर माता जिजाबाई भोसले उद्यान एवं प्राणी संग्रहालय,**
**संत सावता माळी मार्ग, भायखळा (पूर्व), मुंबई 400027**
**फोन नं. 022-23742162, ई-मेल:** dysg.ta@mcgm.gov.in

हस्ता./-
उद्यान अधिक्षक एवं वृक्ष प्राधिकारी

PRO/2900/ADV/2024-25

आइएं साथ में मुंबई को मलेरिया मुक्त बनाएं।

# आईपीएल के पहले मुकाबले में बारिश बनेगी विलेन!



**कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के बीच 22 मार्च को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में होने वाले पहले मुकाबले पर बारिश का खतरा मंडरा रहा है. मौसम विभाग ने 20 से 22 मार्च के बीच बारिश और आंधी के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. आईपीएल 2025 के शुरू होने को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह है, लेकिन कोई भी नहीं चाहेगा कि टूर्नामेंट की शुरुआत बारिश से प्रभावित हो. हालांकि, ईडन गार्डन्स में बेहतरीन जलनिकासी व्यवस्था है, जिससे बारिश रुकने के बाद खेल जल्दी शुरू हो सकता है. लेकिन अगर बारिश लगातार होती रही, तो मैच रद्द होने की संभावना बढ़ जाएगी.**

### आरसीबी को पहली ट्रॉफी की तलाश

कोलकाता नाइट राइडर्स इस बार गत विजेता के रूप में टूर्नामेंट में उतर रही है. श्रेयस अय्यर की कप्तानी में टीम ने पिछले साल सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को फाइनल में हराकर तीसरी बार खिताब अपने नाम किया था. अब केकेआर आईपीएल इतिहास की तीसरी सबसे सफल टीम बन चुकी है, जबकि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और मुंबई इंडियंस (एमआई ) पांच-पांच खिताब के साथ सबसे आगे हैं. दूसरी ओर, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) इस बार अपना पहला आईपीएल खिताब जीतने की कोशिश करेगी. टीम की गेंदबाजी हमेशा चिंता का विषय रही है, लेकिन इस बार भुवनेश्वर कुमार और जोश हेज़लवुड के आने से गेंदबाजी आक्रमण मजबूत हुआ है.

### मौसम विभाग की भविष्यवाणी

भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) के अनुसार, बंगाल की खाड़ी से आ रही नम हवाओं के कारण 20 से 22 मार्च के दौरान पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में गरज के साथ बारिश और तेज़ हवाएं चलने की संभावना है. अगर बारिश ज्यादा देर तक नहीं रुकी, तो यह मैच को प्रभावित कर सकती है, जिससे फैंस को निराशा हो सकती है. अब सभी की निगाहें मौसम पर टिकी होंगी कि आईपीएल 2025 की शुरुआत बिना किसी बाधा के हो सके. फैंस घर बैठे इस मैच को लाइव देख सकेंगे. आईपीएल का लाइव प्रसारण टीवी और मोबाइल ऐप दोनों पर देखा जा सकेगा. आईपीएल 2025 का लाइव प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर देखा जा सकेगा.

### मैच से पहले होगी ओपनिंग सेरेमनी दिशा पाटनी मचाएंगी धमाल

आईपीएल 2025 से पहले ओपनिंग सेरेमनी का आयोजन होगा. इसमें बॉलीवुड के कई दिग्गज शामिल होंगे. ओपनिंग सेरेमनी 22 मार्च को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में आयोजित होगा. आईपीएल की ओर से श्रेया घोषाल, दिशा पाटनी और करण औजला को इनवाइट किया गया है.

# सचिन के साथ दुनिया के सबसे अमीर आदमी ने खाया वड़ा पाव



दुनिया के सबसे अमीर व्यक्तियों में से एक बिल गेट्स अक्सर भारत घूमने आते रहते हैं. पिछले दिनों भी उन्हें यहां देखा गया है, मजे की बात यह है कि उन्हें सचिन तेंदुलकर के साथ वड़ा-पाव का आनंद लेते देखा गया. कयास लगाए जा रहे हैं कि यह किसी एड्वर्टाइजमेंट का टीजर है और वीडियो क्लिप के अंत में कैप्शन दिया गया, "जल्द ही सेवाएं देंगे." हालांकि अभी तक सचिन तेंदुलकर या बिल गेट्स ने किसी बिजनेस डील की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है. वहीं बिल गेट्स ने भी वीडियो साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, "काम पर जाने से पहले ब्रेकफास्ट करते हुए."

- **बिल गेट्स पीएम मोदी सहित कई नामी हस्तियों से मिले.**

### क्यों भारत आए हैं बिल गेट्स?

- बता दें कि, माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक 'बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन' की 25वीं वर्षगांठ मनाने के लिए भारत आए थे. यहां आकर उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री एस जयशंकर के अलावा कई नामी हस्तियों से मुलाकात की. गेट्स ने हाल ही में अपने एक ब्लॉग में लिखा था कि वो यहां इसलिए आए हैं क्योंकि भारत स्मार्ट और कुछ हासिल करने की चाह रखने वाले लोगों से भरा हुआ है. उन्होंने यह भी कहा कि भारत के लोग समस्याओं का नए-नए तरीकों से समाधान निकालना जानते हैं.

बाबर प्रपोज करेंगे, तो क्या करोगी?

# पाक अभिनेत्री जहांगीर के कमेंट पर मचा बवाल



पाकिस्तानी अभिनेत्री नाजिश जहांगीर को बाबर आजम के फैंस जमकर ट्रोल करने में लगे हैं. दरअसल हाल ही में इंस्टाग्राम पर जहांगीर का रिएक्शन सामने आया है. उनसे पूछा गया कि अगर बाबर आजम उन्हें प्रपोज करते हैं तो उनका रिएक्शन क्या होगा? नाजिश ने कहा, "मैं उनके प्रपोजल को ठुकरा दूंगी." उनका यह जवाब पाक टीम के स्टार बल्लेबाज के फैंस को पसंद नहीं आया, जिसके बाद से बाबर आजम के फैंस अभिनेत्री को ट्रोल करने में लगे हैं.

- इन आलोचनाओं से निराश होकर नाजिश जहांगीर ने कहा, "ये बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि ये ना केवल मेरा बल्कि बाबर आजम का भी नाम खराब कर रहे हैं. ये लोग बाबर का सम्मान और आदर करने दावा करते हैं, लेकिन उनका व्यवहार बिल्कुल खराब है. मुझे उन पर दया आती है." नाजिश पर ट्रोल कमेंट्स की इतनी बारिश हुई कि उन्हें अपना अकाउंट पब्लिक से 'प्राइवेट' करना पड़ा.
- इस बीच जहांगीर का एक स्क्रीनशॉट भी वायरल हुआ है, जिसमें फेरबदल करके ऐसे कमेंट डाले गए हैं, जैसे वो अपने आलोचकों के लिए बहुत अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रही हों. उन्होंने फेक तस्वीर के खिलाफ और ऑनलाइन उत्पीड़न पर भी निराशा जताई. इस बीच जहांगीर के खिलाफ फ्रॉड केस दर्ज किया गया है.

# आईपीएल में आया नया नियम

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) पुरजोर कोशिश कर रहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग में आउट-नॉट आउट या अन्य फैसलों में गलती की कोई गुंजाइश ना रह जाए. अब बीसीसीआई ने शॉर्ट गेंदों पर नो-बॉल या वाइड का फैसला लेने के लिए नया तरीका निकाला है. अभी आईपीएल में कोई गेंदबाज एक ओवर में 2 बाउंसर गेंद फेंक सकता है. आईपीएल 2024 में खिलाड़ी की कमर की ऊंचाई को मापकर नो-गेंद का पता लगाने के लिए नई तकनीक इजात की गई थी.

**BCCI लाई नई तकनीक, अब वाइड और नो बॉल पर नहीं होगा विवाद!**



### नो बॉल और वाइड पर नहीं होगा विवाद

- टाइम्स ऑफ इंडिया के हवाले से एक सूत्र ने बताया, "जब बल्लेबाज क्रीज के अंदर खड़ा होगा, तब उसकी कमर की ऊंचाई, कंधों की ऊंचाई और सिर की ऊंचाई का माप लिया जाएगा. इस डाटा को उस सिस्टम में अपलोड किया जाएगा, जिसे हॉक-आई ऑपरेटर इस्तेमाल करते हैं. यह ऑपरेटर थर्ड अंपायर के साथ बैठता है. इससे कमर तक की ऊंचाई वाली फुलटॉस गेंद, बाउंसर, नो बॉल और वाइड बॉल का पता चलता है.

# माही समेत तीन दिग्गज खिलाड़ी आईपीएल से ले सकते हैं संन्यास

**महेंद्र सिंह धोनी चेन्नई सुपर किंग्स को अपनी कप्तानी में खिताब जितवा चुके हैं. वे कई मौकों पर विस्फोटक बैटिंग कर चुके हैं, लेकिन अब संन्यास के करीब पहुंच गए हैं. बता दें कि, आईपीएल 2025 का शनिवार यानी आज से आगाज हो रहा है. सीजन का पहला मैच केकेआर और आरसीबी के बीच खेला जाएगा. चेन्नई सुपर किंग्स का पहला मैच मुंबई इंडियंस से है. महेंद्र सिंह धोनी इस मैच में खेलते हुए नजर आ सकते हैं. धोनी इस सीजन के बाद संन्यास भी ले सकते हैं. वे 43 साल के हो गए हैं. आईपीएल के पिछले सीजन के बाद धोनी के संन्यास की चर्चा थी. लेकिन उन्होंने संन्यास नहीं लिया.**




- वहीं, फाफ डु प्लेसिस भी 40 साल के हो गए हैं. उनके लिए भी आईपीएल 2025 आखिरी सीजन हो सकता है. हालांकि इसको लेकर अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है.
- डुप्लेसिस आईपीएल में 145 मैच खेल चुके हैं. उन्होंने इस दौरान 4571 रन बनाए हैं. वे आईपीएल करियर में कई टीमों का हिस्सा रहे हैं.
- इसके अलावा कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाड़ी सुनील नरेन का नाम संन्यास लेने वालों की लिस्ट में शामिल हो सकता है. नरेन टूर्नामेंट में 177 मैच खेल चुके हैं. सुनील नरेन ने आईपीएल में 1534 रन बनाए हैं. इस दौरान एक शतक और सात अर्धशतक लगाए हैं.

## म नो रं ज न

# 'जेलर 2' में छाए रजनीकांत

सुपरस्टार रजनीकांत इन दिनों अपनी फिल्म 'जेलर 2' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसका फिल्मांकन चेन्नई में तेजी से चल रहा है। फिल्म का निर्देशन नेल्सन दिलीप कुमार कर रहे हैं। हाल ही में 'जेलर 2' के सेट से एक तस्वीर सामने आई, जिसने इंटरनेट पर धूम मचा दी। इस तस्वीर में रजनीकांत मशहूर निर्देशक लोकेश कनगराज और कार्तिक सुब्बाराज के साथ हंसी-मजाक करते नजर आए। नेल्सन दिलीपकुमार भी इस पल का हिस्सा बने, जिससे यह मौका और भी यादगार हो गया। फिल्म के निर्माताओं ने इस तस्वीर को शेयर करते हुए कैप्शन दिया, "पेट्टा, कुली, जेलर"। दरअसल, इस पोस्ट में उन फिल्मों का जिक्र किया है जो इन निर्देशकों ने रजनीकांत के साथ बनाई है। तस्वीर में तीनों निर्देशक रजनीकांत के साथ खड़े हैं। वहीं, रजनीकांत अपने खास अंदाज में गर्मजोशी बिखेरते दिखे। लोग अब कयास लगा रहे हैं कि क्या इस मौके पर कोई नया क्रिएटिव आइडिया या कुछ नया बड़े पर्दे पर देखने को मिलेगा? फिल्म की शूटिंग के लिए चेन्नई की एक फिल्म सिटी में बड़ा गांव का सेट तैयार किया गया है। 'जेलर 2' की शूटिंग तेजी से चल रही है। तकनीकी टीम तैयार है और फैंस को उम्मीद है कि यह फिल्म भी धमाल मचाएगी। इस फिल्म के पहले भाग ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की थी।

'जेलर 2' के अलावा रजनीकांत जल्द ही लोकेश कनगराज की फिल्म 'कुली' में दिखेंगे। यह एक एक्शन ड्रामा फिल्म है, जो अगस्त में सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। फिल्म में नागार्जुन और श्रुति हासन भी मुख्य भूमिकाओं में हैं।



# 'सिकंदर' की एडवांस बुकिंग शुरू

सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' इस ईद पर रिलीज के लिए तैयार है। इस फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। हालांकि फिल्म का ट्रेलर अभी भी रिलीज नहीं किया गया है। फिल्म 30 मार्च को रिलीज होगी। एक खबर के मुताबिक, फिल्म की विदेशों में एडवांस बुकिंग हो रही है। जहां विदेशों में लोग फिल्म देखने के लिए सिनेमाघरों में अपनी सीट बुक कर रहे हैं, वहीं भारत में अभी इस फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू नहीं हुई है। खबर है कि 29 मार्च से फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो सकती है। विदेशी बाजार में ये चलन है कि यहां पर फिल्म रिलीज के काफी पहले ही एडवांस बुकिंग शुरू हो जाती है। कई फिल्मों के लिए एक महीना पहले एडवांस बुकिंग शुरू हो जाती है। प्रभास की 'सालार' फिल्म के लिए एक महीने पहले ही एडवांस बुकिंग शुरू की गई थी। खबर के मुताबिक 'सिकंदर' के निर्माता फिल्म का ट्रेलर धूमधाम से रिलीज करेंगे। एक खबर के अनुसार 'सिकंदर' ने एडवांस बुकिंग में अमेरिका में लगभग 13 लाख रुपयों की कमाई की।





# 'जो जीता वही सिकंदर' के वो 'चार बदतमीज कलाकार कौन ?




आमिर खान ने अपनी फिल्म 'जो जीता वही सिकंदर' फिल्म के निर्माण को किया याद, जिसमें उन्होंने कहा कि वह परेशानी से भरा हुआ था। चार कलाकार ऐसे थे जिनका व्यवहार बहुत खराब था। हालांकि,उन्होंने उन कलाकारों का नाम नहीं बताया। आमिर खान ने साल 1992 में आई 'जो जीता वही सिकंदर' के निर्माण के बारे में बात की। अभिनेता ने बताया कि फिल्म की शुरुआत में अलग-अलग कलाकार थे, जिसमें देविका की भूमिका के लिए एक अलग अभिनेत्री शामिल थी। 60-70 दिनों तक ऊंटी और कोडईकनाल में शूटिंग के बाद निर्देशक मंसूर खान का दो महीने बाद फोन आया और कहा कि देविका का किरदार सूट नहीं कर रहा है।

# रणबीर को चाहिए दूसरा बच्चा!



रणबीर कपूर और आलिया भट्ट ने 2022 में शादी की थी और उसी साल अपनी बेटी राहा का स्वागत किया। रणबीर अपनी बेटी राहा से बहुत प्यार करते हैं और अक्सर उनके नाम वाले कपड़े पहने नजर आते हैं। वहीं अब आलिया ने अपने दूसरे बच्चे और आगे की प्लानिंग के बारे में बात की हैं। रणबीर कपूर अपनी बेटी से इतना प्यार करते हैं कि उन्होंने कथित तौर पर राहा के नाम का टैटू अपने कॉलरबोन पर भी बनवाया हुआ है। हाल ही में एक इंटरव्यू में रणबीर ने बताया कि लोग उनके बारे में गूगल पर सबसे ज्यादा क्या सर्च करते हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि वह जल्द ही एक और टैटू बनवा सकते हैं, शायद अपने बच्चों के नाम का। इससे यह भी संकेत मिला कि वह और आलिया जल्द ही कोई खुशखबरी दे सकते हैं। शायद कपल दूसरे बच्चे की प्लानिंग कर रहा है । बता दें कि रणबीर ने इंटरव्यू में कुछ ऐसे ही संकेत दिए थे । उन्होंने कहा, "उम्मीद है कि मैं जल्द ही एक और टैटू बनवाऊंगा। शायद अपने बच्चों के नाम का।" वहीं, आलिया ने भी हाल ही में बताया कि उन्होंने अपने दूसरे बच्चे का नाम पहले से ही सोच लिया है। एक पॉडकास्ट में आलिया ने कहा कि जब वह और रणबीर राहा के लिए नाम ढूंढ रहे थे, तब उन्होंने लड़के और लड़की दोनों के नाम सोचे थे। आलिया ने आगे बताया, "जब हम अपने परिवार से लड़के और लड़की दोनों के नाम सुझाने को कह रहे थे, ताकि हम तैयार रहें। कई नामों में से हमें एक लड़के का नाम बहुत पसंद आया, लेकिन मैं अभी वह नाम नहीं बताऊंगी। फिर रणबीर की मां ने 'राहा' नाम सुझाया और कहा कि यह लड़के के नाम के साथ भी अच्छा लगेगा। हमें राहा तुरंत पसंद आ गया। तो हमारे पास अब एक लड़के का नाम पहले से ही तैयार है।" वहीं,वर्कफ्रंट की बात करें तो आलिया इन दिनों अल्फा की शूटिंग में व्यस्त हैं और वहीं रणबीर कथित तौर पर फिल्म रामायण की शूटिंग में व्यस्त हैं। रामायण में रणबीर के साथ साई पल्लवी नजर आएंगी।

# किक-2 में होंगी जैकलिन?



जैकलिन फर्नांडीस साल 2014 में आई फिल्म 'किक' के दूसरे पार्ट का हिस्सा बनने की उम्मीद जताई है। उनके मुताबिक फिल्म ने उनकी जिंदगी बदल दी थी। यह फिल्म साल 2009 में आई तेलुगु फिल्म 'किक' की रीमेक थी। फिल्म में सलमान खान, जैकलिन फर्नांडीस के अलावा नवाजुद्दीन सिद्दीकी और रणदीप हुड्डा भी थे। जैकलिन ने कहा 'मैं इस फ्रेंचाइज को लेकर बहुत उत्साहित हूं, लेकिन मुझे लगता है कि अगर साजिद नाडियाडवाला या सलमान खान इसकी तस्दीक करें तो ज्यादा अच्छा होगा। मैं उम्मीद करती हूं कि ये फिल्म जल्दी बने क्योंकि 'किक' को लोगों से खूब प्यार मिला था। इस फिल्म ने मेरी जिंदगी बदल दी थी।' जैकलिन ने मीडिया से मुखातिब होते हुए जी सिने अवॉर्ड के प्रेस कांफ्रेंस में ये बातें कहीं। जैकलिन ने 'मर्डर 2', 'रेस 3' और 'ढिशूम' जैसी फिल्मों में काम किया है। साल 2025 में उनकी कई फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इससे वह काफी उत्साहित हैं। वह जल्द ही 'वेलकम' और 'हाउसफुल 5' में नजर आने वाली हैं। जैकलिन के मुताबिक यह बहुत ही अच्छा साल होने वाला है। क्योंकि मेरी कई फिल्में रिलीज होने वाली हैं। मैं 'हाउसफुल' में दोबारा वापसी कर रही हूं। हम इस वक्त 'हाउसफुल 5' में हैं। जैकलिन की फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' बहुत कॉमेडी फिल्म होने वाली है। उन्होंने बताया यह मेरे लिए बहुत नया है। शूटिंग के वक्त हमने बहुत अच्छा वक्त गुजारा है। मुझे उम्मीद है दर्शक इसे खूब प्यार देंगे। मैं इसे लेकर उत्साहित हूं।

विश्व वानिकी दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह

# हरे-भरे और स्वस्थ राजस्थान का संकल्प : भजनलाल शर्मा

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से प्रेरणा लेकर राज्य सरकार ने मिशन हरियालो राजस्थान के तहत 50 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है, जिसके अंतर्गत वर्ष 2024-25 में प्रदेश में 7 करोड़ पौधे लगाए गए तथा बजट वर्ष 2025-26 की घोषणा की अनुपालना में इस वर्ष 10 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। शर्मा शुक्रवार को विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर जयपुर के राजस्थान इन्टरनेशनल सेन्टर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रकृति हमारे जीवन का आधार है। हमारी संस्कृति में पेड़, प्रकृति एवं पहाड़ों की पूजा की जाती है तथा राजस्थान का पर्यावरण संरक्षण से पुराना नाता रहा है। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि हम वनों को बचाने और अपनी जैव-विविधता को संरक्षित करने के साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरा भरा और स्वस्थ राजस्थान बनाने का संकल्प लें।



प्रदेशभर में इस वर्ष लगाए जाएंगे 10 करोड़ से अधिक पौधे

### गोडावण संरक्षण के प्रयासों की सराहना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वन, पर्यावरण एवं जलवायु संतुलन के प्रयासों में एक वैश्विक लीडर बनकर उभरे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय वन्यजीव मंडल की बैठक में गोडावण पर राज्य में किए जा रहे संरक्षण कार्यों की सराहना करते हुए राष्ट्रीय गोडावण संरक्षण एक्शन प्लान की भी घोषणा की है।

### रिड्यूस, रीयूज और रीसाइकल को बढ़ावा

प्रधानमंत्री के आह्वान पर हमारी सरकार थ्री आर यानी रिड्यूस, रीयूज और रीसाइकल को बढ़ावा देकर कचरे के प्रभावी प्रबंधन, जल संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा और संसाधन दक्षता पर विशेष ध्यान दे रही है। बजट 2025-26 में राजस्थान सर्कुलर इकोनॉमी इंसेंटिव स्कीम 2025 की घोषणा की है।

### प्रदेशवासियों को परियोजनाओं की सौगात

- वन विभाग द्वारा विभागीय कार्यों में पारदर्शिता लाने हेतु नवीनतम आईटी तकनीक के उपयोग से विकसित 'डिजी-वन-फोरेस्ट स्टैक' एप का शुभारंभ किया, जो कि देशभर का पहला डिजिटल फोरेस्ट स्टेक है।
- सीतामाता वन्यजीव अभ्यारण्य में इको टूरिज्म फैसिलिटीज तथा केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान, भरतपुर व नाहरगढ़ बायोलोजिकल पार्क में गोल्फ कार्ट सुविधा को प्रदेश की जनता को समर्पित किया।
- वन मृदा स्वास्थ्य कार्ड एवं राजस्थान में जलवायु परिवर्तन प्रतिक्रिया और पारिस्थितिकी तंत्र सेवा संवर्धन के लोगो का अनावरण तथा वन प्रशिक्षण एवं प्रबंध संस्थान का डिजिटल माध्यम से शिलान्यास भी किया।
- मुख्यमंत्री ने वनमित्रों को किट वितरित किए तथा वन विभाग में कार्यरत महिला कार्मिकों को भी उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया।
- मुख्यमंत्री ने पौधरोपण किया तथा गोल्फ कार्ट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान शुरू किया है। इस अभियान के अंतर्गत मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में हुए उत्कृष्ट कार्यों का प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में विशेष उल्लेख भी किया।
- प्रदेश में पौधरोपण के साथ-साथ उनकी सुरक्षा के लिए मॉनिटरिंग की भी अनूठी व्यवस्था की गई है।
- इसी तरह वन विभाग द्वारा वन सुरक्षा एवं प्रबंधन समिति के रजिस्ट्रीकरण का कार्य भी किया जा रहा है।

### एक जिला-एक प्रजाति

राज्य सरकार द्वारा स्थानीय प्रजातियों के संरक्षण एवं विस्तार हेतु "एक जिला-एक प्रजाति" कार्यक्रम, सभी जिलों में मातृ वन की स्थापना, वन रक्षकों की भर्ती जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। ग्रासलैंड संरक्षण एवं विकास के कार्य एवं घड़ियाल संरक्षण के लिए सवाई माधोपुर में पालीघाट के निकट एक घड़ियाल रियरिंग सेंटर की स्थापना की जा रही है।

### ये रहे उपस्थित

समारोह में विधायक महेंद्र पाल मीणा, अतिरिक्त मुख्य सचिव वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन श्रीमती अपर्णा अरोड़ा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक अरिजीत बनर्जी, शासन सचिव सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार श्रीमती अर्चना सिंह, बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रबंध निदेशक निधु सक्सेना सहित संबंधित विभाग के अधिकारीगण एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# बुनियादी ढांचे को राज्य सरकार का उत्कृष्ट कार्य : मुख्यमंत्री फडणवीस



**मुंबई।** महाराष्ट्र एक प्रगतिशील राज्य है और राज्य में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को पूरा करने के लिए बैंकों का हमेशा सहयोग मिला है। राज्य में सड़कों की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए, सड़क विकास के लिए योजना बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। समृद्धि महामार्ग जैसी सफल बुनियादी ढांचा परियोजनाओं ने कई बैंकों को राज्य में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए ऋण देने के लिए प्रेरित किया है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य सरकार का बुनियादी ढांचा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य बैंकों के लिए भरोसेमंद साबित हो रहा है और बैंकों से आगे भी ऐसा ही सहयोग मिलता रहेगा। महाराष्ट्र राज्य आधारभूत संरचना विकास महामंडल की समीक्षा बैठक विधान भवन में मुख्यमंत्री फडणवीस की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में लोक निर्माण मंत्री शिवेंद्र राजे भोसले, वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव ओ. पी. गुप्ता, मुख्यमंत्री कार्यालय के अपर मुख्य सचिव विकास खारगे, लोक निर्माण विभाग की अपर मुख्य सचिव मनीषा म्हैसकर, प्रधान सचिव अश्विनी भिडे, सचिव (सड़क) सदाशिव सालुंखे, एमएसआईडीसी के प्रबंध निदेशक बृजेश दीक्षित, हुडको के प्रबंध निदेशक संजय कुलश्रेत्र, आईआईएफसीएल के मुख्य प्रबंधक राजकुमार राल्हन, केनरा बैंक के महाप्रबंधक आलोक कुमार अग्रवाल, पंजाब नेशनल बैंक के जनरल मैनेजर एस. राजगुरु, यूको बैंक के कार्यकारी निदेशक नितिन बोडके, बैंक ऑफ महाराष्ट्र के जनरल मैनेजर अमित कुमार शर्मा, नफेड के उपाध्यक्ष हर्षल महावरकर, पंजाब एंड सिंध बैंक के मुख्य महाप्रबंधक विनोद कुमार पांडे, और एसबीआई कैपिटल लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष असित रंजन सिकंदर सहित कई बैंक अधिकारी उपस्थित थे।

### आरबीआई से ऋण लेती राज्य सरकार

- राज्य सरकार भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मार्गदर्शन का पालन करते हुए विभिन्न बैंकों से ऋण लेती है और उसे नियमित रूप से चुकाती भी है। सड़क विकास की योजना किसी की सिफारिशों पर नहीं बल्कि वास्तविक जरूरतों के आधार पर बनाई जाती है, ताकि उच्च गुणवत्ता वाली सड़कें सुनिश्चित की जा सकें।

### बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर जोर : भोसले



"लोक निर्माण मंत्री शिवेंद्र राजे भोसले ने कहा कि महाराष्ट्र राज्य आधारभूत संरचना विकास महामंडल के तहत कई सड़क परियोजनाएं शुरू की गई हैं। संशोधित एचएएम (हाइब्रिड एन्युइटी मॉडल) परियोजनाओं का पहला चरण अच्छी प्रगति पर है। मुख्यमंत्री फडणवीस के महत्वाकांक्षी 100-दिवसीय कार्यक्रम के तहत, 34 जिलों में लगभग 5,970 किमी लंबी सड़कों का निर्माण किया जाना था, जिसे समय से पहले ही पूरा कर लिया गया है और अपेक्षा से अधिक कार्य शुरू किया गया है। ये परियोजनाएं शीघ्र ही पूरी कर ली जाएंगी।

## आपस में भिड़े मुस्लिम समुदाय के दो गुट

**बरेली।** यूपी के बरेली में शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान मुस्लिम समुदाय के दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों ओर से मारपीट और ईट-पत्थर चलने लगे। जिससे गांव में अफरातफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और आठ लोगों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। वहीं, मारपीट का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ये मामला भोजीपुरा थाना क्षेत्र के अंबरपुर का है। जहां जुमे की नमाज के दौरान प्रधान पति सोहराब खां और पूर्व प्रधान गुटों के बीच किसी बात पर विवाद हो गया। देखते ही देखते यह विवाद हिसंक रूप ले लिया। दोनों गुटों के बीच सड़क पर जमकर मारपीट हुई। लाठी-डंडों से मारपीट और जमकर पथराव हुआ। इस संघर्ष में चार लोग घायल हो गए। उधर, मारपीट की खबर मिलते ही पुलिस भी सक्रिय हो गई। आनन-फानन में मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

- एक-दूसरे पर चप्पल और पानी फेंका

# महाराष्ट्र के युवा जर्मनी में लहराएंगे परचम : लोढ़ा



जर्मनी में आयोज्य कौशल सम्मेलन के लिए कौशल विकास मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा को निमंत्रण

**मुंबई।** जर्मनी के बाडेन-वुर्टेमबर्ग राज्य के आर्थिक और राजनीतिक विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ रोजगार के अवसरों पर सकारात्मक चर्चा में कौशल, रोजगार एवं नवप्रवर्तन मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा ने विश्वास जताया है कि महाराष्ट्र के युवा जल्द ही जर्मनी में अपने हुनर का लोहा मनवाएंगे। मंत्रालय में वीडियो प्रणाली के माध्यम से मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा और कौशल विकास विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव मनीषा वर्मा सहित वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा हुई। इस अवसर पर जर्मनी में उद्योग और आवश्यक कुशल जनशक्ति पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के निदेशक राहुल रेखावार, कौशल विकास विभाग के आयुक्त नितिन पाटिल, व्यवसाय एवं प्रशिक्षण निदेशालय की निदेशक माधवी सरदेशमुख और महाराष्ट्र रतन टाटा कौशल्य विश्वविद्यालय की चांसलर डॉ. अपूर्व पालकर उपस्थित थीं।

### बाडेन-वुर्टेमबर्ग समझौता

कुशल जनशक्ति प्रदान करने के लिए जर्मनी के बाडेन-वुर्टेमबर्ग राज्य के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। तदनुसार, इस समझौते के तहत आवश्यकताओं को वर्तमान में पूरा किया जा रहा है। बाडेन-वुर्टेमबर्ग राज्य के उद्योग विशेषज्ञों का एक प्रतिनिधिमंडल 16 से 22 मार्च तक विभिन्न व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का दौरा कर रहा है।

### महाराष्ट्र के युवाओं को नहीं होगी परेशानी : मनीषा वर्मा

जर्मन प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के संबंध में कौशल विकास विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती मनीषा वर्मा ने कहा कि हम लगातार बाडेन वुटेनबर्ग के विभिन्न अधिकारियों के संपर्क में हैं। प्रतिनिधिमंडल ने इस सम्मेलन के लिए कौशल विकास मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा को भी आमंत्रित किया है। महाराष्ट्र के 880 युवा जर्मन भाषा सीख रहे हैं।

# दिल्ली-जयपुर हाईवे पर कार और ट्रक की भिड़ंत

## तीन की मौत, छह घायल

**जयपुर।** राजस्थान के कोटपुतली-बहरोड़ जिले में शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए। यह हादसा दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर कोटपुतली कस्बे में हुआ, जब एक कार और ट्रक की जोरदार टक्कर हो गई। पुलिस के अनुसार, कार सवार यात्री दिल्ली से खाटू श्याम मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे। हादसे की सूचना मिलते ही पनियाला थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने घायलों को तत्काल सरकारी बीडीएम जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां से चार गंभीर रूप से घायल लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रेफर कर दिया गया। डीएसपी राजेंद्र बुरड़क ने बताया कि दुर्घटना में जान गंवाने वाले तीन लोगों की पहचान मेरठ निवासी रेखा सिंह, पार्थ के रूप में हुई है। कार में कुल सात लोग सवार थे, जबकि ट्रक में दो लोग मौजूद थे। इस हादसे में घायल हुए लोगों का इलाज जयपुर के अस्पताल में चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, चार घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है और ट्रक चालक से पूछताछ की जा रही है। दिल्ली-जयपुर हाईवे पर लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं।



बीएसएफ की इंटेलिजेंस टीम और पुलिस की कार्रवाई

# भारत-पाक रावला बॉर्डर पर पकड़ी गई 15 करोड़ की हेरोइन

**श्रीगंगानगर।** पाकिस्तान से सटे राजस्थान की सीमा पर घुसपैठियों की गतिविधि लगातार देखी जाती है। वहीं श्रीगंगानगर जिले में भारत-पाक रावला बॉर्डर पर बीएसएफ की टीम और पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि बीएसएफ और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में यहां 15 करोड़ की हेरोइन बरामद किया गया है। बीएसएफ को 3 किलोग्राम हेरोइन मिला है, जिसकी कीमत 15 करोड़ बताई जा रही है। वहीं इस मामले में बीएसएफ इंटेलिजेंस टीम को सूचना मिली थी, जिसके बाद कार्रवाई की गई है। बताया जा रहा है कि बीएसएफ की इंटेलिजेंस की टीम को हेरोइन की सूचना मिली थी। जिसके बाद बीएसएफ और स्थानीय पुलिस ने मिलकर संयुक्त रूप से सर्च अभियान शुरू किया। हेरोइन की तस्करी के संदेह में संयुक्त टीम ने नाकाबंदी कर सर्च अभियान शुरू किया। जिसमें 15 करोड़ रुपए की तीन किलो हेरोइन बरामद की गई है।



# पीयूष गोयल उत्तर मुंबई को उत्तम मुंबई बनाने की ओर अग्रसर





91 झोपड़पट्टी वासियों को मिले पक्के घर

**मुंबई।** पश्चिम बृहन्मुंबई महानगरपालिका के आर मध्य कार्यालय में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने 91 झोपड़पट्टी वासियों को पक्के घरों की चाभियों दीं और पुनर्वास कार्य संपन्न हुआ। बोरीवली पश्चिम में महात्मा फूले नगर झोपड़पट्टी के पात्र घरों के रहवासियों को उनके अधिकार का पक्का घर मिला है। इसकी जानकारी केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने दी है। इन घरों में पानी बिजली, शौचालय की सुविधा के साथ रसोई घर का भी इंतजाम है। इस अवसर पर पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी, स्थानीय विधायक संजय उपाध्याय, परिमंडल 7 की उप आयुक्त डॉ.भाग्यश्री कापसे, आर मध्य विभाग अधिकारी संध्या नांदेडकर भी उपस्थित थे। गोयल ने पूर्व विधायक विनोद तावड़े, तत्पश्चात सुनील राणे एवं वर्तमान विधायक संजय उपाध्याय साथ ही लगातार प्रयासरत पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी के महात्मा फूले नगर झोपड़पट्टी वासियों के पक्के घरों के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। भविष्य में नए झोपड़े न बने और कोई अवैध निर्माण कार्य का अवसर न रहे तो ऐसी चेतावनी भी केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने अपने वक्तव्य में दी है।

उत्तराखंड : एक्शन में धामी सरकार

# 110 अवैध मदरसों पर लगा ताला



**देहरादून।** प्रदेश में अवैध मदरसों के खिलाफ धामी सरकार का एक्शन जारी है। अब तक 110 मदरसों पर ताला लगाया जा चुका है। प्रशासन द्वारा अवैध मदरसों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। यह मदरसे बिना सरकार की अनुमति के संचालित किए जा रहे थे। जिस पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कड़ा रुख अपनाया हुआ है। रुद्रपुर में 4, किच्छा में 8, बाजपुर तीन, जसपुर एक और हरिद्वार में दो मदरसों को सील किया गया जबकि इससे पहले देहरादून, पौड़ी में भी बड़े स्तर पर अवैध मदरसों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 92 मदरसों को सील किया जा चुका है। उधम सिंह नगर जनपद में 16 और हरिद्वार में दो अवैध मदरसों को सील कर दिया गया। अब तक पूरे उत्तराखंड में 110 मदरसों को सील किया जा चुका है। पिछले एक माह से उत्तराखंड प्रशासन द्वारा अवैध मदरसों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। धामी ने इन मदरसों पर कार्रवाई के लिए प्रशासन को फ्री हैंड दिया हुआ है, जिसका व्यापक असर भी देखने को मिल रहा है। पूरे प्रदेश में अवैध मदरसों के खिलाफ व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। प्रशासन ने इस बात की भी जांच शुरू कर दी है कि इतने बड़े पैमाने पर संचालित हो रहे इन अवैध मदरसों के पीछे किसका हाथ है और यहां पर छात्रों को किस प्रकार की तालीम दी जा रही थी। धामी का संदेश साफ है प्रदेश के मूल स्वरूप से किसी प्रकार की छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## उत्तराखंड की गहरी खाई में मिला दिल्ली के युवक का शव



पांच दिन पहले हुआ था गायब

**नई दिल्ली।** दिल्ली में पश्चिम विहार में रहने वाला विनायक 13 मार्च को अपने मित्रों के साथ यमकेश्वर घूमने आया था और घट्टू गाड़ में एक रिजॉर्ट में ठहरा था। 14 मार्च को तड़के चार बजे विनायक बिना बताए कहीं चला गया जिसके बाद से उसका पता नहीं चल रहा था। उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जनपद के यमकेश्वर में घूमने आए दिल्ली के एक पर्यटक का शव पांच दिन बाद गहरी खाई में पड़ी एक क्षतिग्रस्त कार में मिला। पौड़ी के लक्ष्मणझूला पुलिस थाने के प्रभारी निरीक्षक संतोष पैंथवाल ने को बताया कि 14 मार्च से लापता 26 वर्षीय विनायक बाली का शव काफी सड़ी-गली हालत में बुधवार को बरामद हुआ। 15 मार्च को दिल्ली के केशवपुरम की रहने वाली तिक्षिका नवल ने लक्ष्मणझूला थाने में विनायक की गुमशुदगी की रिपोर्ट में नवल ने बताया था कि दिल्ली में पश्चिम विहार में रहने वाला विनायक 13 मार्च को अपने मित्रों के साथ यमकेश्वर घूमने आया था और घटटू गाड़ में एक रिजॉर्ट में ठहरा था। 14 मार्च को तड़के चार बजे विनायक बिना बताए कहीं चला गया जिसके बाद से उसका पता नहीं चल रहा है। दोस्तों ने बताया कि उसका फोन भी बंद आ रहा है। पैंथवाल ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने नीलकंठ क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों में विनायक की तलाश की लेकिन उसकी कार और उसका कहीं पता नहीं चला।

संसद में सरकार का खुलासा

## 295 भारतीय यूएस से लौट सकते भारत

**नई दिल्ली।** अमेरिका से जल्द ही 295 और अवैध भारतीय प्रवासियों की वतन वापसी हो सकता है। इस बात की जानकारी भारत सरकार ने संसद में दी। इससे पहले, 5 फरवरी को जब अमेरिका से अवैध प्रवासियों को भारत लाया गया था, तो उन्हें कथित रूप से अपमानजनक व्यवहार और हाथकड़ी पहनाने की शिकायतें सामने आई थीं। इस मामले में भारतीय विदेश मंत्रालय ने अमेरिका के सामने अपनी चिंता व्यक्त की है। हालांकि, सरकार ने स्पष्ट किया कि 15 और 16 फरवरी को जो फ्लाइट अमेरिका से भारत आई उसमें महिला प्रवासियों को हाथकड़ी नहीं लगाई गई थी।

# जबलपुर में 30 करोड़ का धान घोटाला



17 राइस मिलर्स सहित 74 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर में बिहार के चारा घोटाले की तरह धान घोटाला हुआ है, जहां धान मिलिंग और परिवहन के नाम पर करोड़ों का फर्जीवाड़ा किया गया। इस घोटाले में अधिकारी कर्मचारी सहित 17 राइस मिलर्स सहित कुल 74 लोगों के खिलाफ 12 थानों में एफआईआर दर्ज कराई गई है। जिला प्रशासन ने कलेक्टर दीपक सक्सेना के नेतृत्व में यह अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। घोटालेबाजों ने परिवहन दस्तावेजों में भारी गड़बड़ी की। धान को ट्रकों के बजाय कार, बस, ट्रैक्टर और पिकअप जैसी गाड़ियों में परिवहन होना दिखाया गया। इतना ही नहीं, कुछ वाहन तमिलनाडु और महाराष्ट्र में चल रहे थे, लेकिन कागजों में उन्हें धान ढोते हुए जबलपुर से बाहर जाते हुए दर्शाया गया। धान मिलर्स ने 14 हजार टन धान के उठाव के लिए कुल 614 ट्रिप दिखाए।

### 2510 पन्नों की जांच रिपोर्ट तैयार

कलेक्टर दीपक सक्सेना ने 2510 पन्नों की विस्तृत जांच रिपोर्ट तैयार की है। इस रिपोर्ट में पाया गया कि 307 ऐसे वाहन नंबर इस्तेमाल किए गए जो असल में कार और बस के थे। यानी, कागजों में दिखाई गई गाड़ियां पूरी तरह से फर्जी है।

# सांवलिया सेठ मंदिर में चढ़ावे ने तोड़े सारे रिकॉर्ड

## 29 करोड़ कैश, 135 किलो चांदी और एक किलो सोना भेंट

**चित्तौड़गढ़।** मेवाड़ के सुप्रसिद्ध कृष्णधाम सांवलियाजी में भगवान श्री सांवलिया सेठ के भंडार से 29 करोड़ 09 लाख 63 हजार 292 रिकॉर्ड भेंट राशि निकली है। प्रतिमाह कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को ठाकुरजी का भंडार खोला जाता है, लेकिन इस बार होलिका रोपण होने से चतुर्दशी को ठाकुरजी का भंडार नहीं खोला गया था, जो गुरुवार को होलिका दहन के दिन डेढ़ महीने में खोला गया। भंडार से प्राप्त राशि की गणना गुरुवार (20 मार्च) को पहले दौर के रूप में की गई। पहले चरण में 7 करोड़ 55 लाख, दूसरे चरण में ठाकुरजी के भंडार से 4 करोड़ 97 लाख 20 हजार, तीसरे चरण की गणना में 4 करोड़ 72 लाख 75 हजार, चौथे चरण की गणना में 4 करोड़ 75 लाख 20 हजार और अंतिम पांचवें चरण की गणना में ठाकुरजी के भंडार से 2 करोड़ 44 लाख 79 हजार 700 रुपए की राशि प्राप्त हुई।

### देश-विदेश से आते भक्त

मंदिर की कार्यपालक अधिकारी और अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रभा गौतम ने बताया कि इस बार ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम से 29 करोड़ से ज्यादा की धनराशि और साथ सोने और चांदी के आभूषण भी बड़ी मात्रा में मिले हैं। उन्होंने बताया कि इस मंदिर की वैश्विक पहचान है जिसकी वजह से राजस्थान के अलावा मध्यप्रदेश, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और महाराष्ट्र समेत देशभर के साथ ही दुनियाभर के श्रद्धालु यहां लगातार आते हैं। इसकी वजह से यहां के चढ़ावे में भी काफी वृद्धि देखने को मिल रही है।

